CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C

मुरादाबाद, गुरुवार 30 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 254 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 11 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी विधानसभा के विशेष सत्र की तैयारी, महिला आरक्षण पर सियासी घमासान तय पेज 2



राजस्थान रॉयल्स के सूर्यवंशी ने फिर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा खेल टाइम्स




स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा सम्पादकीय



ईरान में हार से बचने को अमेरिका रास्ता तलाश रहा: अमेरिकी विशेषज्ञ पेज 12

# एग्जिट पोल: बंगाल में पहली बार भाजपा

## असम, पुडुचेरी में भी खिलेगा कमल, तमिलनाडु में टीवीके आगे व केरलम में यूडीएफ बनाएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में 6 एग्जिट पोल के नतीजे आ चुके हैं। 5 में भाजपा और एक में टीएमसी सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। मैट्रिज के एग्जिट पोल में टीएमसी को 125 से 140 और भाजपा को 146 से 161 सीटें मिलने का अनुमान है।

चाणक्य स्ट्रैटजी ने टीएमसी को 130 से 140 और भाजपा को 150 से 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पीपुल्स पल्स ने टीएमसी को 177 से 187 और भाजपा को 95 से 110 सीटें मिलने की बात कही है। प्रजा पोल ने टीएमसी को 85 से 110 और भाजपा को 178 से 200 सीटें मिलने की बात कही है। पी-मार्क के एग्जिट पोल में टीएमसी को 118 से 138 और भाजपा को 150 से 175 और सीटें दी गई हैं। पोल डायरी ने टीएमसी को 99 से 127 और भाजपा को 142 से 171 सीटें मिलने की बात कही है। असम के 8 एग्जिट पोल सामने आए हैं, सभी में भाजपा की वापसी का दावा किया गया है। एक्सिस माय इंडिया ने भाजपा को 88-100, जबकि कांग्रेस को 24-36 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। मेट्रिज ने भाजपा को 85-95 और कांग्रेस को 25-32 सीटें दी हैं। पीपुल्स पल्स ने भाजपा को 68-72 और कांग्रेस को 22-26 सीटें दी हैं। पी मार्क ने भाजपा को 82-94 और कांग्रेस को 30-40 सीटें दी हैं। जेवीसी ने भाजपा को 88-101 और कांग्रेस को 23-33 सीटों का अनुमान जताया है। चाणक्य स्ट्रैटजी ने भाजपा को 88-98 और कांग्रेस को 22-32 सीटें मिलने की बात कही है। पोल डायरी ने भाजपा को 86-101 और कांग्रेस को 15-26 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वोट वाइब ने भाजपा को 90-101 और कांग्रेस को 23-33 सीटें दी हैं। तमिलनाडु के 5 एक्जिट पोल- 4 में डीएमके+ की वापसी बताई गई है। मैट्रिज ने डीएमके+ को 122-132, एआईके डीएमके+ को 87-110 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। पी मार्क ने डीएमके+ को 125-145, एआईडीएमके+ को 65-85 सीटें दी हैं। पीपल्स इनसाइट ने डीएमके+ को 120-140, एआईण्डीएमके+ को 60-70 सीटें दी हैं। जेवीसी- टाइम्स नाउ डीएमके+ को 75-95 एआईडीएमके+ को 128-147 सीटें दी हैं। पीपल्स पल्स ने डीएमके+ को 125-145 एआईडीएमके+ को 65-80 सीटें मिलने की अनुमान जताया है।

**बंगाल एग्जिट पोल्स 2026**

कुल सीटें: 294 । बहुमत: 148

| एजेंसी | TMC | BJP | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य स्ट्रेटीज | 130-140 | 150-160 | 0-5 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-5 |
| पी मार्क | 118-138 | 150-175 | 0-0 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 1-4 |
| एवरेज | 142 | 145 | 7 |

## बंगाल में आखिरी चरण में 92 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 6 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 92फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है। यह और बढ़ सकता है।

वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और ईवीएम से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं। नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की मौजूदगी के बावजूद हालात बेकाबू दिखे। सीएम ममता ने सीआरपीएफ पर टीएमसी समर्थकों और वोटरों से मारपीट का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि सीआरपीएफ ने हमारे कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वोटरों और सेंट्रल ऑब्सर्वर लोगों को मार रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ा। टीएमसी ने आरोप लगाया कि सीआरपीएफ के हमले से हावड़ा के उदयनारायणपुर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे। केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की। बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जिन 142 सीटों पर वोटिंग हो रही है, उनमें से 123 सीटों पर टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। पहले फेज की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को रिकॉर्ड 93 फीसदी मतदान हुआ था। 4 मई को रिजल्ट आएंगे।

- **उत्तर 24 परगना में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसा**
- **दावा: हावड़ा में CRPF की पिटाई से बुजुर्ग की मौत**



## शुवेंदु अधिकारी को टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने घेरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। नादिया जिले के छपरा में भाजपा एजेंट ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया।

वहीं, शांतिपुर में भाजपा कैंप पर भी हमला हुआ। बीजपुर में निर्दलीय प्रत्याशी और काउंसलर के बीच मारपीट हो गई। श्यामपुकुर में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा उम्मीदवार रत्ना देबनाथ ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है। वहीं बंगाल में अंतिम चरण के साथ मतदान संपन्न हो गया है। अब मतगणना चार मई को होगी। इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव पूरे देश में सुर्खियों में बना रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने संबंधी आदेश फर्जी: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आदेश फर्जी है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया है। सोशल मीडिया पर वायरल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के इस कथित आदेश में दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल की कीमत में दस रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में साढ़े बारह रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। कथित आदेश में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने इस बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी की फैक्ट चैक टीम ने बुधवार को इस कथित आदेश की जांच के बाद कहा है कि यह फर्जी है और सरकार ने पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का कोई आदेश जारी नहीं किया है।

### राजस्थान में गर्मी के चलते ट्रेन के ब्रेक में लगी आग

**नई दिल्ली।** देश के कई शहर हीटवेव की चपेट में हैं। ज्यादातर हिस्सों में तापमान 40-46 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मध्य प्रदेश के देवास में गर्मी से बचने के लिए 20 कूलर के साथ बारात निकाली गई। राजस्थान के धौलपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के एक जनरल कोच के निचले हिस्से में आग लग गई। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक, गर्मी के कारण ब्रेक पैडल वाले हिस्से में आग लगी थी। ओडिशा के झारसुगुड़ा में 45.3 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा। यहां लू सेंटर बनाए जा रहे हैं, जहां ठंडा पानी और ग्लूकोज का इंतजाम होगा। यूपी के 15 शहरों में आंधी-बारिश हुई।

### गाजियाबाद में आवासीय इमारत में आग लगने से हड़कंप

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में बुधवार को भीषण आग लग जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अग्निशमन अधिकारी ने घटनास्थल से जानकारी देते हुए बताया कि दमकल कर्मियों की टीम ने तुरंत वहां पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी है। हालांकि, आग ऊंची मंजिलों तक फैल रही थी, इसलिए इस पर काबू पाने के लिए क्रेन को मौके पर लगाया और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आग के दूसरे फ्लैट तक भी फैलने की आशंका से वहां रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई है।

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर राहुल ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंडमान-निकोबार के ग्रेट निकोबार द्वीप में प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर सवाल उठाते हुए सरकार से इस पर स्पष्ट जवाब देने को कहा है। श्री गांधी ने 'एक्स' पर क्षेत्र के अपने हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रेट निकोबार के जंगल अत्यंत प्राचीन और अद्भुत हैं, जिन्हें विकसित होने में पीढ़ियां लगी हैं।

## ईरान को NPT का उपाध्यक्ष बनाने पर तिलमिलाया अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसी बीच एक दिलचस्प खबर सामने आई है। ईरान को परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह फैसला न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में चल रहे एनपीटी के 11वें रिव्यू कॉन्फ्रेंस में लिया गया। यह कॉन्फ्रेंस 5 साल में एक बार होती है।

सम्मेलन के अध्यक्ष और वियतनाम के राजदूत दो हुंग वियेत ने बताया कि ईरान का नाम 'गुटनिरपेक्ष देशों के ग्रुप' की तरफ से आया था। इस ग्रुप में भारत समेत 100 से भी ज्यादा देश हैं। अमेरिका के एक अधिकारी क्रिस्टोफर येओ ने इसे एनपीटी के लिए अपमान बताया। उनका कहना है कि ईरान लंबे समय से परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में उसे इस संगठन का अहम पद देना सही नहीं है। वही ईरान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि अमेरिका, जो खुद परमाणु हथियार इस्तेमाल कर चुका है और लगातार अपने हथियार बढ़ा रहा है, उसे दूसरों को सीख देने का हक नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 27 अप्रैल 2026 को यूएन हेडक्वार्टर में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हुई मीटिंग में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 27 अप्रैल 2026 को यूएन हेडक्वार्टर में परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हुई मीटिंग में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। परमाणु अप्रसार संधि 1970 में लागू हुई थी। यह दुनिया में परमाणु हथियारों को फैलने से रोकने की सबसे अहम व्यवस्था मानी जाती है। इस संधि का एक सीधा सौदा है, जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं हैं, वे इन्हें नहीं बनाएंगे और जिनके पास हैं, वे धीरे-धीरे उन्हें खत्म करेंगे।

- **अमेरिकी अधिकारी बोले: यह संगठन का अपमान**
- **ईरान बोला: अमेरिका हमें न सिखाए**

### तीस्ता सीतलवाड़ की अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ की पासपोर्ट रिलीज करने की अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि जब भी वह विदेश जाने का प्लान तय करेंगी, तो नई अर्जी दे सकती हैं। तीस्ता ने अपना पासपोर्ट रिलीज करने की मांग की थी। तीस्ता का पासपोर्ट 2002 के गोधरा के बाद हुए दंगों के मामलों में बेगुनाह लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर डॉक्यूमेंट्स बनाने के मामले में जमानत की शर्त के तौर पर कोर्ट में जमा किया गया था।

## सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एडवोकेट इंदिरा जयसिंह की दलीलों के जवाब में कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता।

आस्था और विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती। एडवोकेट जयसिंह ने सुनवाई के 10वें दिन कहा कि सबरीमाला मंदिर में एंट्री का फैसला अब भी लागू है। इस पर स्टे नहीं है, लेकिन मंदिर में प्रवेश नहीं मिल रहा है। जयसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसकी रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा है। हालांकि, कोर्ट कभी यह तय नहीं करता कि धर्म में क्या जरूरी है या और क्या नहीं। इसका फैसला तो धर्म ही करता है। इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम इस भूमि के सभ्यता के विकास और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसी बैकग्राउंड से संविधान के आर्टिकल 25 और 26 आए हैं। इस पर जयसिंह ने कहा कि इस पर डिबेट हो सकती है। यह क्लीन स्लेट है। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।



- **कहा: आस्था और विवेक के मामलों पर कोर्ट में बहस नहीं हो सकती**

## सौगात: पीएम ने गंगा एक्सप्रेसवे किया राष्ट्र को समर्पित

### उप्र के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने वाली लाइफलाइन साबित होगा एक्सप्रेसवे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया और इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश के अवसंरचना विकास में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया।

यह राज्य की कनेक्टिविटी और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने स्थल पर एक पौधा लगाया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ एक्सप्रेसवे पर पैदल चलकर इसके डिजाइन और विशेषताओं का जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी भी उपस्थित थे। ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे की आधारशिला दिसम्बर 2021 में स्वयं प्रधानमंत्री ने रखी थी। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह परियोजना विश्व स्तरीय अवसंरचना की दिशा में राज्य के प्रयासों को दर्शाती है। उद्घाटन से पहले, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया।




### विपक्ष को सजा देने को बहन-बेटियों ने किया रिकॉर्ड मतदान: मोदी

**हरदोई।** देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की जीत का भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाले विपक्ष की कुटिल मंशा को बहन-बेटियां पहचान गई हैं और यही कारण है कि असम, केरलम, पुडुचेरी, बंगाल और तमिलनाडु में बहनों ने रिकॉर्ड मतदान किया है। हरदोई के मल्लांवा में देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेस वे के लोकार्पण के अवसर पर श्री मोदी ने आयोजित एक जनसभा में कहा कि आज हर क्षेत्र में, हर मोर्चे पर भारत की बेटियां इतना शानदार काम कर रही हैं, तो राष्ट्र के भविष्य से जुड़े फैसलों में भी बहनों-बेटियों की भूमिका और बढ़नी ही चाहिए।

## हैरत: दिल्ली HC में वर्चुअल सुनवाई में चली पोर्न वीडियो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को वर्चुअल सुनवाई के दौरान अश्लील वीडियो चल गया। उस वक्त चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस खरिया की बेंच सुनवाई कर रही थी।

यह मामला दोपहर 12:56 बजे का है। यह साफ नहीं हुआ है कि वारदात के वक्त बेंच किस मामले में सुनवाई कर रही थी। जैसे ही पोर्न वीडियो चला, फौरान सुनवाई रोक दी गई। कुछ मिनट बाद सुनवाई दोबारा शुरू हुई, फिर पोर्न वीडियो चलने लगा। मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को दी गई है। वर्चुअल सुनवाई के दौरान कई लोग जुड़े हुए थे। इनमें एक क्षितिजीत सिंह थे। शुरुआती पूछताछ में क्षितिजीत ने दावा किया कि उसका अकाउंट अमेरिका से हैक किया गया था। उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि सुनवाई के दौरान वह अश्लील वीडियो कैसे चला। बुधवार को सुनवाई के दौरान वीडियो चलने के बाद आपका सिस्टम हैक हो गया है', का मैसेज भी स्क्रीन पर दिखाई दिया। दो बार पोर्न वीडियो चला और तीसरी बार म्यूजिक वीडियो चला। कोर्ट में 100 से ज्यादा जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हो रही थी। ये मामला उसी दौरान समाने आया।

- **स्क्रीन पर दिखा हैक का मैसेज, गाने भी बजे**

# मुठभेड़ में गौकशी का आरोपी दबोचा

## मोटरसाइकिल, तमंचा, छूरी व चापड़ आदि बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** स्थानीय पुलिस ने गौकशी की एक घटना में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को और गिरफ्तार करने का दावा करते हुए उसके पास से एक मोटरसाइकिल व पशुवध के औजार, तमंचा व कारतूस बरामद किए है।



पुलिस ने बताया कि 14 अप्रैल 2026 को सुशील कुमार पुत्र राम किशन सिंह निवासी मौहल्ला चिम्मन चांदपुर ने पुलिस को सूचना दी थी कि कुछ अज्ञात व्यक्ति ग्राम सब्दलपुर तेली के पास एक खेत में गौवंश के अवशेष पाए जाने के सम्बंध में बताए जाने पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 200/2026 धारा 3, 5, 8 गौवध निवारण अधिनियम पंजीकृत किया था। पुलिस ने इस मामले में पहले ही 16/17 अप्रैल की रात्री को वसीम, फईम, तहसीन, फरीद थाना चांदपुर निवासीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शेष फरार चल रहे तीन अन्यों में से एक आरोपी को 29 अप्रैल को मुखबिर की मिली सूचना के आधार पर ग्राम अकौंधा की नहर के पास से घेराबंदी करते समय आरोपियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते समय पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लेकिन इसी बीच उसके दो अन्य साथी फरार हो गए। गोली लगने से घायल आरोपी को पुलिस ने पहले उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का नाम अजीम उर्फ छंगा पुत्र याकूब निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला, थाना चांदपुर बताते हुए उसके पास से एक मोटर साइकिल नम्बर यूपी 20 बीएच/1372 व एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस, एक खोका कारतूस तथा पशु काटने के उपकरण, दो छुरी, एक चापड़ व एक रस्सी और नकद तीन सौ रुपए बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी अजीम उर्फ छंगा पुत्र याकूब कुरैशी का चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार अभी इस मामले में कामिल पुत्र राशिद व राशिद पुत्र जाफर निवासीगण ग्राम मिर्जापुर बेला की खोज जा रही है।

# मनरेगा कर्मियों का धरना तीसरे दिन भी जारी

## मुख्यमंत्री के नाम समस्याओं से संबंधित पोस्ट कार्ड भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में मनरेगा कर्मियों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के बैनर तले कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 'कलमबंद हड़ताल' पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम समस्याओं से संबंधित पोस्ट कार्ड भी भेजे।



प्राप्त समाचार के अनुसार प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का आरा. प है कि उन्हें पिछले कई महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मुख्य मांगों में सात महीने का बकाया मानदेय तत्काल जारी करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों ने 28 महीने का ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) उनके खातों में हस्तांतरित करने की मांग की है, जो वर्तमान में ब्लॉक के खाते में जमा है। वह कार्य के लिए मोबा. इल टैबलेट जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान मनरेगाकर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखकर अपनी मांगों को उन तक पहुंचाने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने हाथ में पोस्टकार्ड लेकर प्रदर्शन करते हुए यह स्पष्ट किया कि जब तक उनकी बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उनकी 'कलमबंद हड़ताल' जारी रहेगी।

इस धरने में नहटौर ब्लॉक के प्रमोद कुमार, अजय कुमार, सन्तपाल सिंह, मोहनवीर, मनोज कुमार, हेमेन्द्र सिंह, राहुल कुमार, कपिल कुमार, योगेश कुमार और संजीव कुमार सहित दर्जनों रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो वह अपने आंदोलन को और अधिक तेज करेंगे।

# केएस चिल्ड्रन्स एकेडमी में बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता



**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रन्स एकेडमी में बैग अरेंजमेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अध्यापकों ने विद्यार्थियों के स्कूल बैग की जांच की तथा बैग की स्वच्छता, पुस्तकों की उचित व्यवस्था, कवर एवं टाइम-टेबल के अनुसार सामग्री को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कक्षा से विजेता विद्यार्थियों का चयन किया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से कार्तिक, मरियम, अब्दुल समद, कक्षा दो में आयुष्मान, ख्याति जैन, श्लोक राय, तृषा प्रथम स्थान पर रहीं। कक्षा तीन में अभिनव, तनिष्का, नवनीत प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा चार में दिव्यांशी, वजीहा, हम्माद, कक्षा पांच में समर, अभिनव, कुंजन कक्षा कक्षा में मीत यश, धीरज, कक्षा सात में सांची, ईशी तथा कक्षा आठ श्रेया प्रथम एवं फैज द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं। कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुआ।

# महिला कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

## अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर पालिका मुख्य द्वार के सामने बुधवार को भाजपा से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विपक्ष के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान महिलाओं ने अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।



प्रदर्शन का नेतृत्व विमला देवी ने किया, जिनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं और नारेबाजी करते हुए विपक्षी दलों पर महिला विरोधी सोच अपनाने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होना आवश्यक है।

महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नीतियों की आलोचना करते हुए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण योजनाओं का समर्थन किया और उन्हें जनहितकारी बताया।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है।

प्रदर्शन में रेखा यादव, सरिता देवी, मीनाक्षी, आशा, सुशीला देवी, रूबी, हर्षमाला, मीना, प्रीति, कमल देवी, छाया, शोभा और ऊषा देवी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

# रिश्वत लेने की आरोपी महिला लेखपाल निलंबित

## जिला मुख्यालय से किया संबद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव सेढ़ी में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में महिला लेखपाल पर बड़ी कार्रवाई हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच के बाद एसडीएम स्मृति मिश्रा ने लेखपाल प्रीति राजपूत को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।

बताया जा रहा है कि 22 अप्रैल को एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें महिला लेखपाल अपने एक साथी युवक के साथ दिखाई दे रही थी। आरोप है कि युवक ग्रामीणों से रिश्वत की रकम लेकर कमरे के अंदर दरवा. जे के पीछे फेंकता नजर आया। इस दौरान वीडियो बना रहे युवक और लेखपाल के बीच कहासुनी भी हुई। ग्रामीणों के अनुसार गांव में अंबेडकर प्रतिमा स्थापना को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि लेखपाल चिह्नित भूमि पर प्रतिमा स्थापित कराने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रही थी। घटना ग्राम प्रधान के घर पर हुई, जहां बंद कमरे में पैसे लिए गए। वीडियो बनाने वाले युवक ने दावा किया कि दी गई राशि के नोटों के सीरियल नंबर भी उसके पास मौजूद हैं।

प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई, जिसमें वीडियो में लगाए गए आरोप सही पाए गए। इसके बाद एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से लेखपाल को निलंबित कर दिया। साथ ही उनके स्थान पर दूसरे लेखपाल को गांव का चार्ज सौंप दिया गया है।

# एमडी कॉलेज में टैलेंट हंट परीक्षा

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमडी ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला जाटान स्थित कॉलेज परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के राजकुमार शर्मा प्राचार्य नांगल जट इंटर कॉलेज ने दीप प्रज्वलित करके किया गया। परीक्षा में प्रथम स्थान धनाक्षी जीजीआईसी झालू, द्वितीय स्थान स्वयोग आर्य डीएवी इंटर कॉलेज बिजनौर एवं तृतीय स्थान सिद्धांत सिंह नांगल जट इंटर कॉलेज द्वारा प्राप्त किया गया। स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान राम चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. विदित चौधरी एवं सचिव श्रीमती दीपा चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रतियोगी कार्यक्रम प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित शुभम कालखंडे, जयदीप चौधरी, जयवीर सिंह, मयंक शर्मा, आरती चौधरी, लक्ष्मी कश्यप, प्रगति राठी, खुशबू जेहरा, शिवाली राठी आदि अन्य शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।

# जन आक्रोश पदयात्रा निकाली

## विपक्ष का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** नगीना विधानसभा के किरतपुर ग्रामीण मंडल में नारी शक्ति बंधन अधिनियम लोकसभा में पारित न होने के विरोध में जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई।



मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा ने कहा कि महिला आरक्षण के बिल का संसद में विपक्ष द्वारा विरोध किया गया। यह देश की नारी शक्ति का अपमान है। विपक्ष महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास कर रहा है। आधी आबादी आगे से बिल का विरोध करने वाली पार्टियों को वोट नहीं देगी। इस अवसर पर विपक्ष का पुतला फूंका गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मलिक, आकाशदीप, विक्रांत चौधरी, शिवलाल, जितेंद्र सिंह, राखी शर्मा, सोनू सैनी, योगेंद्र सिंह, रश्मि रानी, सर्वेश देवी, बृजेश देवी, श्यामवती, स्वीटी, शिखा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय पर्यटकों को भा रही अनजान और शांत जगहें: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, वार्ता**

छुट्टियां बिताने के लिए पसंदीदा स्थान चुनने के भारतीय पर्यटकों के मानदंड बदल रहे हैं और अब वे एसी जगहों पर जाना चाहते हैं जहां कुछ नया अनुभव मिले और बहुत ज्यादा लोग न जाते हों। ब्रितानी सर्च एग्रीगेटर एवं ट्रेवल एजेंसी स्काईस्कैनर की यहां मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 81 प्रतिशत भारतीय पर्यटकों को नई जगहों पर जाने से कोई गुरेज नहीं है जबकि 60 प्रतिशत से अधिक लोग कम भीड़-भाड़ वाली शांत जगहों को पसंद करते हैं।

स्काईस्कैनर के भारतीय कारोबार के प्रमुख नील घोष ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पहले जहां लोग ज्यादातर ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते थे, जो

### प. एशिया संकट से लोगों ने अपने गंतव्य बदले

प्रसिद्ध हों या लोकप्रिय हों, वहीं अब वे ऐसी जगहों को तरजीह दे रहे हैं जहां कम लोग जाते हैं, जहां कुछ नया अनुभव मिले और बिल्कुल अनजान जगहों पर जाने से भी नहीं कतराते हैं। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे और नए पर्यटन स्थलों के उभरकर सामने आने का एक कारण यह भी है कि पहले जहां ये जगहें दुर्गम थीं अब इनके लिए परिवहन सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं। श्री घोष का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण लोगों ने अपने गंतव्य जरूर बदले हैं, लेकिन छुट्टियों पर बाहर जाना पूरी तरह टाला नहीं है। उन्होंने कहना है कि आम तौर पर भी अब पर्यटक अपने गंतव्य और समय को लेकर काफी लचीलापन दिखा रहे हैं। यही कारण है कि 48 फीसदी भारतीय पर्यटक अब नॉन-पीक टाइम यानी उन दिनों में भी सफर करने के लिए तैयार हैं, जब भीड़ ज्यादा नहीं होती। रिपोर्ट के अनुसार एक-तिहाई लोग छुट्टी रद्द करने की बजाय अपना गंतव्य बदलने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट लॉन्च के मौके पर होस्टल चेन जोस्टल और जो वर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविरल गुप्ता ने बताया कि अब काफी पहले योजना बनाने की बजाय लोग अंतिम समय में यात्रा के लिए ज्यादा बुकिंग कर रहे हैं। लगभग आधे पर्यटक अब उसी दिन या यात्रा से एक दिन पहले बुकिग करते हैं। उन्होंने कहा कि अब यात्रा छुट्टियां मनाने के कहीं बढ़कर जीवनशैली में शामिल हो चुका है।

# प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित हो रहे एक्सप्रेसवे: योगी

**हरदोई, वार्ता**

देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा।





मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे। डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से प्रदेश के इस बड़े इंफास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट 'गंगा एक्सप्रेसवे' का भव्य उद्घाटन आज संपन्न हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में जिस एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी, आज वही परियोजना लोकार्पण के साथ साकार रूप ले रही है। योगी ने हरदोई की पावन धरती को भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी आस्था की भूमि बताते हुए कहा कि इसी पवित्र स्थल पर यह एतिहासिक अवसर प्राप्त होना गौरव का विषय है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में भी भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्यों को निरंतर गति देने और समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने का जो विजन प्रधानमंत्री ने प्रदेश को दिया था, आज वह पूरी तरह साकार होकर हमारे सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार होते देख रहा है, तब 'नए उत्तर प्रदेश' में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को स्पष्ट नीति, साफ नीयत और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ धरातल पर उतारने का परिणाम है। 2017 से पहले प्रदेश परिवारवाद, जातिवाद, दंगों, अराजकता, कर्फ्यू और माफिया राज के माहौल से जकड़ा हुआ था, जहां विकास, रोजगार और निवेश की कल्पना भी मुश्किल थी। लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाईवे, जिला मार्गों और ग्रामीण सड़कों का लगभग चार लाख किलोमीटर का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है। इसके साथ ही इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को मजबूत करते हुए हर जिला मुख्यालय को चार लेन और प्रत्एक ब्लॉक व तहसील मुख्यालय को चार लेन व दो लेन सड़कों से जोड़ने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होने कहा कि देश की पहली रैपिड रेल का दिल्ली-मेरठ के बीच उद्घाटन कर प्रधानमंत्री ने दूरियों को सिमटाने का एतिहा. सिक कार्य किया है। उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास आज जमीन पर एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, इनलैंड वॉटरवेज, मेट्रो और रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के रूप में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, जो डबल इंजन सरकार की ताकत का प्रमाण हैं।

# प्रेम प्रसंग में युवक की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम जुलाहपुरा के जंगल में आज सुबह एक 26 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के सिर में गोली मारकर हत्या की गई है। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने उसकी प्रेमिका बताई जा रही महिला और उसके पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि आज सुबह करीब 8:30 बजे पुलिस को जुलाहपुरा के जंगल में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के सिर पर गोली के निशान मिले। शव के पास ही उसकी बाइक और जेब से मोबाइल बरामद हुआ। जिससे उसकी पहचान अनुज (26 वर्ष) पुत्र विनय के रूप में हुई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



## प्रेमिका और उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मृतक की मां विमला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि ग्राम भनेड़ा, किरतपुर निवासी शोभा ने अनुज को अपने प्रेम जाल में फंसा रखा था। वह अक्सर अनुज से रुपयों की मांग करती थी। विमला का दावा है कि करीब पांच महीने पहले रुपए न देने पर शोभा ने अनुज के खिलाफ नजीबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके चलते उसे जेल जाना पड़ा था। परिजनों के अनुसार, अनुज चार दिन पहले घर से निकला था। कल शाम उसने अपनी मां को फोन कर बताया था कि शोभा उसके साथ झगड़ा कर रही है। आज सुबह उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने विमला की तहरीर पर आरोपी शोभा और उसके पति सत्येंद्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस जांच के अनुसार मृतक अनुज अपनी मां विमला के साथ बिजनौर में किराए के मकान पर रहता था। विमला ने तीन शादियां की हैं और वर्तमान में वह अपने तीसरे पति विनय कुमार से अलग रह रही है। अनुज कोई स्थाई काम नहीं करता था और अक्सर नजीबाबाद आता-जाता रहता था। पुलिस अब कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था करें: डीएम

## समीक्षा बैठक में गर्मी से राहत के लिए बस स्टैंड पर शेड लगाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने गर्मी के दृष्टिगत आमजन को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर के प्रमुख चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही पेयजल स्थलों की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर टीन शेड लगाकर छाया की व्यवस्था भी की जाए, जिससे राहगीरों को धूप से राहत मिल सके। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत संचालित गोशालाओं का नियमित निरीक्षण करें तथा गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल, चारा, छाया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गोशालाओं में साफ-सफाई, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि किसी प्रकार की लाप. रवाही न हो। साथ ही गोशालाओं में पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे निगरानी प्रभावी रूप से की जा सके।

उन्होंने पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित जल टंकी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। इसके साथ ही



नगर क्षेत्रों में नियमित एवं सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां कहीं भी पेयजल आपूर्ति में बाधा आ रही है, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करते हुए नागरिकों को पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को योजना का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं की पहचान कर उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे अपने व्यवसाय को सुदृढ़ कर सकें। साथ ही आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए समयबद्ध स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता देते हुए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कूड़ा उठान, डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं कचरा निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कर वसूली की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को राजस्व संग्रह बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं खराब लाइटों को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गन्ने ने लदी ट्रैक्टर ट्राली व कार की जोरदार टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-734 पर रायपुरी बस स्टैंड के पास मंगलवार रात्रि एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कार और गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में कार सवार और ट्रैक्टर पर मौजूद तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फतेहपुर धारा थाना रेहड़ निवासी बलबीर सैनी पुत्र पप्पू सैनी मंगलवार रात अपनी कार से डिलारी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे रायपुरी बार्डर के पास पहुँचे, विपरीत दिशा से आ रही गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी कार की सीधी टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे में कार चालक बलबीर सैनी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनके साथ-साथ ट्रैक्टर पर सवार दो अन्य लोग राजेश पुत्र हरि सिंह और पाकेश पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम अंगदपुर थाना रेहड़ भी गम्भीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत पास के एक निजी चिकित्सालय भर्ती कराया। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर सुचारू कराया। हादसे के बाद पुलिस ने वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम के दौरे को लेकर तैयारी जोरो पर

## चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार आगामी दो मई को मुख्यमंत्री क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी स्थित बढ़ापुर के विधायक कुंवर सुशांत सिंह के निवास पर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा स्थल के समीप हेलीपैड निर्माण के लिए जेसीबी और ट्रैक्टरों से भूमि समतलीकरण का कार्य तेजी से जारी है। धूप और बारिश से बचाव हेतु स्टील मेटल का फोल्डिंग पंडाल तैयार किया जा रहा है। जिसमें दर्जनों मजदूर दिन-रात जुटे हुए हैं। नगर



पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर नेशनल हाईवे तक मार्ग के दोनों ओर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। ऐसे में प्रशासन हर व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। सभा स्थल पर व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए कार्यकर्ता लगातार मौजूद हैं।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ग्राम-ग्राम जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और अधिक से अधिक लोगों को सभा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरे को विपक्ष वर्ष 2027 के चुनावी दृष्टिकोण से भी देख रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार निराला, डॉ. खालिद अख्तर और फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि सभा के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षित चिकित्सा व्यवस्था तैयार कर ली गई है।

## एक नजर

### आशीष गुप्ता बने नगर महामंत्री



**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद के सदस्यता अभियान को जारी रखते हुए आज बिजली ठेकेदार आशीष गुप्ता को नगर महामंत्री मनोनीत किया गया। संगठन के पदाधिकारी ने कहा कि आशीष गुप्ता हमेशा व्यापारी वर्ग की सेवा, सुरक्षा एवं समान हित में कार्य करेंगे। साथ ही नौ मई को संगठन की वर्षगांठ बनाई जाएगी।

### ठंडा पेयजल वितरण



**नजीबाबाद।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विध्या टेलीलिंक लिमिटेड द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए वर्कर्स एवं राहगीरों के लिए ठंडा पेयजल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को हीट स्ट्रेस से बचाव के प्रति जागरूक करना एवं 'सेफ्टी फर्स्ट' का संदेश देना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को गर्मी में सुरक्षित रहने के उपाय बताए और नियमित रूप से पानी पीने की अपील की। साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी शाने अब्बास एवं प्रबंधक कौशल सिंह के साथ-साथ सीनियर जीएम संजय हंडू, नरपाल कुमार, नीरज, कृष्णानंद तथा छतरपाल सिंह (साइट इंजीनियर) भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया और लोगों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**नूरपुर।** भाकियू टिकैत के ब्लाक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने स्थानीय पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव पीपला जागीर निवासी मोनू चौधरी उनसे रंजिश रखता है। जिसकी वजह से उसने सोशल मीडिया ग्रुप के माध्मय से एक शराब की दुकान पर सेल्समैन से झगड़ने की बात कहते हुए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। जबकि ऐसा कोई घटना ही नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस से जांच करा कर अपनी प्रतिष्ठा में कमी के लिए मानहानि की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खालियापार निवासी हिमांशु कुमार पुत्र मनोज कुमार के साथ दबंगों ने दबंगई दिखाते हुए मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस चौकी पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने दबंगों के खिलाफ तहरीर मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# नगीना-नहटौर मार्ग का करोड़ों का टेंडर लेकर चैन की नींद सोई कंपनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नहटौर मार्ग के चौड़ीकरण का सपना देख रही जनता की उम्मीदों पर निर्माण एजेंसी ने पानी फेरना शुरू कर दिया है। शासन से करोड़ों का बजट और काम का ठेका मिलने के बाद भी श्प्रीति बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेडश ने धरातल पर एक ईंट तक नहीं सरकाई है। लोक निर्माण विभाग ने इस भारी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए निर्माण एजेंसी की क्लास लगा दी है और आर-पार की कार्रवाई का अल्टीमेटम जारी किया है।

हैरानी की बात यह है कि सड़क को 3.50 मीटर से 7 मीटर चौड़ा करने का अनुबंध 24 मार्च को ही हो चुका था। नियमानुसार, जिस दिन साइन हुए, उसी दिन से मशीनों को गरज जाना चाहिए था।

अधिशासी अभियंता (निर्माण खंड-2) शैलेंद्र सारस्वत ने नोटिस जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि विभाग अब और ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल मशीनरी और लेबर ग्राउंड पर नहीं उतरी, तो कंपनी पर 'लिक्विडेटेड डैमेज' (भारी जुर्माना) ठोक दिया जाएगा। विभागीय सख्ती से साफ है कि अब लापरवाही करने वाली कंपनियों की खैर नहीं।

इस मार्ग के चौड़ीकरण में हो रही देरी का सीधा खामियाजा क्षेत्रीय जनता भुगत रही है। संकरी सड़क पर आए दिन लगने वाले जाम और जर्जर हालत ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या सरकारी नोटिस के बाद ठेकेदार की नींद खुलेगी या फिर जनता को अभी और महीनों तक इस बदहाली का शिकार होना पड़ेगा?

अधिशासी अभियंता नजीबाबाद एस.के. सारस्वत ने कहा कि समय सीमा बीतने के बाद भी काम शुरू न करना अनुबंध का उल्लंघन है। हमने निर्माणदायी संस्था को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगर सुधार नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नायब नाजिर की मौत

## घरेलू विवाद के बाद खुद को मारी थी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र की इंद्रलोक कॉलोनी में घरेलू विवाद के चलते खुद को गोली मारने वाले नायब नाजिर की इलाज के दौरान मौत हो गई। 50 वर्षीय संजीव चौधरी उर्फ महावीर ने सोमवार दोपहर अपने आवास पर लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी। बुधवार को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

चांदपुर तहसील में नायब नाजिर के पद पर तैनात संजीव चौधरी को गोली लगने के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई थी। सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था।

पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें पत्नी से विवाद को इस कदम का



कारण बताया गया है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से 12 बोर की डबल बैरल बंदूक और 32 बोर की पिस्टल भी बरामद की थी। संजीव चौधरी पूर्व में डीएम कार्यालय में पेशकार के पद पर भी कार्यरत रह चुके थे। मालूम हो कि संजीव चौधरी करीब पांच-छह वर्ष पूर्व भी तनाव के चलते अपने पैर में गोली मार चुके थे। इस बार उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मौत हो गई।

# नहटौर सीट पर डॉ. यशवंत सिंह का फोकस

## पूर्व सांसद ने कहा-जनता में मौजूदा प्रतिनिधि को लेकर नाराजगी, विकास के लिए सक्रिय राजनीति जरूरी

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** विधानसभा चुनाव में अभी करीब एक साल का समय शेष है, लेकिन जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। नगीना के पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने एक बार फिर नहटौर विधानसभा सीट पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। क्षेत्र में लगातार दौरे और जनसंपर्क के बीच उन्होंने अपने राजनीतिक इरादे भी स्पष्ट किए हैं। प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश-

**सवाल:** आप लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं, भविष्य को लेकर आपकी क्या योजना है?

**जवाब (डॉ. यशवंत सिंह):** मैं सन् 2000 से लगातार राजनीति में सक्रिय हूं और 2002 में पहली बार विधायक बना था। एक राजनीतिक व्यक्ति कभी शांत नहीं बैठता, वह हमेशा जनता और क्षेत्र के बीच रहता है। मैं भी लगातार अपने क्षेत्र में सक्रिय हूं और जनता के संपर्क में हूं।

**सवाल:** नगीना लोकसभा क्षेत्र में आपके पिछले चुनावों के अनुभव को आप कैसे देखते हैं?

**जवाब:** मैंने अपने कार्यकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर बनाए रखा। लेकिन 2019 में सपा, रालोद और बसपा के गठबंधन के बावजूद भी भाजपा के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण थी। इसके बावजूद मैंने 2014 की तुलना में 50 हजार अधिक वोट प्राप्त किए, हालांकि चुनाव हार गया।

**सवाल:** इस बार आप किस विधानसभा सीट पर फोकस कर रहे हैं?

**जवाब:** जनपद में दो सुरक्षित सीटें हैं- नगीना और नहटौर। भाजपा के नजरिए से नहटौर बेहतर सीट है और मेरा फोकस




पहले भी इसी सीट पर था। पिछली बार भी मैंने यही सीट मांगी थी, लेकिन पार्टी के निर्देश पर नगीना से चुनाव लड़ा। इस बार भी मेरा पूरा फोकस नहटौर पर ही है।

**सवाल:** क्षेत्र की मुख्य समस्याएं क्या हैं?

**जवाब:** हर विधानसभा में समस्याएं होती हैं, लेकिन मुख्य मुद्दा यह है कि जनता में मौजूदा जनप्रतिनिधि को लेकर नाराजगी है। मैंने अपने कार्यकाल में अधिकतम विकास कार्य कराए और जनता को लाभ पहुंचाया। अगर मुझे फिर मौका मिलता है, तो और बेहतर काम कर सकता हूं।

**सवाल:** क्या 2024 के चुनाव में टिकट कटने का बदला लेने की मंशा है?

**जवाब:** ऐसा कुछ नहीं है। मैंने पार्टी के निर्णय का हमेशा सम्मान किया है और आगे भी करूंगा। टिकट मांगना हर कार्यकर्ता का अधिकार है, लेकिन अंतिम फैसला पार्टी का होता है। मैं किसी के खिलाफ नहीं हूं।

**सवाल:** अगर मौजूदा विधायक का टिकट कटता है तो उनका क्या होगा?

**जवाब:** यह पूरी तरह पार्टी का निर्णय है। पार्टी उन्हें एमएलसी बनाए या कोई अन्य जिम्मेदारी दे, यह संगठन तय करेगा। वे बड़े नेता हैं, तीन बार विधायक रह चुके हैं और लोकसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।

**सवाल:** क्या आप दूसरी सीट से चुनाव लड़ने को तैयार हैं?

**जवाब:** मेरी प्राथमिकता नहटौर सीट है और मैं उसी पर फोकस कर रहा हूं। दूसरी सीट पर जाने की फिलहाल कोई इच्छा नहीं है।

डॉ. यशवंत सिंह के इस बयान के बाद नहटौर विधानसभा सीट पर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक ओर जहां उन्होंने अपनी दावेदारी स्पष्ट कर दी है, वहीं मौजूदा विधायक के साथ संभावित टकराव की स्थिति भी बनती नजर आ रही है। आने वाले समय में पार्टी का फैसला इस सीट की राजनीति की दिशा तय करेगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दोषियों को सजा दिलवाने की मांग

## डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्याय पार्टी की जिला इकाई ने जनपद गाजीपुर के थाना कराड़ा अन्तर्गत ग्राम कटरिया में नाबालिग निशा विश्वकर्मा के साथ हुए दुष्कर्म एवं उसकी हत्या के दोषियों को सजा दिलवाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज न्याय पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में इकट्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम कटरिया



निवासी सियाराम विश्वकर्मा की नाबालिग बेटी निशा विश्वकर्मा की दबंगों द्वारा बलात्कार के बाद हत्या कर शव गंगा नदी में फेंक दिये जाने का मामला सामने आया हैं। पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा निशा विश्वकर्मा के साथ हुई घटना में परिजनों से जानकारी लेने ग्राम पहुंचे थे। जहां उन पर ग्राम के दबंगों द्वारा पथराव किया गया। पथराव में पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हुए तथा उनके साथ गए कार्यकर्ता भी घायल हो गए।

ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की गई। निशा विश्वकर्मा के हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सजा दिलवाई जाए। निशा विश्वकर्मा के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिलाया जाए। पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाने, पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के ऊपर हमला करने वाले दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजे जाने, संबंधित थाना अध्यक्ष के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही किए जाने और उत्तर प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था को सुधार किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव राजेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार धीमान, सुनील पाल, महेश चंद्र, सुरेंद्र धीमान, रईस अहमद, विनोद कुमार प्रकाश धीमान, सुरेंद्र धीमान जोगेंद्र पाल सिंह, वीरेंद्र कुमार शर्मा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, राजीव एड., हृदेश शर्मा आदि शामिल थे।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम पर आवारा कुत्तों का हमला

## प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर के मौहल्ला तकीयागढ़ी पूर्वी में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। घर के बाहर खेल रहे एक चार वर्षीय मासूम पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला तकीयागढ़ी पूर्वी निवासी नदीम अहमद का चार वर्षीय पुत्र मुसा अली अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गली में घूम रहे आवारा कुत्तों ने मासूम को अकेला देख उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह नोच डाला, जिससे उसके शरीर पर कई जगह गहरे जख्म हो गए हैं। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग तुरंत मौके पर दौड़े, जिन्हें देखकर कुत्ते वहां से भाग निकले। लहूलुहान हालत में बच्चे को तुरंत निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मौहल्ले



वासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।


# रामलीला मंच के वरिष्ठ कलाकार रामशरण शर्मा का निधन, क्षेत्र में शोक

## 95 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस, सांस्कृतिक जगत को अपूरणीय क्षति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कस्बा झालू की सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली रामलीला से वर्षों तक जुड़े रहे वरिष्ठ कलाकार रामशरण शर्मा का मंगलवार शाम को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और सांस्कृतिक जगत को बड़ी क्षति के रूप में देखा जा रहा है।

बताया जाता है कि रामशरण शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नरेश भास्कर के पिता थे। उन्होंने दशकों तक रामलीला मंचन में विभिन्न धार्मिक और पौराणिक पात्रों का



जीवंत अभिनय कर दर्शकों के दिलों में खास स्थान बनाया। उनकी संवाद शैली और मंच पर प्रस्तुति को लोग आज भी याद करते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, उनके योगदान से झालू की रामल. ीला को विशेष पहचान मिली और उन्होंने नई पीढ़ी को भी सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई।

उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर नगर के गणमान्य लोग, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और परिचित पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे। लोगों ने उन्हें सरल स्वभाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया।

परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार बुधवार को गंगा बैराज पर किया जाएगा।

# यूनिवर्सल एकेडमी का ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) परीक्षा 2025-26 में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसओएफ द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। विद्यालय के गोल्ड मेडल विजेताओं में वैष्णवी, सिमरा, कुंवरवीर, पल्लवी, अलअरहम, अली हसन, कशिश, शानवी, भूमि, शौर्य सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन




विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में आयोजित ओलंपियाड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर निरंतर उन्नति पर है।

इसके साथ ही विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए।

इस सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी व उप प्रधानाचार्य श्रीमती खुशबू कर्णवाल ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय सदैव बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करता रहेगा। प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी और उप प्रधानाचार्य श्रीमती खुशबू कर्णवाल ने भी सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों में ज्ञान, तर्कशक्ति, आत्मविश्वास तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करती हैं।

## कश्यप समाज का भव्य कार्यक्रम



**बिजनौर।** कश्यप संघर्ष समिति की विधान सभा कार्यकारिणी का आज बिजनौर में डॉ रमेश तोमर जी के आवास पर कश्यप समाज का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अथिति के रूप में डॉ. रमेश तोमर ने कहा कि भाजपा कश्यप समाज के इतिहास को खत्म करना चाहती है। इन्होंने 5अप्रैल को महर्षि कश्यप जयंती पर होने वाले राजकीय अवकाश को खत्म किया। अखिलेश यादव जी ने अपनी सरकार के दौरान 5 अप्रैल पर महर्षि कश्यप जयंती पर राजकीय अवक. ाश किया था। बी. के. कश्यप एडवोकेट ने कहा कि सपा सरकार द्वारा ही कश्यप समाज को परिभाषित कर अनुसूचित जाति का लाभ दिलाने का कार्य किया गया था, जिसे बीजेपी ने रोकने का कार्य किया। इस अवसर पर लाखन कश्यप, अभी कश्यप, रोहित कश्यप, शेर सिंह कश्यप, दिनेश कश्यप, राजकुमार कश्यप,नरेश कश्यप, कलवा कश्यप, सोनू कश्यप, जॉनी कश्यप, मोहित कश्यप, गोविन्द कश्यप, विशाल कश्यप, जितेंद्र कश्यप, शिवम कश्यप, आशु कश्यप, आदित्य कश्यप, आदि बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## नगीना में शिवम अरेस्ट

**बिजनौर।** नगीना पुलिस ने मौहल्ला लाल सराय निवासी शिवम कुमार पुत्र भूपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है। इस संबंध में नगीना की लाईन पार आजाद कॉलोनी निवासी दिलावर सिंह सैनी पुत्र पीताम्बर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# एलआरएस में मेधावियों का सम्मान समारोह

## स्मृति चिन्ह भेंट किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय एलआरएस कॉलेज ऑफ लॉ में शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह की अध्यक्षता मुंसफी नगीना के बार अध्यक्ष दीपक विश्नोई ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन फैसल मसूदी एवं अफरोज जहां ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।



कॉलेज प्रबंधन द्वारा जारी परिणामों के आधार पर विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। एल.एल.बी. तृतीय सेमेस्टर के साजिद अहमद प्रथम 72.2 प्रतिशत, नरोत्तम दास द्वितीय 70.2 प्रतिशत एवं मौहम्मद तारिक तृतीय 70 प्रतिशत रहे। एलएलबी पंचम सेमेस्टर के गौरव कुमार प्रथम 64.6 प्रतिशत, अनमोल कंसल द्वितीय 63.2 प्रतिशत एवं भूमिका नामदेव तृतीय 61.4 प्रतिशत रहे। बीए, एलएलबी तृतीय सेमेस्टर में अमरीन नफीस प्रथम, इकरा खुर्शीद द्वितीय एवं अरीबा अंसारी तृतीय रहीं। बीए, एलएलबी पंचम सेमेस्टर में सामिया मुअज्जम प्रथम, हानिया रईस द्वितीय एवं नवेदा नूर तृतीय रहीं। बीए, एलएलबी सप्तम सेमेस्टर में इकरा प्रथम, पलक द्वितीय एवं रिया शर्मा तृतीय रहीं। बी.ए. एल.एल.बी. नवम सेमेस्टर में रितिका प्रथम, आस्था सैनी द्वितीय एवं अब्दुल्लाह तृतीय रहे।

मुख्य टॉपर्स के अलावा, सभी सेमेस्टरों के उन छात्र-छात्राओं को भी विशिष्ट सम्मान दिया गया, जिन्होंने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनमें वंश वर्मा, विरेंद्र सिंह, विशाल कुमार, ललित कुमार, मौहम्मद अदीब, आतिफ, फहद, राकिब, सुहेब, तलहा, जैद अंसारी, नीतीश, राहुल देव, सौरभ कुमार, सोहन लाल, नादिर, ताजदार, ओवैस अंसारी, प्रगति बिसोई, राशि चौहान और सुहैल रफीक सहित कई अन्य नाम शामिल रहे।

इस गरिमामय अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ खान, पूर्व बार अध्यक्ष अशोक त्यागी, हेमंत कुमार, बार सचिव नईम अहमद, बुंदकी शुगर मिल के पर्सनल मैनेजर तेजपाल सिंह, कॉलेज प्रबंधक संजीव अग्रवाल मौजूद रहे।

साथ ही स्टाफ से एचओडी सुनील चौहान, अनुपम, पुनीत अग्रवाल, प्रियंका और अमित राणा सहित समस्त कॉलेज परिवार उपस्थित रहा।

# जलालाबाद व साहनपुर की जनगणना को प्रशिक्षण



## प्रगणकों व सुपरवाइजरों की नियुक्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर पंचायत जलालाबाद एवं साहनपुर की जनगणना के लिए मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील नजीबाबाद के दुष्यंत कुमार सभागार में 27 अप्रैल से तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। नगर पंचायत जलालाबाद एवं नगर पंचायत साहनपुर की जनगणना कार्य में लगाए गए कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। तीनों दिन कर्मचारियों ने उपस्थित रह कर आवश्यक जानकारियां प्राप्त की। नगर पंचायत साहनपुर में 38 ब्लॉक में 38 प्रगणकों व सात सुप. रवाइजरों की नियमित नियुक्ति की गई है।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र मो. उमैर के स्कूल प्रवेश के समय पिता का नाम ETHESHAMUDDIN दर्ज हो गया था, जो कि गलत है, जबकि अन्य दस्तावेजों अनुसार पिता का सही नाम AITESHAMUDIN है, भविष्य में यही नाम चलेगा।

Aiteshamudin S/O Badrudin

Kajijadgan, Chandpur, Bijnor



## सूचना

थाना धामपुर, जनपद बिजनौर के मुकदमा अपराध संख्या 538/24 धारा 305 ए बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शेख इस्माइल पुत्र शेख गफूर निवासी दक्षिणी दूध कलमी गुरगुरी पता नवाबपुर, थाना चंडी ताला, जिला हुगली, पश्चिम बंगाल की 84 बीएनएस प्राप्त की गई। नवाबपुर पश्चिम बंगाल की 84 बीएनएस माननीय न्यायालय से प्राप्त नोटिस को अभियुक्त के दरवाजे पर शेख साबिर पुत्र शेख शमसुद्दीन निवासी उपरोक्त व अभियुक्त की पत्नी रेशमा तारा बेगम पुत्री शेख अब्दुल कलाम निवासी उपरोक्त के समक्ष दिनांक 22.04.2026 को चस्पा किया गया व मुनादी कराई गई।


## वन्यजीवों की सुरक्षा को फ्लैग मार्च



**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व अवैध गतिविधियों को विफल करने के उद्देश्य से कालागढ रेंज, झिरना रेंज, ढेला रेंज, अमानगढ़ रेंज स्टाफ द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। फ्लैगमार्च वन विश्राम भवन कालागढ़ से प्रात: प्रारम्भ कर वन विश्राम भवन बेला में समापन किया गया। समस्त स्टाफ को उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ कार्बेट टाइगर रिजर्व के द्वारा सम्बोधित किया गया। तत्पश्चात समस्त स्टाफ को अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर व अवैध गतिविधियों को विफल करने तथा वर्तमान में वनाग्निकाल में वनाग्नि की घटना से बचाव हेतु अनेक जानकारी से विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। बाद समस्त गश्ती दल को वन विश्राम भवन कालागढ से फ्लैगमार्च शक्ति प्रदर्शन हेतु रवाना किया। संयुक्त फ्लैगमार्च के दौरान अमित कुमार ग्वासीकोटी, उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़, नन्द किशोर रूवाली वन क्षेत्राधिकारी, भानु प्रकाश हर्बोला, दीपक तिवाडी वन क्षेत्राधिकारी, उमेश चन्द्र जोशी, उप वन राजिक, महेश चन्द्र जोशी, भारत सिंह रावत, सरत सिंह बिष्ट, सन्तोष कुमार डांगी, तरूण कुमार वन दरोगा, फूल सिह वन दरोगा अमानगढ़ रेंज, वजाहद अली, श्री दीपक कुमार, नितेश कुमार मल, वन आरक्षी व स्टाफ मौजूद रहा।

# नजीबाबाद में उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही गैस

## अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों पर नहीं पड़ रहा असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद में गैस आपूर्ति की व्यवस्था में बिल्कुल भी सुधार नहीं हो पा रहा है। गैस उपभोक्ताओं को न तो होम डिलीवरी का लाभ मिल पा रहा है और न ही गोदाम से समय पर गैस मिल पा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूरे जनपद में गैस आपूर्ति की सबसे खराब व्यवस्था नजीबाबाद की है। उपभोक्ताओं को तपती धूप एवं भरी दोपहरी में कई-कई घंटे गैस एजेंसी के गोदामों पर लाइनों में लगना पड़ रहा है। अपना कारोबार व घर का काम छोड़ कर पुरुषों व महिलाओं को गैस गोदामों पर लाईन में लगना पड़ रहा है।

पूर्व में अपजिलाधिकारी ने कहा था कि किसी को भी गोदामों से गैस सिलेंडर नहीं दिया जाएगा और सिर्फ होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर मिलेंगे।




उपभोक्ताओं ने सोचा था कि अब व्यवस्था ठीक हो जाएगी और गैस की काला बाजारी नहीं होगी। मगर नजीबाबाद के गैस गोदामों के बाहर उपभोक्ताओं की भरी दोपहरी में लगी लंबी लाइनें इस बात का सबूत है कि प्रशासन व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। आज दोपहर जब वह प्रतिनिधि नजीबाबाद से रायपुर सादात जा रहा था, तो उसने देखा कि भारत गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी लाईन लगी हुई है। चिलचिलाती धूप में खुले आसमान के नीचे एक-एक सिलेंडर के लिए उपभोक्ता घंटों खड़े होने को मजबूर थे।

सवाल यह उठता है कि आखिरकार प्रशासन व्यवस्था क्यों नहीं बना पा रहा है। नियमों का पालन न करने वाले गैस एजेंसी संचालकों के खिलाफ आखिरकार कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना था कि भाजपा नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे है। वह भूखे-प्यासे घंटों लाईन में लगने को मजबूर है। पूंजीपतियों को लाईन में लगे नहीं देखा जाता है। उपभोक्ता स्थानीय जनप्रतिनिधि से काफी ज्यादा नाराज दिखाई दिए।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शाकिब व पुत्रवधू उजमा खातून मेरा कहना नहीं मानते है। छोटी-छोटी बातों को लेकर गाली-गलौच कर आमादा फिसाद होते है। मेरा पुत्र शाकिब गलत संगत में रहने लगा है। आयेदिन मेरे से अवैध पैसों की मांग करता है। पैसे न देने पर गाली-गलौच कर आमादा फिसाद होता है। उसके इस कार्य में उसकी पत्नी उजमा खातून उसका पूरा सहयोग करती है। इस लिए मैंने इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **आबिद हुसैन पुत्र मंगू खान, निवासी ग्राम पीपलसाना, थाना धामपुर, जिला बिजनौर।**

# धामपुर में महिलाओं ने पुतला फूंका

## संसद में महिला आरक्षण के पक्ष में वोट न देने पर जताया आक्रोश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सुमंगलम फार्म हाउस में भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

सम्मेलन में विधायक अशोक राणा ने कहा कि विपक्षी दलों के कारण महिलाओं को मिलने वाले आरक्षण में बाधा उत्पन्न हो रही है और इसके लागू होने में अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं को जागरूक रहने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि संगठन में महिलाओं को विशेष महत्व दिया जा रहा है और पार्टी उन्हें 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि विपक्ष के षड्यंत्र के चलते संसद में नारी शक्ति वंदन बिल पारित नहीं हो सका। जिसके विरोध में महिलाओं को सड़कों पर उतरना चाहिए।

कार्यक्रम प्रभारी एवं महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष योजना गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जिला मंत्री मिथिलेश सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र धनौरिया, ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष संध्या चौधरी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संच. ालन भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. विनीत देवरा, जितेंद्र गोयल, सरदार सतमीत सिंह मनी, सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, सुमित माहेश्वरी, मलखान सिंह, दीप सौरभ सिंह पाथ, अनिल कुमार, सीमा शर्मा, सोनिका अग्रवाल, ज्योति, शीला देवी, सुमन देवी, आशा रानी, वैशाली, संतोष, ममता सैनी, रितिका अग्रवाल सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। सम्मेलन के बाद रैली निक. ाली गई, जो पुलिस सुरक्षा में नगीना चौराहे तक पहुंची। जहां अखिलेश यादव व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

# रोडवेज बस-ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर

## आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जलालाबाद में बीती रात करीब दो बजे एक रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बस चालक, परिचालक, ट्रैक्टर चालक और कई यात्रियों सहित आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बिजनौर से आ रही रोडवेज बस की टक्कर सामने से गलत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली संख्या यूके 17 डी 2358 से हुई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में भैंस के बच्चे भरे हुए थे। घायलों को तत्काल पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर भेजा गया। नजीबाबाद थाना प्रभारी अमित कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी घायलों का उपचार जारी है। मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। घायलों में नगीना निवासी अनिल कुमार पुत्र प्रताप सिंह, कोतवाली देहात निवासी बस चालक सुमित कुमार पुत्र तेजपाल, कोटद्वार गढ़वाल निवासी संतोषी रावत पत्नी अरविंद रावत, पावोक गढ़वाल निवासी धर्मेंद्र पुत्र करण सिंह, कोटद्वार गढ़वाल निवासी संदीप नेगी पुत्र दलबीर सिंह, कोटद्वार गढ़वाल निवासी नसीम पुत्र नाजिम, पवोक गढ़वाल निवासी बलवंत सिंह पुत्र कल्याण सिंह, सतपुली निवासी रोशन जोयल पुत्र श्याम सिंह जोयल, कनखल हरिद्वार उत्तराखंड निवासी अभिषेक तिवारी पुत्र विजेंद्र तिवारी और चमोली निवासी त्रिलोक रावत पुत्र खेम सिंह शामिल हैं।

## एक नजर

### सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना स्योहारा पुलिस द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया। फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख बाजारों मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस बल ने पैदल मार्च करते हुए लोगों से संवाद स्थापित किया तथा नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नगर में शांति भंग करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना और मजबूत होती दिखाई दी। फ्लैग मार्च के चलते नगर में पुलिस की सक्रियता साफ नजर आई और लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

### आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक




**स्योहारा।** नगर के गुरुद्वारे के आसपास इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। आए दिन राहगीरों और विशेष रूप से स्कूल आने-जाने वाले मासूम बच्चों पर कुत्तों के झुंड द्वारा हमला किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे हैं। वे सबसे ज्यादा परेशान हैं। अभिभावकों को हर समय यह डर बना रहता है कि कब रास्ते से गुजरते समय आवारा कुत्ते हमला कर दें और उनका बच्चा किसी हादसे का शिकार हो जाए। इसी वजह से बच्चे डर के माहौल में स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। हाल ही में हुई एक घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई, जिसमें स्कूल से लौट रहे बच्चों की ओर कुत्तों ने दौड़ लगा दी। आसपास मौजूद लोगों की सतर्कता से बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया घटनाओं के बाद मोहल्लेवासियों में चिंता बढ़ गई है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों और बच्चों को राहत मिल सके।

### तेज धूप व लू ने बढ़ाई मुश्किलें



**स्योहारा।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। बढ़ते तापमान और लू के खतरे को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने शासन से प्राप्त एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बुधवार को सुबह मौसम में हल्का बदलाव रहा, लेकिन दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया। बाजारों व सड़कों पर लोग छाता और गमछा लेकर निकलते नजर आए। स्कूल से लौटते बच्चे भी धूप से बचाव करते दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार मई माह में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने तथा लू चलने की संभावना है। डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि लू से बचने के लिए अधिक पानी पिएं, हल्के सूती कपड़े पहनें, धूप में निकलते समय छाता या सिर ढककर निकलें तथा बासी भोजन से बचें, लू के लक्षण दिखाई देने पर व्यक्ति को तुरंत छांव में ले जाकर ठंडा करें और चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने बताया कि सीएचसी स्योहारा में हीट वेव से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। साथ ही जनता से अपील की कि शासन की एडवाइजरी का पालन करें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार लें।

### कृष्णा का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी तृतीय सेमेस्टर गृह विज्ञान फूड एण्ड न्यूट्रिशियन के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोंमेशन टैक्नोलॉजी की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। एमएससी तृतीय सेमेस्टर गृह विज्ञान फूड एण्ड न्यूट्रिशियन की छात्रा प्राची ने 8.23 एसजीपीए प्रथम, आंचल ने 7.92 एसजीपीए द्वितीय तथा स्वाति ने 7.54 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले। जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें। कॉलेज के संस्थापक निद. ेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमती ज्योति चौहान, श्रीमती प्रीति चौहान, श्रीमती मुक्ता चौधरी, सायमा खानम ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शुगर मिल टीम का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष श्री आशीष शर्मा एवं विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने जॉन नहटौर के अंतर्गत फतेहपुर असल, सीकरी और फुलसन्दा गांवों में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं पेड़ी गन्ने की फसल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पेड़ी गन्ने में वाटर शूट अधिक मात्रा में पाए गए, जिस पर अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को उन्हें कटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि गन्ने की फसल में टॉप बोरर के प्रकोप को कम करने के लिए सीटीपीआर, कोराजन, नेटजन एवं बोलियम की ड्रैंचिंग अवश्य कराई जाए।

इस दौरान फील्ड सुपरवाइजर नृपेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक करते हुए फसल की बेहतर देखभाल पर जोर दिया।

# भाजपा ने विपक्ष का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने महिला आरक्षण बिल (131वां संविधान संशोधन) का समर्थन न करने पर विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस बिल के विरोध में भाजपा ने 'जनाक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली और विपक्ष के रवैये को महिला विरोधी बताते हुए नारेबाजी की।

यह पदयात्रा नगर के संतोषी माता मंदिर से शुरू हुई। इसमें भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कई कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। पदयात्रा चौक बाजार से होते हुए कल्लूगंज पहुंची, जहां एक जनसभा आयोजित की गई और उसके बाद विपक्ष का पुतला दहन किया गया।



## 'जनाक्रोश' पदयात्रा कर जताया विरोध

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल ने विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल जैसे ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष का अड़ियल रवैया देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है। विपक्ष ने संशोधन प्रस्ताव को गिराकर अपनी मानसिकता स्पष्ट कर दी है, लेकिन देश की महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रदर्शन के दौरान बलराज त्यागी, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, मोनिका यादव, मनीष सैनी, सुनीता अग्रवाल, सुविधा भटनागर, गायत्री निराला, इंदु राजपूत, गीता राज, बिट्टू भटनागर, अभिषेक यादव, हार्दिक अग्रवाल और हिमांशु तायल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

पदयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

# विवेक विश्वविद्यालय में बीवीएससी एंड एएच कोर्स का होगा संचालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए विवेक विश्वविद्यालय अब बैचलर ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी कोर्स का संचालन करेगा। अब तक उत्तर प्रदेश में यह कोर्स मुख्यत: केवल सरकारी विश्वविद्यालयों में ही संचालित होता था, उत्तर प्रदेश के अनेकों छात्र सीट्स कम होने के कारण प्रवेश से वंचित रह जाते थे। ऐसे में निजी क्षेत्र में इस कोर्स की शुरुआत प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगी। सभी प्रवेश नीट की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे।

इस प्रतिष्ठित कोर्स के संचालन हेतु वेटरिनरी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय को अनुमति प्रदान की गई है, जो संस्थान की गुणवत्ता, संसाधनों और शैक्षणिक मानकों पर मुहर लगाती है। चिकित्सा क्षेत्र में एमबीबीएस के बाद बीवीएससी एंड एएच कोर्स देश के सबसे अधिक मांग वाले प्रोफेशनल कोर्सेज में से एक है, जिसमें रोजगार और स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। पशु चिकित्सक, पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री, अनुसंधान एवं सरकारी सेवाओं में इस कोर्स के छात्रों की लगातार बढ़ती मांग है।



## एमबीबीएस के बाद पशु चिकित्सक के इस कोर्स की सबसे अधिक मांग

विवेक विश्वविद्यालय द्वारा इस कोर्स की शुरुआत से न केवल क्षेत्र के छात्रों को अपने ही जिले में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह कदम पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय कुलाधिपति अमित कुमार गोयल ने बताया कि आधुनिक इंफास्ट्रक्चर, अनुभवी फैकल्टी और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रारम्भ हो चुके है। यह पहल विवेक विश्वविद्यालय को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# धामपुर पब्लिक स्कूल में एनसीसी चयन प्रक्रिया का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में नई छात्राओं के लिए एनसीसी चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस चयन में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह चयन टीम 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी मुरादाबाद से विद्यालय में पहुंची थी। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत छात्राओं की शारीरिक दक्षता लिखित परीक्षा, ऊंचाई एवं वजन का परीक्षण किया गया। सभी छात्राओं ने अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में सेकेंड ऑफिसर कंचन रानी का विशेष योगदान रहा। चयन के लिए आए सुबेदार विकास कुमार एवं हवलदार चंदर पाल सिंह ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।




## छात्राओं ने अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रतिभा का किया प्रदर्शन

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी न केवल अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है, बल्कि यह देश सेवा की भावना को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग्य छात्राओं का चयन किया गया। जो आगे चलकर एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगी।

# भजनों के माध्यम से बाबा बजरंगबली का गुणगान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

कालागढ़ रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक वाली गली में स्थित डॉ. एके सक्सेना के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन मां अंजनी के लाल तेरी नहीं कोई मिसाल, बालाजी तेरा नाम मोहे अच्छा लगे रे। यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजा कर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में डॉ. एके सक्सेना, नीलम सक्सेना रवि मोहन भटनागर, डॉ. करिश्मा सक्सेना, डॉ. कुशाग्र सक्सेना, नितिन सक्सेना, प्रणव सक्सेना, वेदांत सक्सेना, रूदांश सक्सेना आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति विचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तौगी राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, नरेश वत्स, नंदकिशोर रस्तौगी, संदीप भारद्वाज, निखिल अरोड़ा आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# रोडवेज बस की टक्कर से टैम्पू पलटा, चालक घायल

**शेरकोट।** ग्राम खुराड़ा निवासी छत्रपाल पुत्र रामसिंह अपने खाली मालवाहक टैम्पो से धामपुर से शेरकोट की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बस स्टॉप के पास पहुंचा, तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे साइड मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैम्पो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक छत्रपाल घायल हो गया और मौके पर ही दर्द से कराहने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसकी मदद की और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार इस हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है।

# अवैध कब्जे की शिकायत पर कार्रवाई

## राजस्व विभाग की टीम ने की भूमि की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** चामुंडा देवी मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर पैमाइश की। यह कार्यवाही चामुंडा देवी मंदिर ट्रस्ट की शिकायत पर की गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार पीर की चुंगी के पास स्थित चामुंडा देवी मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी। ट्रस्ट के अध्यक्ष चेतराम सिंह के अनुसार मंदिर की कुछ भूमि पर अवैध रूप से निर्माण व कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग की एक टीम दोपहर करीब तीन बजे मौके पर पहुंची।

टीम में कानूनगो ओमवीर सिंह, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि आदि शामिल थे। टीम ने विवादित स्थल का निरीक्षण किया और फीते से पूरी जमीन की पैमाइश की।

इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा रही और अधिकारियों ने संबंधित पक्षों से जानकारी भी जुटाई। कानूनगो ओमवीर सिंह ने बताया कि पैमाइश कर ली गई है। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# राहत की बूंदों से गिरा पारा रिमझिम बारिश से बदला मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** नगर व गुन्नौर क्षेत्र में तेज हवाओं और रिमझिम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। तापमान में गिरावट आई है और लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।

**0 भीषण गर्मी से मिली कुछ राहत**

कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच आखिरकार राहत की बूंदों ने लोगों को सुकून दिया है। बुधवार की सुबह शुरू हुई हवाओं और रिमझिम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया, जिससे तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई और लोगों को तपिश से राहत मिली।

बुधवार दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं। पिछले कई दिनों से 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा तापमान लोगों को परेशान कर रहा था। दिन में चल रही लू और चिलचिलाती धूप से जनजीवन प्रभावित हो गया था, लेकिन सुबह में बदले मौसम ने माहौल को सुहावना बना दिया। सुबह के समय भी बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे तेज धूप का असर कम हो गया और लोगों ने राहत भरे मौसम का आनंद लिया। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 4 मई तक मौसम का मिजाज मिला-जुला बना रह सकता है। इस दौरान बीच-बीच में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती है और फिलहाल हीट वेव से राहत मिलेगी। इस बारिश से किसानों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। खेतों में खड़ी फसलों को नमी मिलने से ायदा होगा, हालांकि अत्यधिाक बारिश होने पर नुकसान की संभावना भी बनी रहती है। फिलहाल मौसम सुहावना बना हुआ है और लोगों को भीषण गर्मी से कुछ दिनों के लिए राहत मिल गई है।



सम्भल- गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव के निवास पर सपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को प्रतीक चिन्ह देते।

# प्रशिक्षण के दूसरे दिन 61 प्रशिक्षु रहे गैर हाजिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों हेतु आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन कुल 34 बैचों में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण में नामित कुल 1570 कार्मिकों के सापेक्ष 1509 कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की, जबकि 61 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। इसके अलावा फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित प्रश्नावली के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, 07 मई,

**01509 कार्मिकों ने जनगणना प्रशिक्षण में की सहभागिता**

2026 से प्रारम्भ होने वाले स्व-गणना (सैल्फ एनुमेरेशन) अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को विस्तृत कार्ययोजना से अवगत कराया गया तथा इसे जन-जन तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित तहसीलों के तहसीलदार/ अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अपर जिलाधिकारी (वि.रा), प्रदीप वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कार्मिकों के विरुद्व संबंधित विभागों को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु अलग से पत्र भेजा जायेगा।

# भाजपा लागू नहीं करना चाहती महिला आरक्षण कानून

**0सपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा पर लगाए आरोप**
**0गंगा एक्सप्रेसवे घटिया क्वालिटी का होने का आरोप**
**02027 में बनेगी सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार**
**0 बबराला में व्यवसायी का जाना हाल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** सपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और फतेहपुर सांसद नरेश उत्तम पटेल जिले के दौरे पर रहे। जनपद में कई निजी कार्यक्रमों में भाग लेकर सदर विधायक के निवास पर पहुंचकर पत्रकारों से रूबरू हुए। संसद में महिला आरक्षण बिल पास न होने पर उन्होने भाजपा पर हमला बोला। उन्होने कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में पास हो चुका है। भाजपा सत्ता में है लेकिन वह इसे चाहती तो लागू कर सकती है। लेकिन भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर केवल राजनीति कर रही है,क्योंकि भाजपा हमेशा झूठ बोलती है और झूठ के सहारे ही सत्ता में बनी हुई है। उन्होने कहा कि भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष पर आरोप लगाती है लेकिन सच यह है कि भाजपा महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहती है। उन्होने महिला आरक्षण लागू करने में सपा पूरी तरह साथ रहने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि आगामी 2027 में सपा प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी, क्योंकि प्रदेश ही क्या देश की जनता भी भाजपा के झूठ को समझ चुकी है और इस बार भाजपा को जनता उखाड़ फैंकेगी। सपा सांसद ने गंगा एक्सप्रेसवे के प्रधानमंत्री द्वारा किए गए उदघाटन पर कहा कि जनता के पैसे स निमित गंगा एक्सप्रेसवे घटिया क्वालिटी का बनाया गया है। यह सब आगे आप सबके सामने आ जायेगा। इस दौरान सदर विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी यादव के पुत्र अखिलेश यादव के अलावा सईद अख्तर इसराईली, मुंशी वाहिद आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व सपा सांसद व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने गुन्नौर क्षेत्र कई निजी कार्यक्रमों ने भाग लिया। उनका सपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह स्वागत किया। नगर के व्यवसायी अतुल गोयल के आवास गये। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, अखिलेश यादव, सजल गोयल, गर्वित गोयल, जिला पंचायत सदस्य बलवंत सिंह, रविंद्र कुमार, शमीम अहमद, लालू यादव रहे।



बबराला-गुन्नौर में बाबा साहेब की शोभायात्रा में भाग लेते नरेश उत्तम पटेल।

# जनपद में उर्वरक की किसी प्रकार की कमी नहीं

**0जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की समीक्षा**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति और उर्वरक विक्रेताओं के द्वार फार्मर रजिस्ट्री के प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और अर्थ सांख्यिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में 17546 मेट्रिक टन यूरिया, 4326 मेट्रिक टन डी ए पी, 18755 मेट्रिक टन एन पी के, 42583 मेट्रिक टन कुल उर्वरक उपलब्ध है। जनपद में उर्वरक की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जबकि पाँच निजी वर्क विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं एवं 22 विक्रेताओं के विरुद्व नोटिस जारी की गई है 33 सहकारिता के विरुद्व नोटिस जारी की गई है। अब तक सहकारिता के द्वार कोई जवाब नहीं दिए जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने साक्ष्य सहित अपना पत्र सुनिश्चत रखने को दो दिन का समय दिया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया कि अभी फॉस्फेटिक उर्वरक की



सम्भल-जनपद में उर्वरक की समीक्षा बैठक लेते।

आवश्यकता कृषकों को न्यूनतम है।इसलिए फास्फेटिक उर्वरक का वितरण नियमानुसार किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उक्त उर्वरक को कृषकों के बीच वितरित किया जा सके।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति को जनपद में भ्रमण करता हुए यह सुनिश्चित किया जाए की उर्वरक की ओवर रेटिंग, टैगिंग ना हो और कृषकों को सुगमता पूर्वक उर्वरक उपलब्ध होता रहे अगर कोई भी विक्रेता के द्वार अनियमितता की जाती है तो उसके विरुद्व उचित करवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी के द्वार फार्मर रजिस्ट्री को लेकर निर्देशित किया कि उर्वरक विक्रेता अपनी पास स्टॉक रजिस्टर के साथ सेल रजिस्टर बनाकर रखेंगे। जिसमें उनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री का भी उल्लेख किया जाए जिसका समय समय पर समीक्षा होती रहेगी। जिला कृषि अधिकारी एवं उप कृषि निदेशक की उपस्थिति में उर्वरक विक्रेताओं की फार्मर रजिस्ट्री के संदर्भ में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया कि अगर उनके दुकान पर कोई क्रेता आ रहा है तो उनका रजिस्ट्रेशन किस प्रकार किया जाए और उनको उर्वरक दिया जा सके।

# जिला पर्यावरण समिति की बैठक में प्लास्टिक पॉलीथीन पर डीएम सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव द्वारा बैठक से संबंधित विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, ई- वेस्ट प्रबंधन आदि पर चर्चा की गयी। जिसमें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत,जिला पंचायत राज अधिकारी को प्लास्टिक एवं पॉलीथिन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ अधिक से अधिक कपड़े के थैले को लेकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण कराया जाए। वृक्षारोपण के लक्ष्य को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के लक्ष्य के विषय में विभाग बार जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। वृक्षारोपण के लिए गडढा खुदान के बारे में जिलाधिकारी ने जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गडढा खुदान की सूचना तीन दिन के अंदर संबंधित विभाग को दी जाए। किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आये। उन्होंने कहा कि गडढा को पर्याप्त गहराई के साथ खोदा जाए इसको प्रत्येक दशा में देख लेने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खडगवंशी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई, अपर मुख्य जिला पंचायत अधिकारी अशीष सिंह, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शैलेंद्र गौतम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## इफ्का द्वारा मृदा परीक्षण अभियान चलाकर लिए मिटटी के नमूने

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** इफको द्वारा मृदा परिक्षण अभियान चलाकर शिवम् कुमार एस एफ ए ने पचाक ग्राम के प्रगतिशील किसान क्षत्रपाल सिंह जी के खेते पे अन्य किसानो के साथ मृदा परिक्षण अभियान के बारे में बताते हुए यह जानकारी दी कि इफको के द्वारा मृदा परिक्षण नि:शुल्क किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य खेत की मिट्टी की गुणवत्ता और पोषक तत्वों की स्थिति का सही आंकलन करना है। अभियान के तहत किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र करके और प्रयोगशाला में उनकी जांच की जाएगी। जबकि मिट्टी का नमूना कैसे लें सही समय चुनाव करे फसल बोने से पहले या फसल कटाई के बाद नमूना लें ,खेत में हाल ही में खाद/उर्वरक डाला हो तो 20/25 दिन बाद नमूना लें। आवश्यक सामान खुरपी या फावड़ा साफ बाल्टी ,प्लास्टिक की थैली, मार्कर/लेबल आदि नमूना लेने की विधि खोत के 5/10 अलग-अलग स्थान चुनें। हर जगह से टी आकार में 15/20 सेमी गहराई तक मिटाी निकालें।

# गुन्नौर में निकली बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर में संविधान निर्माता भारत रत्न डा.. भीमराव अबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने वाली भव्य अबेडकर शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें नेतागण मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

नगर में शोभायात्रा ने गुन्नौर सदर बाजार, मोहल्ला सराय, मोहल्ला टँकी आदि में भ्रमण किया। इस दौरान भव्य झांकियां निकाली गयीं। इस अवसर पर धर्मेन्द्र प्रजापति,महीपाल सिंह,सरदार प्रताप सिंह,जूलियस सीजर,इंदीवर सिंह,रामौतार, रवि कुमार आदि रहे। शोभायात्रा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि यह शोभायात्रा बाबा साहब के बताए मार्ग, शिक्षा, संगठन और संघर्ष के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।सब उनके बताए सिद्वान्तों पर चलें। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी अखिलेश यादव,अमित यादव,उजेफ आदि रहे।

# सम्भावित बाल विवाह की सूचना पर एएचटी प्रभारी व थाना पुलिस ने रूकवाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भावित बाल विवाह की सूचना पर एएचटी थाना प्रभारी निरीक्षक ने थाना पुलिस के साथ बाल विवाह को रूकवाया।

अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ के आदेश के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देश के अनुक्रम में थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम मझावली थाना बनियाठेर क्षेत्र में होने जा रहे एक संभावित बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर जनपद के एएचटी थाना प्रभारी निरीक्षक मेघपाल सिंह मय हमराह व वरिष्ठ उप निरीक्षक रोशन अली थाना बनियाठेर मय हमराह एवम बाल संरक्षण इकाई द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बाल विवाह को रुकवाया गया। सत्यापन के बाद पाया कि विवाह में शामिल लड़की की आयु कानूनी आयु सीमा (उम्र 18 वर्ष) से कम थी पुलिस टीम ने बालिका के परिवारजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराकर बताया गया कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है और जिले में ऐसे किसी भी प्रयास पर आयोजन कर्ताओं तथा शादी में शामिल होने वाले लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बालिका के परिजनों ने कानून की जानकारी न होने का हवाला देते हुए लिखित में अवगत कराया कि बालिका की शादी 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ही की जावेगी आम जनता से भी अपील की गई है कि बाल विवाह की कोई भी सूचना को तुरंत स्थानीय पुलिस चाइल्ड लाइन पर दें।

# बेटियों की प्रतिभा की नई उड़ान को फुटबॉल चैम्पियनशिप आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बेटियों की प्रतिभा और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए आयोजित जिला फुटबाल चैंम्पियनशिप का कल (आज)भव्य आयोजन होगा।

**0उत्साहवर्धन को सांसद समेत मौजूद रहेंगी हस्तियां**

हिंद स्टेडियम, सम्भल में गुरूवार (आज) सुबह नौ बजे से आयोजित होने वाली चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सांसद (सम्भल) जिया उर रहमान बर्क, डा. प्रशांत, मुशीर खान तरीन, शफीक उर रहमान बरकाती, शारिक जिलानी, एवं उद्योगपति हाजी शारिक सहित शहर की कई अन्य प्रमुख हस्तियाँ मौजूद रहेंगी। जबकि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं पीटीआई अध्यापक आयोजिन में बुलाये गए है। जिला फुटबाल संघ के सचिव सय्यद शारिक हुसैन ने बताया कि सभी छात्राएं सुबह 09:00 बजे अपने अभिभावक या स्कूल शिक्षक के साथ स्टेडियम पहुँचें। अनुपस्थित रहने पर उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ यू पी एफ ए की ओर से मिलने वाले सर्टिफिकेट से वंचित रहना पड़ सकता है। कल के प्रदर्शन के आधार पर ही नेशनल टीम के लिए चयन का मार्ग प्रशस्त होगा।उन्होने सभी से मिलकर इन उभरती हुई खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने का आहवान किया है।

## पीडए पंचायत में गरजे पूर्व सपा प्रदेशाध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** विधानसभा 31 की उपविजेता एवं समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री विमलेश कुमारी द्वारा ग्राम देवरखेड़ा में आयोजित पीडीए पंचायत कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य, फतेहपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अधयक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए नरेश उत्तम पटेल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के संविधान को धीरे-धीरे कमजोर करने और बदलने की दिशा में कार्य कर रही हैउन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल के नाम पर भाजपा परिसीमन के जरिए राजनीतिक भ्रम फैलाना चाहती थी, लेकिन जब उसकी मंशा सफल नहीं हुई तो विपक्ष को महिला विरोधी बताकर झूठा प्रचार शुरू कर दिया

# यातायात पुलिस में विवाद हेड कांस्टेबिल ने टीएसआई पर लगाए गम्भीर आरोप

**0टीएसआई ने आरोपों को सिरे से किया खारिज**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**चन्दौसी।** यातायात पुलिस में तैनात टीएसआई दुष्यंत कुमार बालियान और हेड कांस्टेबल जय भगवान के बीच विवाद सामने आया है। हेड कांस्टेबल ने टीएसआई पर उत्पीड़न और अवैध रूप से ट्रकों का संचालन कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि टीएसआई ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

मामला मंगलवार पूर्वाह्न का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल जय भगवान की डयूटी बहजोई कट पर गंगा एक्सप्रेस-वे के चढ़ने-उतरने वाले प्वाइंट पर लगी थी। इसी दौरान टीएसआई दुष्यंत बालियान डडूटी चेक करने पहुंचे, जहां हेड कांस्टेबल मौके पर मौजूद नहीं मिले। इसके बाद टीएसआई ने उनकी रपट दर्ज करा दी। हेड कांस्टेबल का कहना है कि वह सुबह आठ बजे ही डडूटी पर पहुंच गए थे, लेकिन चेकिंग के दौरान उन्हें शौच के लिए पास के पेट्रोल पंप के शौचालय जाना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि इसके सबूत के तौर पर उनके पास वीडियो ुटेज भी मौजूद है।विवाद के बीच हेड कांस्टेबल का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि टीएसआई अवैध तरीके से ट्रकों का संचालन कराते हैं और चालान करने पर नाराज रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान एक डंपर का चालान करने के बाद से ही टीएसआई उनसे चिढ़े हुए हैं।वहीं, टीएसआई दुष्यंत बालियान ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि चेकिंग के दौरान हेड कांस्टेबल डयूटी प्वाइंट पर मौजूद नहीं थे, इसलिए नियमानुसार उनकी रपट दर्ज कराई गई। उन्होंने कहा कि आरोप निराधार हैं और बचाव में लगाए जा रहे हैं।प्रकरण पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में पहुंच गया है। हेड कांस्टेबल ने भी एसपी के समक्ष अपनी बात रखी है। मामले की जांच जारी है।

## भाकियू असली का बिजली घर पर धरना आज

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली का (आज)30 अप्रैल (आज) बिजली घर सम्भल में बिजली किसानों को समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन असली के सदस्यों ने धरने में पहुंचने के लिए किसानों से गांव-गांव जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क करने में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव प्रदेश प्रवक्ता जयवीर सिंह यादव, नेमपाल यादव, अमरपाल यादव, चौधारी संजीव गांधी, श्रृषिपाल सिंह, दिनेश सिरोही आदि ने सर्म्पक किया।

# रोटरी क्लब गंगा ने छात्राओं को वितरित किए हेलमेट

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर में रोटरी क्लब बबराला गंगा ने तीस छात्राओं को हेलमेट वितरित किए। साइकिल से विद्यालय आने वाली छात्राओं की सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनमें यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई। जिसमें नगर के बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज, शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज, गंगाराम स्मारक स्कूल की छात्राओं को हेलमेट वितरित किये। क्लब के संस्थापक रोटेरियन अतुल गोयल उर्फ भोला ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी छात्राओं के लिए जरूरी है जो प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर विद्यालय आते हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करना पूरे समाज का दायित्व है। रोटेरियन डा. कैलाश वार्ष्णेय ने कहा कि इस पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह सुरक्षित वातावरण में




बबराला- सड़क सुरक्षा को छात्राओं को हेल्मेट वितरित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

शिक्षा जारी रख सकेंगी। क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखेगा। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, विजय गोयल, डा. सुधींद्र कुमार, डा. कैलाश वार्ष्णेय,उमेश वार्ष्णेय विजय वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह, प्रधानाचार्य सोमेश पाठक, दीपक शर्मा, रोहित शर्मा, गर्वित गोयल आदि उपस्थित रहे।

# डिजिटल शिक्षा से जुड़ रही बेटियां

शाह टाइम्स,संवाददाता

**चन्दौसी।** बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और डिजिटल युग के लिए तैयार करने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए पी.डी. टंडन सेवा संस्थान के तत्वावधान में एवं वात्सल्य, लखनऊ के सहयोग से बेटी शिक्षा अभियान अब डिजिटल हुई उड़ान कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल, पथरा में आयोजित कार्यक्रम में 80 प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर बुलिंग से बचाव, मजबूत पासवर्ड बनाने और ई-लर्निंग प्लेटफार्म के उपयोग की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कहा कि तकनीक से जुड़कर बेटियां अपनी पढ़ाई को नई दिशा दे सकती हैं और आत्मनिर्भर बनने की राह भी आसान कर सकती हैं। अभियान के तहत 500 स्कूल ड्रॉपआउट किशोरियों को दोबारा शिक्षा से जोडने और डिजिटल रूप से सक्षम बनाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण योजना और राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष सत्र भी आयोजित किया गया। समापन अवसर पर 13 किशोरियों को 'डिजिटल साथी' के रूप में पहचान पत्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने 'पढ़ूंगी और डिजिटल सखी बनूंगी' का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आशा गोस्वामी ने किया। अध्यक्षता प्रबंधक महानंदन गौतम ने की। अंत में संस्था के हेमंत बाबू ने आभार व्यक्त किया।

**0दर्जनभर से अधिक किशोरियां बनी डिजिटल साथी**

## गुन्नौर में आज निकलेगी जनाक्रोश यात्रा

**बबराला।** नगर गुन्नौर में 30 अप्रैल (आज) सुबह 10 बजे महिला जन आक्रोश पदयात्रा निकाली जाएगी। जोकि गुन्नौर नगर पंचायत के पास तहसील तिराहा से शुरू होकर बिजली घर गुन्नौर पर आकर समाप्त होगी। कार्यक्रम की संयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू प्रजापति रहेंगी।भाजपा के सभी पदाधिकारी पदयात्रा में रहेंगे। यह जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष गुन्नौर इन्दीवर सिंह ने दी है।

## जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर ने सेक्टर-116 स्थित जिला कार्यालय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को किया गया। पार्टी के नोएडा अध्यक्ष महेश चौहान की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में महिला नेत्रियों ने विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष बिमला बॉथम और पूर्व महिला आयोग उपाध्यक्ष सुषमा सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अभियान संयोजक महेश अवाना, प्रज्ञा पाठक, कार्यक्रम संयोजक डिंपल आनंद और कार्यक्रम का संचालन शारदा चतुर्वेदी ने किया।

**समन वास्ते करारदार उमूर तनक़ीह तलब**
**(आर्डर 5 कायदा 1व 5)**
**न्यायालय सिविल जज (सी डी)**
**सम्भल स्थित चन्दौसी**
**मूलवाद सं.** 30/2025

हफीजुल्ल्ला पुत्र स्व. श्री शफीउल्ला नि. मौ. कोट गर्बी पश्चिमी सम्भल तह. व जिला सम्भल। मुददई

**बनाम**

1.मौहम्मद रफत पुत्र स्व. श्री जकीउल्ला नि. डॉ. हारून क्लीनिक के पास, मौहल्ला कोट गर्बी सम्भल, 2. शबाना फिरोज पत्नी श्री फिरोज निवासनी मौ. कोट गर्बी सम्भल तह. व जिला सम्भल। 3.मौहम्मद ताज पुत्र श्री मौहम्मद जलालुददीन निवासी बदायूँ दरवाजा कबीरकी सराय तह. व जिला सम्भल। 4.डा. हुमायूँ इकबाल पुत्र स्व. सखीउल्ला नि. मौ. कोट गर्बी सम्भल तह. व जिला सम्भल। मुददालेह

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत उद्घोषणा व आज्ञापक व्यादेश के दायर की है। लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि तारीख 29 माह 05 वर्ष 2026 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और तवाब देही करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज़ जुमला दस्तावेज़ पेश करे जिन्हे अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते हैं।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज़ मज़कूर हाज़िर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपे मन्सूख और फैसला होगा। दस्तखत मेरे व मोहर आज बतारीख 29.04. 2026 ई. को जारी किया

**आदेशानुसार**
**प्रबंधक न्यायालय सिविल जज सी.डि.**
**सम्भल स्थित चन्दौसी**

# कटघर थाना पुलिस ने दहेज हत्या मामले में आरोपी पति को किया गिरफ्तार, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना के बाद मृतका के परि. जनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है, जिसके आधार पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, हरिद्वार के नई बस्ती रेलवे फाटक भीमगोडा निवासी राजीव श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री शीतल की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र स्थित शिव बिहार कॉलोनी, डबल फाटक निवासी अमन श्रीवास्तव के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शीतल को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते



थे।पीड़ित पिता के मुताबिक, 28 अप्रैल की सुबह करीब 8 बजे शीतल की सास रानी का फोन आया, जिसमें उन्हें बेटी की मौत की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मुरादाबाद पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि शीतल के गले पर संदिग्ध निशान थे, जिससे उन्हें हत्या की आशंका हुई।राजीव श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री की साजिश के तहत हत्या की गई है। उन्होंने इस मामले में पति अमन श्रीवास्तव समेत अनुज, अंजली, शिवानी, रानी और प्रमोद को नामजद करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

इसी क्रम में कटघर थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी पति अमन श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अन्य आरो. पियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# नाबालिग छात्रों के दोपहिया वाहन पर रोक जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए 18 वर्ष से कम आयु के छात्रों के दोपहिया वाहन चलाकर स्कूल आने पर प्रतिबंध



लगा दिया है। इस संबंध में सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे और एआरटीओ प्रशासन ने स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया है कि वह 02 मई तक अभिभावक बैठकों का आयोजन कर इस नियम के प्रति जागरूकता फैलाएं। अधिकारियों का कहना है कि कई मामलों में नाबालिग छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते हुए पाए जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए संयुक्त टीमों का गठन किया गया है, जो समय-समय पर विद्यालयों के बाहर औचक निरीक्षण करेंगी। जांच के दौरान यदि कोई छात्र नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ संबंधित विद्यालय प्रशासन को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा।प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न केवल सड़क हादसों में कमी आएगी, बल्कि छात्रों और अभिभावकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

## एक नजर

# पति-पत्नी विवादों के निस्तारण को लगी परिवार परामर्श केंद्र की बैठक



**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में आयोजित हुई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक में कुल 13 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें चार मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं एक परिवार में आपसी सहमति से समझौता भी कराया गया।

इसके अलावा तीन पत्रावलियां आवेदकों द्वारा बल न दिए जाने के कारण अन्य कारणों से बंद कर दी गईं। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल रुचि तथा होमगार्ड करुणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में सावधानी बरतने की डॉ. टीएस पाल ने दी सलाह




**चन्दौसी।** अप्रैल माह में बढ़ती भीषण गर्मी और लू को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. टीएस पाल ने लोगों से सतर्क रहने और घरेलू उपाय अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। ओआरएस, नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का सेवन शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी पूरी करने में सहायक है। उन्होंने हल्का भोजन करने तथा खीरा, ककड़ी, तरबूज और खरबूजा जैसे पानीदार फलों को आहार में शामिल करने की सलाह दी। धूप में निकलते समय हल्के सूती कपड़े पहनने, सिर ढकने और जरूरत पड़ने पर चश्मा व सनस्क्रीन उपयोग करने को कहा। डॉ. पाल ने बताया कि चने का सत्तू, कच्चे आम का पन्ना, पुद. ीना-नींबू पानी और सौंफ का पानी लू से बचाव में लाभकारी हैं। दही-छाछ का सेवन बढ़ाने और तैलीय व मसालेदार भोजन से परहेज करने की सलाह भी दी। उन्होंने घर को ठंडा रखने के लिए दिन में खिड़कियां बंद और शाम को खोलने, ठंडे पानी से स्नान तथा भारी काम सुबह या शाम को करने की सलाह दी। साथ ही नीम, बेल, करंज और इमली जैसे छायादार पेड़ लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि ये तापमान कम करने और वातावरण शुद्ध रखने में मददगार हैं।

# गंगा एक्सप्रेस-वे लोकार्पण के दिन सुहाना रहा मौसम, लोगों ने कहा शुभ संकेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के दिन बुधवार को मौसम सुहाना रहने से कार्यक्रम में शामिल लोगों का उत्साह और बढ़ गया। सुबह से ही हल्की ठंडी हवा और बादलों की आवाजाही के बीच मौसम खुशनुमा बना रहा, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत मिली।

लहरावन के निकट आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने मौसम को शुभ संकेत बताते हुए कहा कि विकास की इस नई धारा की शुरुआत भी प्रकृति के आशीर्वाद के साथ हुई है। तेज धूप और गर्मी से राहत मिलने के कारण दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। स्थानीय लोगों का कहना था कि पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी के बीच बुधवार का सुहाना मौसम किसी सौगात से कम नहीं रहा। मौसम अनुकूल होने से उद्घाटन समारोह में व्यवस्थाएं भी सुचारू रहीं और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

कई लोगों ने इसे गंगा एक्सप्रेस-वे के शुभारंभ के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि जिस तरह मौसम ने साथ दिया, उसी तरह यह परियोजना भी प्रदेश के विकास को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच मौसम और विकास दोनों ही चर्चा का विषय बने रहे।

# प्रभारी मंत्री ने की कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने पुष्प एवं पुस्तक भेंट कर मंत्री का स्वागत किया और जनपद में संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में विद्युत आपूर्ति, स्मार्ट मीटर, कृषि योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, जननी सुरक्षा योजना, पंचायती राज, फैमिली आईडी, शौचालय, पर्यटन, ओडीओपी और वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। स्मार्ट मीटर को लेकर स्पष्ट किया गया कि इसे स्वेच्छा से लगवाया जा सकता है।




कृषि विभाग ने पोर्टल की तकनीकी समस्या के कारण सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग प्रभावित होने की जानकारी दी। कानून व्यवस्था समीक्षा में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस पोर्टल, गैस-तेल की रेंडम चेकिंग तथा पुलिस कार्यवाहियों की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि छोटी-छोटी शिकायतों का भी गंभीरता से निस्तारण किया जाए और पात्र व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि संभल मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है, इसलिए अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने गौशाला और सीएचसी बहजोई का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रभारी मंत्री संभल एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने विकासखंड बहजोई के ग्राम वहांपुर पट्टी स्थित निराश्रित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने गोपूजन कर गोवंश को गुड़ और केले खिलाए तथा गौशाला व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को बढ़ती गर्मी और लू के मद्देनजर टीनशेड पर घास-फूस लगवाने के निर्देश दिए, ताकि गोवंश को गर्मी से राहत मिल सके। साथ ही चारागाह भूमि को कब्जामुक्त कर वहां हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश भी दिए। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, आरबीएसके कक्ष, औषधि वितरण कक्ष और औषधि भंडार का निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत की और समस्याएं जानीं। दवा वितरण तथा एंटी वैनम की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि सीएचसी में सर्पदंश के मरीजों का समुचित उपचार किया जाता है। इस पर मंत्री ने मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार कराने को कहा। उन्होंने अस्पताल परिसर में डॉक्टरों के नाम, कक्षों की जानकारी और पर्ची काउंटर का विवरण फ्लेक्सी के माध्यम से प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को परेशानी न हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की सक्रियता से चोरी गई टाटा इंट्रा बरामद, वाहन स्वामी ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोडवेज बस स्टैंड के पास से दिनदहाड़े चोरी हुई टाटा इंट्रा गाड़ी पुलिस की सूझबूझ और सक्रियता से एक दिन बाद बरामद हो गई। वाहन मिलने पर स्वामी ने राहत की सांस ली और पुलिस, विशेषकर इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर के प्रयासों की सराहना की। आजाद रोड निवासी हर्षित शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनकी नीले रंग की टाटा इंट्रा (संख्या यूपी 38टी 9483) संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी हो गई। वाहन रोडवेज बस स्टैंड के पास खड़ा था और कुछ देर बाद गायब मिला। खास बात यह रही कि गाड़ी की चाबी हर्षित के पास ही थी, जिससे मामला और रहस्यमय बन गया था। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कंट्रोल रूम के जरिए नाकेबंदी कराई और चेकिंग अभियान शुरू कराया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संभावित स्थानों पर तलाश तेज की। पुलिस की तत्परता और रणनीति के चलते बुधवार को चोरी गई गाड़ी बरामद कर ली गई। पीडिघ्त हर्षित शर्मा ने बताया कि वाहन मिलना पुलिस की सक्रियता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर और




पुलिस टीम के प्रयासों से उनकी मेहनत की कमाई बच गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश के लिए लगातार निगरानी और चेकिंग अभियान जारी है। इस घटना में त्वरित कार्रवाई से पुलिस ने न सिर्फ वाहन बरामद किया, बल्कि लोगों में भरोसा भी मजबूत किया है।

# निजी विद्यालयों की फीस, एनसीईआरटी पुस्तकों व नामांकन अभियान पर मंथन

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबद्ध निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में शुल्क वृद्धि, एनसीईआरटी पुस्तकों का संचालन, नामांकन अभियान, ज्ञान भारतम् मिशन तथा जनगणना-2027 पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायतों पर जांच के बाद 15 विद्यालय दोषी पाए गए हैं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि संबंधित विद्यालयों से पक्ष लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। नर्सरी से कक्षा 8 तक निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों के संचालन पर भी चिंता जताते हुए एनसीईआरटी पुस्तकों का संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में नामांकन अभियान पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा 8 से 9 और 10 से 11 में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की सूची तैयार कर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने पर भी बल दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने ज्ञान भारतम् मिशन की जानकारी देते हुए कहा कि यह मिशन भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने का प्रयास है। उन्होंने लोगों से पुरानी पांडुलिपियां, डायरी व ऐतिहासिक अभिलेख साझा करने की अपील की। जिलाधिकारी ने जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना सुविधा की जानकारी देते हुए बताया कि 7 मई 2026 से 21 मई 2027 तक लोग ऑनलाइन स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, प्रभारी डीपीएमयू श्यामा कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे सम्भल के लिए विकास की नई सौगात





**शाह टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। गंगा एक्सप्रेस-वे को संभल जनपद के लिए बड़ी सौगात बताते हुए विभिन्न लोगों ने इसे विकास, व्यापार और यातायात के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। वक्ताओं का कहना है कि इस परियोजना से जनपद को नई पहचान मिलने के साथ लोगों को समय की बचत और बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि चंद्रसेन दिवाकर उर्फ छोटू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल को बड़ी सौगात दी है। गंगा एक्सप्रेस-वे से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और यात्रा में समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि जिन गांवों से एक्सप्रेस-वे गुजर रहा है, वहां विकास की नई तस्वीर देखने को मिलेगी और क्षेत्र की कायाकल्प होगी। उद्योगपति भुवनेश वार्ष्णेय ने कहा कि व्यापार की गति के लिए समय की बचत बेहद जरूरी है और गंगा एक्सप्रेस-वे इस दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे व्यापारिक गतिविधियों को बल मिलेगा और मेरठ से प्रयागराज तथा प्रयागराज से मेरठ की यात्रा कम समय में संभव हो सकेगी। वहीं दीपेश कंप्यूटर के संचालक दीपेश ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे यातायात के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेगा। बिना रुकावट और जाम के वाहन पहले से कम समय में गंतव्य तक पहुंच सकेंगे, जिससे आम लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। वक्ताओं ने कहा कि यह एक्सप्रेस-वे केवल सड़क परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की नई राह है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण! 594 किमी एक्सप्रेस-वे से सम्भल को मिली नई पहचान, लहरावन व खिरनी इंटरचेंज बनेंगे विकास के द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना का बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया। हरदोई में आयोजित भव्य कार्यक्रम के साथ जनपद संभल के चन्दौसी तहसील क्षेत्र के गांव लहरावन के निकट भी विशाल पांडाल में उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण किया गया, जहां हजारों लोगों ने इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। कार्यक्रम में होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह व रामपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने इसे उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर बताया। 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ के बीजौली गांव से प्रयागराज के जुधापुर दांडू गांव तक बने देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे में शामिल है। 6 लेन (भविष्य में 8 लेन) वाली इस ग्रीनफील्ड परियोजना पर करीब 37 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यह मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 जिलों से होकर गुजरता है। इस एक्सप्रेस-वे से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा समय लगभग आधा होकर 6-7 घंटे रह जाएगा। इससे व्यापार, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और धार्मिक यात्राओं को नई गति मिलेगी। परियोजना में नौ विश्राम क्षेत्र, सर्विस सेंटर और औद्योगिक गलियारे भी






विकसित किए गए हैं।संभल जनपद में गंगा एक्सप्रेस-वे का 38.65 किलोमीटर हिस्सा गुजर रहा है, जो जिले के लिए विशेष महत्व रखता है। लहरावन और खिरनी मोइनुद्दीनपुर में बने इंटरचेंज संभल को मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा और दिल्ली-एनसीआर से सीधे जोड़ेंगे। इससे परिवहन लागत घटेगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि एक्सप्रेस-वे से किसानों को बड़ा लाभ होगा। अब किसान अपनी उपज बड़े बाजारों तक कम समय में पहुंचा सकेंगे, जिससे बेहतर दाम मिलने की संभावना बढ़ेगी। साथ ही छात्रों और मरीजों के लिए दिल्ली, नोएडा व मेरठ जैसे शहरों तक पहुंच आसान होगी। अमरोहा और संभल क्षेत्र में विकसित हो रहे औद्योगिक हब निवेश और उद्यमिता को नई दिशा देंगे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे केवल सड़क परियोजना नहीं, बल्कि विकास, संपर्क और समृद्धि की नई धारा है, जो पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश को मजबूती से जोड़ते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देगी। संभल में इसका शुभारंभ लोगों के



लिए उत्सव जैसा रहा और इसे विकास के शंखनाद के रूप में देखा गया।

कार्यक्रम में गोपाल अंजान, परमेश्व. रलाल सैनी, चंद्रसेन दिवाकर छोटू, अंकित जैन, अजीत सिंह उर्फ राजू, अंकुर अग्रवाल, मनोज कठैरिया, तरुण नीरज, रोहित दिवाकर, राजेश सिंघल, ओमवीर सिंह खड़गवंशी, सुधीर मल्होत्रा, ब्रजेश कुमार, नगरपालिका अध्यक्षा चन्दौसी लता वार्ष्णेय, पुष्पलत पाल एड0, संगीता भार्गव दीपेश गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, अनूप मंगलम, अश्विनी सक्सेना, सीवेन्द्र, आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं एडीएम प्रदीप वर्मा, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एएसपी संभल, उपजिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी, उपजिलाधिकारी गुन्नौर आशुतोष तिवारी, उपजिलाधिकारी संभल, सीओ दीपक तिवारी, सीओ डॉ0 प्रदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी चन्दौसी धर्मराज राम, एआरपी नाजिम, एआरपी विजेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी मनोज, विजय शर्मा, राहुल गुप्ता, संजय गणेशपुर, सीमा रानी, मलिका तब्बसुम, हिना तब्बसुम, सफाई निरीक्षक चन्दौसी ऋषभ कुमार, लेखपाल अनुराधा शर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसमें छात्रा दिव्या, वैष्णवी, दीक्षा शर्मा, शिवांगी शर्मा, कु0 आराध्या, कु0 रीनू, गुडिया, उपासना, फौजिया आदि रहीं।

# रोडवेज कर्मियों की ईमानदारी: लाखों रुपये का सामान लौटाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रोडवेज कर्मियों की ईमानदारी की मिसाल सामने आई है। अलीगढ़ से मुराबाद तक का सफर करने वाली महिला का खोया हुआ सामान पीतलनगरी डिपो के स्टेशन इंचार्ज ने सुरक्षित लौटा दिया। बैग ने लगभग आठ लाख रुपये से ज्यादा के सामान था।

अमरोहा को कालाकुआ निवासी सभ्यता शर्मा अलीगढ़ से मुरादाबाद के लिए अलीगढ़ डिपो की बस यूपी 78 एलटी 3356 में वैती थी। पीतलनगरी बस स्टैंड पर पहुंची तो उनका चला कि उनका बैग किसी यात्री ने रेक से उतार कर दूसरी जगह रख दिया था।

चालक और परिचालक ने बैग को अपने कब्जे में ले लिया। महिला यात्री पीतल नगरी डिपो पहुंची और स्टेशन इंचार्ज चंद्रभान सिंह को इसकी जानकारी दी उन्होंने जानकारी मिलने के बाद पूछताछ की।

जानकारी के बाद उसे यात्री महिला को उसका सामान लौटा दिया । को उनका स्टेशन जब यात्री महिला सभ्यता शर्मा का सामान मिल गया तो सभ्यता शर्मा स्टेशन इंचार्ज चंद्रभान सिंह के अलावा बस के परिचालक महेंद्र सिंह और सत्येंद्र कुमार का धन्यवाद दिया।

# सीडीओ ने शैक्षिक संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मुख्य विकास अधिकारी जनपद मुरादाबाद के द्वारा प्राथमिक विद्यालयों फरीदपुर हमीर, मोहम्मदपुर बस्तौर एवं लालपुर हमीर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में






सकारात्मक, अनुशासित एवं प्रेरणादायक शैक्षिक वातावरण पाया गया, जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकगण पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर बस्तौर के कक्षा 2 के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी पठन एवं गणितीय दक्षता अत्यंत उत्कृष्ट पाई गई।निपुण सेल इंचार्ज सिमरन द्वारा कक्षाअध्यापिका नूरीन असलम की प्रभावी शिक्षण शैली की सराहना की गई। कक्षा 1 में ज्स्ड (शैक्षिक सहायक सामग्री) एवं आकर्षक शिक्षण वातावरण के लिए तृप्ति शर्मा की विशेष प्रशंसा की गई। कक्षा 3 एवं 4 के विद्यार्थियों की दक्षता को देखते हुए मंजू रानी एवं परवेज जहाँ के प्रयासों की सराहना की गई।एक ही कक्ष में दो कक्षाओं का सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन विद्यालय प्रबंधन की उत्कृष्ट कार्यशैली को दर्शाता है, जिसकी विशेष प्रशंसा की गई। डिजिटल संदर्शिका के प्रभावी उपयोग को निपुण टीम द्वारा प्रदर्शित किया गया, जिसे शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक बताया गया। प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर हमीर यहाँ निपुण ऐप पर किए जा रहे असेसमेंट की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।कक्षा 2 के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी एवं गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। मध्याह्न भोजन (MDM) की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार वितरण की समीक्षा की गई, जिसे संतोषजनक पाया गया। प्राथमिक विद्यालय लालपुर हमीर सभी कक्षाओं के शिक्षण कार्य का गहन अवलोकन किया गया। कक्षा 3 की अध्यापिका तस्लीम जहाँ के नवाचारपूर्ण प्रयासों की विशेष सराहना की गई।कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा इंग्लिश रीडिंग प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत की गई, जिसके लिए अंशु अग्रवाल के प्रयासों की प्रशंसा की गई। यहाँ भी एमडीए व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विद्यालयों के शिक्षकों के उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को उपहार एवं चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर हमीर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायकों की लंबे समय से अनुपस्थिति पर संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी को जांच कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

पस्थिति अपूर्ण,कोई भी बच्चा उपस्थित नहीं,सामग्री अव्यवस्थित एवं अपर्याप्त,अत्यधिक गंदगी इन गंभीर कमियों पर तीव्र असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महत्वपूर्ण निर्देशदेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 3 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी बच्चों का आंगनबाड़ी/बाल वाटिका में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। 6 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी बच्चों का कक्षा 1 में शत-प्रतिशत नामांकन कराया जाए। कोई भी बच्चा आउट ऑफ स्कूल न रहे। यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। सभी छात्र-छात्राएँ प्रतिदिन निर्धारित यूनिफॉर्म में ही विद्यालय आएँ, यह सख्ती से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी त्रिलोकीनाथ भी उपस्थित रहे।

यह निरीक्षण शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, पोषण एमडीए एवं व्यवस्थाओं के समग्र मूल्यांकन का द्योतक है, साथ ही कमियों के त्वरित सुधार हेतु स्पष्ट संदेश भी देता है।

## एक नजर

### समीक्षा बैठक में एबीएसए ने दिए सख्त निर्देश

**बिलारी।** ब्लॉक क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट



विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा इंचार्ज शिक्षकों के साथ विद्यालय संचालन, छात्र उपस्थिति, शिक्षण कार्य एवं साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान एबीएसए ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा प्रत्येक शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी के साथ शिक्षण कार्य करें। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, अभिभावकों से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने को कहा साथ ही विद्यालय परिसर की सफाई, मिड-डे मील व्यवस्था एवं अभिलेखों को पूर्ण रखने को भी कहा।

### देवी व वर्षा को मिला सृजन सम्मान

**मुरादाबाद।** यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा आज 168 वाँ सम्मान बैसवारा के कवि डॉ देवी बख्श सिंह बैस को कविता के लिए सृजन व वर्षा वर्मा को समाज सेवा के लिए सृजन प्रेरणा सम्मान हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना डॉ कमलेश शुक्ल व अध्यक्ष भ्रमर बैसवारी ने शाल व सम्मानपत्र से किया। पंकज प्रसून के



प्रारंभ द्वारा निशा सिंह नवल के संयोजन व संचालन में प्रतिभा श्रीवास्तव की वाणी वंदना के साथ हुये कविसम्मेलन में निर्मल श्रीवास्तव, सुभाष गुरुदेव, बेअदब लखनवी, तमाचा लखनवी, दीपिका, कुलदीप सिंह, सौरभ जैसवाल, योगी योगेश शुक्ल, शालिनी राय, प्रमोद श्रीवास्तव, राजीव वत्सल, रवि शंकर रवि, पारस श्रीवास्तव, अरविंद झा, जगत नारायण, विनोद शंकर शुक्ल, महेश चंद्र गुप्त, अनिता अरोड़ा, नेहा शिवम, श्रीश दीक्षित, डॉ रुद्रमणि, सुरभि सिंह, मनोज कुमार, वैरागी महाकाल, अच्युतानंद, रजनी राय,आलोक शंकर, गिरधर खरे, चंचल प्रतापगढ़ी, गोबर गणेश, अजय वर्मा, वीरपाल सिंह निश्छल ने काव्यपाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन सर्वेश अस्थाना ने किया।

### युवक पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करसरा गांव निवासी पप्पू पुत्र सियाराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 अप्रैल की शाम को उसके गांव में लगन टीके का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें गांव के ही टिंकू का डीजे बज रहा था। जब वह डीजे के पास पहुंचा तभी रंजीत पुत्र करण सिंह ने उसे देखकर गाली गलोज करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तब उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए उसके भाई को भी मारपीट कर घायल कर दिया है। पुलिस में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुनाफाखोरों ने मनमर्जी बढ़ाए फलों के दाम, आमजन परेशान

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में फलों के बढ़ते दामों को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुनाफाखोर व्यापारी मनमर्जी से रेट तय कर रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बाजार में सेब, केला, आम, संतरा सहित अन्य फलों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना किसी ठोस कारण के दामों में उछाल किया जा रहा है और कोई निगरानी नहीं होने के कारण व्यापारी अपनी मर्जी से कीमतें वसूल रहे हैं। गृहिणियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच अब फलों को खरीदना भी मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार में हो रही मनमानी पर रोक लगाई जाए और फलों के दामों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महिला संगठन की ओर से नारी




शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर रहे विपक्षी दलों के खिलाफ रामगंगा विहार मंडल में महिलाओं द्वारा जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा शांति निकेतन स्कूल से प्रारंभ होकर रामग. ंगा विहार एमआईजी ब्लॉक, ए ब्लॉक, स्टेडियम रोड और डबल स्टोरी होते हुए शांति निकेतन स्कूल पर संपन्न हुई। इस दौरान महिला कार्यकर्ता हाथों में विपक्षी दलों की महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रही थीं। महिला कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले दलों के खिलाफ नारेबाजी की।मुख्य वक्ता अमित शर्मा ने पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजा. पति ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने से पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे देश के विकास को नई दिशा मिलेगी। महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य महिलाओं के नेतृत्व में विकास को साकार करना है और आज की जन आक्रोश पदयात्रा इसी संकल्प की झलक है।

पदयात्रा में मुख्य रूप से महानगर महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, पार्षद पंकज शर्मा, बबली यादव, रेखा शर्मा, नेहा शर्मा, पूनम गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, अजय वर्मा, पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, मयंक कश्यप, अनुज शर्मा, विजय वर्मा, प्रवीण वो. हरा, नीलम गुप्ता, सरिता अग्रवाल, मनीषा शर्मा, रश्मि शर्मा, वैशाली शर्मा, गीता, गौरव पांडे, राजेंद्र पाल आदि मंडल महिला मोर्चा, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी शामिल रहे।

## तहसीलदार के व्यवहार व कार्यप्रणाली से नाराज वकीलों ने लगाए गंभीर आरोप, एक सप्ताह में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा तहसील में तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह की कार्यप्रणाली और व्यवहार को लेकर विवाद गहरा गया है। बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा ने तहस. ीलदार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। बार एसोसिएशन की बुधवार को अति आवश्यक कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के अनुसार, पिछले काफी समय से तहसीलदार के खिलाफ शिकायतें आ रही थीं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव ने कई बार तहसीलदार से मौखिक वार्ता की, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद अपर जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई, जिन्होंने तहसीलदार को समझाया, फिर भी व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। बैठक में तहस. ीलदार की कार्यप्रणाली पर आरोप लगाए कि तहसीलदार समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते और नायब नाजिर के कक्ष (प्रथम तल) पर अत्यधिक समय व्यतीत करते हैं। धारा 34/35 (उत्तर प्रदेश राजस्व सं‍ंहता 2006) के वादों के निस्तारण में घोर लापरवाही बरती जा रही है। आवासीय बयानामों (जिनमें गाटा संख्याएं उल्लिखित हैं) में नामांतरण आदेश पारित करने से इनकार किया जाता है। स्वार्थपूर्ति के आरोप, विवादित नामांतरण पत्रावलियों को पुनर्जीवित करने और आदेश पारित करने में स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। एकपक्षीय आदेश होने पर पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र लेने से साफ इनकार कर दिया जाता है। धारा 38, धारा 80 और अन्य रिपोर्टें जो उनके द्वारा प्रेषित की जानी हैं, वे अनुचित लाभ प्राप्त करने के बाद ही भेजी जाती हैं। यदि कोई अधिवक्ता किसी कार्य से मिलने जाता है, तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इस पर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह ने अपनी कार्यप्रणाली और व्यवहार में सुधार नहीं किया, तो बार एसोसिएशन आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस संबंध में एक प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश को भेजी गई है। साथ ही, जिलाधिकारी, मुरादाबाद को एक ज्ञापन भेजकर आग्रह किया गया है कि वे इन आरोपों की जांच कराएं और तहसीलदार के खिलाफ उचित कार्रवाई मांग की है।

ज्ञापन देने में बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा महासचिव सतीश कुमार वत्सल,योगेंद्र सिंह चौहान, शाहिद अली, शैलेंद्र सिंह चौहान, स्वतंत्र बाबू, सुनील कुमार शर्मा आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश सचिव समीर खान का सपा कैंप कार्यालय पर हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश सचिव समीर खान के नगर स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और जोरदार नारेबा. जी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश सचिव समीर खान ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की एकजुटता से बीजेपी घबराई हुई है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में यही एकता



निर्णायक भूमिका निभाएगी और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन करेगी । कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और अखिलेश यादव एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, मुजीब प्रधान, अदनान प्रधान, वसीम पाशा, देशराज प्रजापति, जिला सचिव कसीम आजाद, फैसल इरफान, चंद्रकेश यादव, अकबर अली, हरवीर चौधरी, विश्वजीत सिंह यादव,अमन अंसारी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संतुलित उर्वरक का संदेश, सही मात्रा और सही समय से बढ़ेगी पैदावार

**ठाकुरद्वारा।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मृदा स्वास्थ्य सुधार और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकास खंड ठाकुरद्वारा के ग्राम प्रतापपुर में "संतुलित उर्वरक उपयोग" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उर्वरकों के संतुलित प्रयोग व सही समय पर उपयोग की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने बताया कि यूरिया का अत्यधिक प्रयोग फसलों में कीटों को आकर्षित करता है, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे कीटों की समस्या कम होती है, पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण रहता है और मृदा का स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है। इस दौरान नींबू के पौधों में डाईबैक रोग का अवलोकन कर उसके निदान की जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने किसानों को वर्मीकम्पोस्ट और हरी खाद को प्राथमिकता देने की भी सलाह दी। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शिवशंकर वर्मा ने बताया कि उर्वरकों का संतुलित और समयबद्ध उपयोग फलदार वृक्षों में उत्पादन बढ़ाने में सहायक होता है, जबकि असंतुलित प्रयोग खेती की लागत को बढ़ा देता है।

उन्होंने कहा कि सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के साथ संतुलन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा मृदा, बागवानी और खेती से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, विनीत कुमार, देवेंद्र, सुमित चौहान सहित लगभग 25 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पराज यादव, संदीप कुमार और दिनेश कुमार का विशेष योगदान।

# फ्लैग मार्च कर पुलिस ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा, शांति बनाए रखने की अपील

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर छंगा में बुधवार को क्षेत्र की शांति व्यवस्था को लेकर डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सतर्क निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने या असामा. जिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह,यशवीर सिंह, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।




## सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड मुरादाबाद द्वारा मोहम्मद इमरान पुत्र श्री मोहम्मद उस्मान निवासी थाना नागफनी मुरादाबाद को एक ऋण संपत्ति पर दिया जा रहा है। संपत्ति स्तिथ खसरा संख्या खसरा नं. 846/4 मैनाठेर परगना और जिला मुरादाबाद बैनामा -1. श्रीमती शबाना बेगम पत्नी मोहम्मद अफजाल विक्रेता क्रेता नावेद आलम पुत्र श्री शाने आलम रजिस्ट्री नंबर 15895 दिनांक 20.09.2023 बही नं. 1 जिल्द नंबर 19000 पेज नंबर 43 से 56 है। हदुदअरबा पूर्व - रास्ता मुश्तर्का 6.12 मीटर चौड़ा पश्चिम - प्लाट फुरकान दक्षिण-रास्ता मुश्तर्का 4.87मीटर चौड़ा जिसमें से 1.22मीटर अर्ज आराजी बस्त रास्ता छोड़ी है उत्तर-खेत राशिद बैनामा -2. जुनैद आलम पुत्र श्री शाने आलम विक्रेता शबाना बेगम पत्नी मोहम्मद अफजाल क्रेता पूरब-रास्ता मुश्तर्का 5.48 मीटर पश्चिम-आराजी फुरकान उत्तर-खेत राशिद दक्षिण-रास्ता मुश्तर्का 4.87 बही नंबर -1 जिल्द नंबर - 13147 पेज नंबर - 31 से 46 क्रमांक - 20752 दिनांक - 09.12.2016 क्रेय पत्र 23.04.2026 में कहीं खो गया है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 30.04.2026 को ऑनलाइन माध्यम से थाना कटघर मुरादाबाद में करा दी गई है अगर किसी को ये विक्रेय पत्र मिले या किसी बैंक में ये विक्रेय पत्र रखे हो तो निम्नलिखित पते पर 7 दिन के भीतर सूचित करे या आपत्ति दर्ज करें। राजीव चौधरी एड. पता-चै0 नंबर C17 अधिवक्ता भवन के पीछे कचहरी परिसर, मुरादाबाद।



**न्यायालय श्रीमान ए०सी०जे० ( सी०डि० ) न्यू कोर्ट नं०-2, जनपद- मुरादाबाद।**

**सिविल वाद संख्या:** 855 सन 2021

**तारीख पेशी:** 07.05.2026

नवाब जान **बनाम** अहमद जान आदि

**बनाम**

1. अहमद जान पुत्र मौहम्मद जान निवासी मौहल्ला झादेवाला भोजपुर धर्मपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. मौहम्मद सुलेमान पुत्र मौ. सिद्दीकी निवासी याकूबपुर छपरा तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. मोईनुद्दीन पुत्र शफीक अहमद निवासी मौहल्ला जमीनदरान कस्बा भोजपुर धर्मपुर तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 05 के 07 दिवस को 10. 00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रुपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 04 के 29 दिवस को निकाली गई।

**अहलमद**

**ए०सी०जे० ( सी.डि. ) न्यू कोर्ट नम्बर-02 जनपद-मुरादाबाद।**



## सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड मुरादाबाद द्वारा मंसूर अख्तर पुत्र श्री मोहम्मद इब्राहिम निबासी जिगर कॉलोनी मुरादाबाद को एक ऋण संपत्ति पर दिया जा रहा है। संपत्ति स्तिथ मकान नंबर एफए-205 वेक जिगर विहार योजना ए-ब्लॉक जिला मुरादाबाद बैनामा 1-- MDA विक्रेता क्रेता श्रीमती रजनी गोयल पत्नी डॉ. एके गोयल जिसकी सीमाएँ: उत्तर- मकान संख्या एफए -208, पूर्व- मकान संख्या एफए -364, दक्षिण- मकान संख्या एफए 202, पश्चिम- 3 मीटर पथ बही संख्या 1, जिला संख्या 3938, पृष्ठ-1-22, दिनांक- 14.09. 2002 Allotment Letter & Possesion Letter 27/04/2026 में कहीं खो गया है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 29.04. 2026 को ऑनलाइन माध्यम से थाना सिविल लाइंस मे मुरादाबाद में करा दी गई है। अगर किसी को ये विक्रेय पत्र मिले या किसी बैंक में ये विक्रेय पत्र रखे हो तो निम्नलिखित पते पर 7 दिन के भीतर सूचित करे या आपत्ति दर्ज करें।

**राजीव चौधरी एड. पता-चेम्बर नंबर C17 अधिवक्ता भवन के पीछे कचहरी परिसर, मुरादाबाद।**



## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता, मुरादाबाद के द्वारा ई-टेंडर संख्या **MC-15-OMRS-RelocationMB26** के अंतर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **20.05.2026** को **11:00 बजे** है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं. | MC-15-OMRS-RelocationMB26 |
| कार्य का नाम | "Re-installation by relocation works of non-functional OMRS System from BTRA DN to TLH DN to working condition in Moradabad Division" with OEM or their authorised agent on single tender basis. | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 20.05.2026 11:00 बजे | | |
| एडवेरटाईज़ड वैल्यू | Rs. 3,25,67,454.84/- रुपये | ऑफर की वैधता | 60 दिन |

सं.: MC-15-OMRS-Relocation-MB-26 दिनांक: 29.04.2026 1448/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, एटीएम, रेल कोच रेस्टोरेंट, पूजा सामग्री काउंटर, कीओस्क, ब्रांडेड आउटलेट, फूड वैन, सैलून कीओस्क, मोबाइल स्टोर & कैंटीन के ठेकों को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक 13.05.2026 & 14.05.2026 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

1426/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या MC-15-HAHW-MB-26 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 20.05.2026 को 11:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं. | MC-15-HAHW-MB-26 | |
| कार्य का नाम | "Supply, Installation and Commissioning of 12 Nos. HAHW Systems at various locations over Moradabad Division with 05 years of CAMC and need base dismantle & re-installation of the HAHW Systems". | | | |
| निविदा टाइप | खुली | बिडिंग स्टाइल | एकल पैकेट सिस्टम | |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 20.05.2026 11:00 बजे | | | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | Rs. 5,06,69,200.00/- | ऑफर कर वैधता | 60 दिन | |

No: - MC-15-HAHW-MB-26 दिनांक - 29.04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1446/26



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 35-DRM-MB-26-27 Date 27.04.2026 | 36-DRM-MB-26-27 Date-28.04.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Drainage Improvement in Hapur yard under ADEN/HPU. | Improvement of water supply arrangement, drainage / sewerage system and consequent improvement to colonies quarters at Najibabad and Kotdwar under Sr.DEN/IV/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 21.05.2026 | 21.05.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,06,59,956.22 | 2,33,84,627.92 |
| धरोहर राशि | 4,13,200.00 | 4,67,700.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 07.05.2026 | 07.05.2026 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक – 29.04.2026 1440/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# MI ने SRH को 244 रन का टारगेट दिया

### रायन रिकेल्टन ने नाबाद 123 रन बनाए, प्रफुल्ल हिंगे को 2 विकेटदिल्ल

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में बुधवार को हैदराबाद को जीत के लिए 244 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन बनाए।

ओपनर रायन रिकेल्टन ने 55 गेंद पर नाबाद 123 रन की शतकीय पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। रिकेल्टन के अलावा, विल जैक्स ने 46 और कप्तान हार्दिक पंड्या ने 31 रन बनाए। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे ने 2 विकेट झटके। ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन और नीतीश कुमार रेड्घ्डी को एक-एक विकेट मिला। कप्तान पैट कमिंस को कोई विकेट नहीं मिला। हैदराबाद ने अनिकेत वर्मा



को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे साकिब हुसैन की जगह मैदान पर आए। आखिरी ओवर में तिलक वर्मा 7 रन बनाकर आउट हुए। प्रप्रफुल्ल हिंगे के इस ओवर में 14 रन आए। इन रनों के सहारे मुंबई ने 20 ओवर में 243 रन बनाए और हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। 19वें ओवर की पहली बाल पर कप्तान हार्दिक पंड्या 31 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें साकिब हुसैन ने हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। पैट कमिंस ने अपने कोटे के आखिरी ओवर में महज 6 रन दिए। 17वें ओवर में उनकी बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। सभी रन सिंगल के जरिए आए। 16वें ओवर में मुंबई ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हार्दिक पंडा ने प्रप्रफुल्ल हिंगे की 5वीं बाल पर चौका लगाकर टीम को 200 पार पहुंचाया। उन्होंने हिंगे के इस ओवर में 3 चौके और एक छक्के के सहारे 21 रन बनाए। रायन रिकेल्टन ने 15वें ओवर की आखिरी बाल पर सिंगल लेकर शतक पूरा किया। 14वें ओवर की चौथी बाल पर मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर को प्रफुल्ल हिंगे ने हर्ष दुबे के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। हिंगे ने इस ओवर में महज 4 रन दिए। 13वें ओवर में ईशान मलिंगा ने महज 7 रन खर्च किए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। सभी रन सिंगल के जरिए बने। एक रन वाइड से आया। 12वें ओवर में मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। हर्ष दुबे के इस ओवर की शुरुआती दो बाल पर रायन रिकेल्टन ने लगातार दो छक्के लगाए। फिर आखिरी बाल पर नमन धीर ने चौका लगाया। ईशान मलिंगा ने 9वें ओवर में सूर्यकुमार यादव को कैच आउट कराया। 11वें ओवर में साकिब हुसैन ने 13 रन खर्च कर दिए। उनकी बाल पर रायन रिकेल्टन और नमन धीर ने एक-एक चौके लगाए। 9वें ओवर की तीसरी बाल पर मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर सूर्यकुमार यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ईशान मलिंगा ने अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। पिछले ओवर में विल जैक्स पवेलियन लौटे थे।

## वैभव को बैटिंग करते देखना विशुद्ध सिनेमा जैसा है: चेतेश्वर

**मुल्लांपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स ने मुल्लांपुर में टाटा आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए छह विकेट से जीत दर्ज की। 'जियो स्टार' के एक्सपर्ट चेतेश्वर पुजारा और मिशेल मैकक्लेनेघन ने 'निडर युवा खिलाड़ी' वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के खेलने के तरीके के असर का विश्लोण किया।

पुजारा ने वैभव सूर्यवंशी के निडर अंदाज की जमकर तारीफ करते हुए कहा, वैभव सूर्यवंशी को बैटिंग करते देखना बिल्कुल सिनेमा जैसा है। जिस तरह वह हर गेंदबाज का सामना निडर होकर करते हैं, वह कमाल का है। वह बस गेंद को देखते हैं और उसे हिट करने के लिए खुद पर भरोसा रखते हैं। सबसे खास बात यह है कि जब विरोधी टीम को पता होता है कि वह हमला करने वाले हैं, तब भी उन्हें रोकना मुश्किल होता है। उनकी यह निरंतरता, और पावरप्ले में उनका निडर इरादा ही उनकी टीम को निर्णायक बढ़त दिलाता है और ऐसे मैचों का नतीजा तय करता है। मिशेल मैकक्लेनेघन ने रन चेज के दौरान यशस्वी जायसवाल की भूमिका पर रोशनी डाली और कहा, यशस्वी अपनी कम उम्र के हिसाब से बहुत ज्यादा समझदारी दिखा रहे हैं।

वह उस पार्टनरशिप में एक अनुभवी बल्लेबाज की तरह खेल रहे हैं, यह समझते हुए कि कब पीछे हटना है और वैभव सूर्यवंशी को अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने देना है। जो बात सबसे ज्यादा उभरकर सामने आती है, वह है उनका परिस्थितियों के हिसाब से ढलना।

### खेल विशेष

### न्यूजीलैंड ने टी-20 महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने पिछले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत वाली टीम में शामिल कुल 10 खिलाड़ियों को इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आगमी टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड ने बुधवार को स्टार ऑलराउंडर मेली केर को टीम का कप्तान बनाया। इसी के साथ मैजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम का घोषणा करने वाली दूसरी टीम बन गई। कीवी टीम में अनुभव और युवाओं का अच्छा मेल है, जिसमें अनुभवी सूजी बेट्स और डिवाइन अपने 10वें टी-20 विश्व कप में खेलेंगी, जबकि नई खिलाड़ी नेन्सी पटेल और बल्लेबाज इजी शार्प का आईसीसी टूर्नामेंट में अपने पहले अनुभव के लिए टीम में स्वागत किया गया है।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने एक स्वर्ण व तीन रजत जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने अपिया, समोआ में चल रही 2026 कॉमनवेल्थ यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के साथ-साथ यूनिवर्सल कप में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, और प्रतियोगिता के तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या में और इजाफा किया। कॉमनवेल्थ यूथ और जूनियर चैंपियनशिप में बेलाना हरिका ने 69 किंग्रा वर्ग में कुल 197 किंग्रा (स्नैच में 86 और क्लीन एंड जर्क में 111 किंग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण जीता जबकि करांगी तरंगि.नि ने 63 किंग्रा में कुल 179 किंग्रा (स्नैच में 79 और क्लीन एंड जर्क में 100 किंग्रा) वजन उठाकर रजत और भूमिका मोहिते ने 63 किंग्रा में कुल 195 किंग्रा (स्नैच में 86 और क्लीन एंड जर्क में 109 किंग्रा) वजन उठाकर रजत जीता। यूनिवर्सल कप में अभिोक निपाने ने 88 किंग्रा वर्ग में कुल 324 किंग्रा (स्नैच में 140 और क्लीन एंड जर्क में 184 किंग्रा) वजन उठाकर रजत जीता।

### जोडार ने सिनर के साथ मैड्रिड का ब्लॉकबस्टर मुकाबला तय किया

**मैड्रिड, वार्ता।** राफेल जोडार मंगलवार को मैड्रिड ओपन में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। अपने घरेलू मैदान पर उन्होंने विट कोप्रिवा को 7-5, 6-0 से हराकर दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर के साथ क्वार्टरफाइनल में अपनी पहली भिड़ंत तय की। 19 साल के यह स्पेनिश खिलाड़ी इस दशक में मास्टर्स 1000 इवेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाले सिर्फ छठे टीनेजर हैं, जबकि मैड्रिड टूर्नामेंट के इतिहास में इस चरण तक पहुं.चने वाले वह सिर्फ चौथे वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी हैं। जोडार ने कहा, मैं आज अपने खेल के स्तर और इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। घर पर खेलना, और उन बहुत से लोगों के सामने खेलना जिन्हें मैं जानता हूं और जो मेरा समर्थन करने आए हैं, यह बहुत खास है।

## सबालेंका को हरा हैली ने किया मैड्रिड ओपन में यादगार उलटफेर

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया की नंबर 30 टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हरा हैली बैटिस्ट ने किया मैड्रिड ओपन मेने महिला एकल टेनिस क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में टॉप सीड आर्यना सबालेंका को हराकर मैड्रिड ओपन 2026 का बड़ा उलटफेर किया।

मंगलवार को अमेरिका की उभरती हुई स्टार हैली बैटिस्ट ने दो घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेलारुस की आर्यना सबालेंका को तीन सेट, 2-6, 6-2, 7-6 (6) में हराकर अपने करियर की यागदार जीत दर्ज करते हुए मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बना ली। सबालेंका से पहला सेट बिना ज्यादा मुकाबले



के हारने के बाद - इस दौरान दो ब्रेक पॉइंट गंवाने के बाद - मैच चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन के पक्ष में सीधे नतीजे के लिए तैयार लग रहा था। लेकिन बैप्टिस्ट अभी इस गोलियाथ के सामने हारने के लिए तैयार नहीं थीं। उन्होंने जबरदस्त वापसी की, वर्ल्ड नंबर 1 से तीन ब्रेक पॉइंट लेकर दूसरे सेट में भी उतना ही दबदबा बनाया और मैच को बराबर कर दिया, जिससे तीसरे और निर्णायक सेट में मैच बराबर हो गया।

## प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर होगी आरसीबी की नजर

**अहमदाबाद, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 प्लेऑफ की दौड़ में अपनी पकड़ और मजबूत करने की कोशिश करेगी, जब गुरुवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीजन के 42वें मैच में उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। आरसीबी इस मुकाबले में जबरदस्त फॉर्म में उतर रही है,

उसने अपने आठ में से छह मैच जीते हैं और 1-919 के शानदार नेट रन रेट के साथ पॉइंट्स टेबल पर दूसरे स्थान पर है। वहीं, गुजरात टाइटन्स का प्रदर्शन इस सीजन में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें उसे चार जीत और चार हार मिली हैं, जिससे वह



पॉइंट्स टेबल में बीच में फंसी हुई है और उसका नेट रन रेट भी नेगेटिव है।

बेंगलुरु की टीम ने इसी सीजन में पहले गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराया था और इस बार भी वह अपनी बल्लेबाजी की ताकत और अनुशासित गेंदबा.जी के संतुलित तालमेल पर ही भरोसा करेगी। विराट कोहली 58-50 की औसत से 351 रन बनाकर आरसीबी की बल्लेबाजी की रीढ़ बने हुए हैं, जबकि देवदत्त पडिक्कल और रजत पाटीदार ने मध्यक्रम में आक्रामक अंदाज में उनका साथ दिया है। उनकी गें.दबाजी भी इस टूर्नामेंट में सबसे असरदार रही है, भुवनेश्वर कुमार अब तक 14 विकेट ले चुके हैं और जोश हेजलवुड लगातार मैच जिताने वाली गेंदबाजी कर रहे हैं। आरसीबी दिल्ली कैपिटल्स पर एकतरफा जीत हासिल करके इस मैच में उतर रही है, जिसमें उसने अपने विरोधी को सिर्फ 75 रन पर ऑल आउट कर दिया था और फिर 6-3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया था।

## सूर्यवंशी ने फिर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जब भी पंजाब किंग्स या राजस्थान रॉयल्स का मैच प्च्स् 2026 में होता है, ऑरेंज कैप तालिका में बड़े बदलाव देखने को मिलते हैं। मंगलवार रात न्यू चंडीगढ़ में जब दोनों टीमें आमने-सामने हुई, तब भी यही देखने को मिला। ऑरेंज कैप वैभव सूर्यवंशी इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में फिर से शीर्ा पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें पांच छक्के शामिल थे। इसके साथ ही वह इस सीजन 400 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। सीजन की शुरुआत 52, 31, 39 और 78 जैसी पारियों से करने के बाद सूर्यवंशी का प्रदर्शन थोड़ा धीमा पड़ा था,

लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए पिछली तीन पारियों में से दो में 46 और



103 का स्कोर बनाया है और अब ताजा पारी के बाद वह फिर से ऑरेंज कैप सूची में नंबर 1 पर हैं। उनके पीछे शीर्ष पांच में अभिोक शर्मा (380 रन), केएल राहुल (358), विराट कोहली (351) और हेनरिक क्लासेन (349 रन) मौजूद हैं। वहीं मंगलवार को 44 गेंदों में 59 रन की पारी खेलने वाले पंजाब के प्रभसिमरन सिह 346 रन के साथ छठे स्थान पर हैं। प्रभसिमरन के कप्तान श्रेयस अय्यर 27 गेंदों में 30 रन बनाकर सीजन में कुल 309 रन तक पहुंच गए हैं और अब दसवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप जोफ्रा आर्चर ने न्यू चंडीगढ़ में प्रियांश आर्य का विकेट लेकर अपनी कुल विकेटों की संख्या 14 तक पहुंचा दी है, जिससे वह अब आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कंबोज और एसआरएच के इशान मलिगा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ा पर पहुंच गए हैं। आर्चर की इकॉनमी रेट 8-27 है, जबकि भुवनेश्वर की 7-61, कंबोज की 8-56 और मलिगा की 9-44 है। इनके पीछे 13 विकेट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिंस यादव और गुजरात टाइटंस (जीटी) के कगिसो रबाडा मौजूद हैं।

## भारतीय पहलवानों ने एशियन बीच गेम्स में जीते चार पदक

**सान्या (चीन), वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन बीच गेम्स 2026 में बीच रेसलिग में दो स्वर्ण सहित चार पदक जीते। इसी के साथ भारत के पदकों की संख्या छह हो गई।

आज हुए मुकाबलों में प्रिया मलिक (महिलाओं की 70 किंग्रा) और पुपा यादव (महिलाओं की 60किंग्रा) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिद्धार्थ (पुरुषों की 70 किंग्रा) और जसप्रीत कौर (महिलाओं की 70 किंग्रा) ने क्रमशघ रजत और कांस्य जीते। महिलाओं के 60 किंग्रा फाइनल में, पुपा यादव ने चीन की एशियन चैंपियन जी मेंग्यू को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वियतनाम की थी माई हान गुयेन ने पोडियम पूरा किया। एशियन पदक विजेता प्रिया मलिक ने महिलाओं के 70 किंग्रा फाइनल में मंगोलिया की बोलोरटुंगलाग जोरिग्ट को 3-2 से हराकर रेसलिग में भारत के लिए दूसरा गोल्ड मेडल जीता। चीन की ली वेनजी ने कांस्य पदक जीता। जसप्रीत कौर पोडियम पर पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला पहलवान थीं। 70 किंग्रा के सेमीफाइनल में वियतनाम की थी लिन्ह डांग से हारने के बाद, जसप्रीत कौर ने कजाकिस्तान की बेइबिट सेदुअली के खिलाफ कांस्य का मुकाबला 2-0 से जीता। चीन की जिया लॉन्ग और थी लिन्ह डांग ने महिलाओं की 70 किंग्रा में एक के बाद एक स्वर्ण और रजत पदक जीते। भारत के पुरुष पहलवानों में, सिद्धार्थ अकेले ऐसे थे।

## भारतीय गोल्फ के दिग्गज विजय कुमार का निधन

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय पेशेवर गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व इंडियन ओपन चैंपियन विजय कुमार का मंगलवार को उनके गृह नगर लखनऊ में 57 वर्ा की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

2002 के इंडियन ओपन के विजेता और चार बार के 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' चैंपियन, विजय कुमार भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित नामों में से एक थे। 29 सितम्बर, 1968 को लखनऊ में जन्मे विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के तौर पर अपना करियर शुरू किया। उन्होंने 1990 के दशक के मध्य से लेकर अगले दशक की शुरुआत तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा, उनका शानदार करियर कई खिताबों से भरा रहा। 2002 के इंडियन ओपन में विजय की ऐतिहासिक जीत भारतीय गोल्फ के इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जाती है। वह उन चुनिदा नौ भारतीय गोल्फरों में से एक हैं जिन्होंने इंडियन ओपन का खिताब जीता है। विजय ने स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में आयोजित 1999 के अल्फ्रेड डनहिल कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। अपनी बेहतरीन खेल-कौशल, निरंतरता, प्रतिस्पर्धी भावना और अनुकरणीय आचरण के लिए व्यापक रूप से सराहे जाने वाले विजय ने गोल्फरों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और देश में इस खेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अपनी उपलब्धियों से परे, हमेशा मुस्कुराते रहने वाले विजय को उनके सकारात्मक दृटिकोण, हंसमुख स्वभाव, बेहतरीन हास्य-बोध और खेल भावना के लिए हमेशा याद किया जाएगा। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव ने विजय कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, विजय कुमार जी भारतीय गोल्फ के सच्चे दिग्गजों में से एक थे। उनकी उपलब्धियों, विनम्रता और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें गोल्फरों की कई पीढ़ियों के लिए एक आदर्श (रोल मॉडल) बना दिया। उनका निधन भारतीय गोल्फ के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है, और हम उनके परिवार तथा प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा कि विजय कुमार उन बेहतरीन पेशेवरों में से एक थे जिन्हें भारतीय गोल्फ ने देखा है।

## बिश्नोई को ड्रॉप करने से उनका आत्मविश्वास गिरेगा: अभिनव

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर अभिनव मुकुंद का मानना है कि अच्छी फॉर्म में चल रहे रवि बिश्नोई को ड्राप करने से उनका आत्मविश्वास प्रभावित होगा। एक टाइमआउट शो में अभिनव मुकुंद ने कहा कि मैं यश राज को खिलाने के फैसले से पूरी तरह सहमत नहीं हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि आईपीएल में लंबे समय तक सफल रहने वाली टीमों ने अपने गेंदबाजों या भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर बनाए रखा है।

और खासकर जब रवि बिश्नोई ने अच्छी गेंदबाजी की है। अगर आप उन्हें किसी दूसरे लेग स्पिनर के लिए बाहर करते हैं, तो इससे उनका आत्मविश्वास बुरी तरह प्रभावित होगा। पंजाब किंग्स के खिलाफ पुंजा आरआर के



सबसे सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने चार विकेटों में से दो विकेट लिए। बिश्नोई इस सीजन आरआर में लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ आईपीएल 2025 के खराब दौर के बाद आए थे, जहां उन्होंने 11 पारियों में नौ विकेट लिए थे और उनकी इकॉनमी रेट 10-83 रही थी। हालांकि, इससे पहले आईपीएल में उनके कई शानदार सीजन रहे थे- 2020 में अपने पहले सीजन से लेकर 2024 तक उन्होंने क्रमशघ 12, 12, 13, 16 और 10 विकेट लिए थे, जबकि उनकी इकॉनमी रेट 7.37, 6.34, 8.44, 7.74 और 8.77 रही। उनके 44 टी-20 आई मैचों में से 37 मुकाबले 2022 से 2024 के बीच आए हैं। और फिर उनका प्रदर्शन गिर गया। उल्लेखनीय है इस सीजन की शुरुआत में बिश्नोई ने कहा था, पिछला सीजन मुश्किल था। लेकिन मैंने अपनी प्रक्रिया पर टिके रहने की कोशिश की। मेरी एक कमजोरी थी, अगर मेरी लेंथ गलत होती थी तो मुझे चौके-छक्के पड़ते थे। मैं उसी को सुधारने की कोशिश कर रहा था। मैंने पूरा घरेलू सीजन खेला और अपनी लेंथ को बेहतर करने पर काम किया। सही लेंथ पर गेंद डालने से बल्लेबाजों के लिए मुश्किल हुई, आज भी जब मैंने अधिक फुल गेंद डाली तो मार पड़ी। मानसिक, तकनीकी और शारीरिक, मैंने तीनों पहलुओं पर काम किया।

# मुरादाबाद पहुंचे ओमप्रकाश राजभर

## गंगा एक्सप्रेस-वे को बताया विकसित भारत का आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कई मुद्दों पर बड़ा बयान देते हुए सियासी माहौल गरमा दिया। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का अहम हिस्सा बताया। राजभर ने कहा कि एनडीए गठबंधन का लक्ष्य वर्ष 2027 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है और इसी दिशा में लगातार बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात दी जा रही है।उन्होंने कहा कि यूपी के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यह परियोजना प्रदेश की कनेक्टिविटी और अर्थव्यवस्था को नई गति देगी।वहीं, पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान आईपीएस अजयपाल शर्मा को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर



पलटवार करते हुए राजभर ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है, लेकिन अखिलेश यादव बेवजह बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासनकाल में दंगे आम बात थे, जबकि वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। राजभर ने गाजीपुर की घटना का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव और उनकी पार्टी पर जातीय तनाव भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों को राजनीतिक रंग देकर समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है, जबकि पुलिस जांच में कई तथ्य सामने आ चुके हैं।इसके अलावा, उन्होंने कहा कि बड़े नेताओं के बीच व्यक्तिगत संबंध अच्छे होते हैं और दुख-सुख में एक-दूसरे से मिलना राजनीतिक मर्यादा का हिस्सा है। राजभर के इन बयानों से प्रदेश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है।

# गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा करना बना चुनौती

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शासन ने तहसील क्षेत्र में 28000 कुंतल गेहूं की खरीद का लक्ष्य दिया था लेकिन बुधवार तक मात्र 2000 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है तहसील क्षेत्र में स्थापित सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी चल रही है।

इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंडी निरीक्षक ने गेहूं खरीदने वाले दुकानदारों के यहां छापे मारे हैं और उनके वाहनों को खड़ा कर लिया है उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र के गेहूं को बाहरी जनपद में नहीं जाने दिया जाएगास तहसील को इस सीजन के लिए 28000 क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन खरीद शुरू होने के 28 दिन बीतने के बाद भी अब तक मात्र 2 हजार क्विंटल की ही खरीद हो सकी है। जो कि लक्ष्य से काफी दूर है प्रशासनिक आंकड़ों पर गौर करें तो तहसील प्रशासन और विपणन विभाग अब तक अपने लक्ष्य का केवल कुछ प्रतिशत हिस्सा ही हासिल कर पाया है। यदि खरीद की यही गति रही, तो विभाग के लिए आंकड़ा छूना बड़ी चुनौती साबित होगा। केंद्रों पर किसानों की कम आमद और तकनीकी अड़चनें इसकी मुख्य वजह मानी जा रही हैं। क्षेत्र के किसान संगठनों और स्थानीय किसानों ने खरीद की शुरुआती दौर में केंद्रों की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

इस बार सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति कुंतल तय किया है।



# महानगर में मौसम ने ली करवट, भीषण गर्मी से मिली राहत

**मुरादाबाद।** महानगर में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी है। पिछले एक सप्ताह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को सोमवार सुबह बदले मौसम ने राहत का एहसास कराया। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे, जिससे वातावरण में ठंडक महसूस होने लगी, तेज हवाएं चलने लगीं और कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। सड़कों पर निकलने वाले लोगों ने भी मौसम का आनंद लेते हुए सुकून महसूस किया।मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक-दो दिनों तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। बीच-बीच में हल्की बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती है। हालांकि, मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की भी सलाह दी है।

## बिलारी समाचार

### टीएसआई ने पब्लिक इंटर कॉलेज में जाकर किया छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा के बारे में जागरूक



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** टीएसआई जयप्रकाश सिंह आज दोपहर को पब्लिक इंटर कॉलेज पहुंचे और वहां के प्रधानाचार्य दानवीर सिंह से मुलाकात की उनके कहने पर अध्यापक और स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं एक जगह इकट्ठे हुए जिनको जयप्रकाश सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अपनाकर हम अपने जीवन की रक्षा कर सकते हैं एवं दूसरों की भी जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने बच्चों से दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर चलने की अपील की और कहा की कार चलाते वक्त सीट बेल्ट लगाना बहुत जरूरी है और इसके लिए वह भी अपने गांव और मोहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने यातायात नियमों की जानकारी वाले पंपलेट एवं हैंडबुक भी वितरित की और बच्चों से कहा कि यातायात नियमों का सभी पालन करें। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

### सुधांशु महाराज से मिले शहर के गणमान्य लोग मुरादाबाद में खुलेगा छात्रावास युक्त गुरुकुल



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल उर्फ जॉनी के नेतृत्व में परम पूज्य सुधांशु महाराज सेनांगलोई-नजफगढ़-बक्करवाला रोड स्थित आनंद धाम आश्रम में शिष्टाचार भेंट की गई।महाराज श्री से मुरादाबाद स्थित दिव्य लोक आश्रम, कांठ रोड में गुरुकुल की स्थापना को लेकर चर्चा हुई। इस गुरुकुल में बच्चों को अनुशासन और संयम के साथ सनातनी पद्धति से आधुनिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। गुरुकुल में मुरादाबाद के बच्चों के लिए आश्रम परिसर में ही छात्रावास की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी।सुधांशु महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में जब बच्चे मोबाइल और टीवी में व्यस्त होकर अपना बहुमूल्य बचपन व्यर्थ कर रहे हैं, तब उनके लिए प्राचीन काल की गुरुकुल परंपरा को पुनः प्रारंभ करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मुरादाबाद में दिव्य लोक आश्रम में गुरुकुल की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर सीए प्रवीण कुमार, अभिनव अग्रवाल, सीए राजीव अग्रवाल, रामकिशोर गंगवार, अंतरिक्ष अग्रवाल, गीता अग्रवाल, इंदु अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### दोबारा लड़की भगाने की शिकायत लेकर पहुंचे पिता के साथ मारपीट में दो नामजद

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दोबारा लड़की भगाने की शिकायत लेकर पहुंचे पिता के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के निकटतम गांव का है वहां के पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि 16 अप्रैल को गांव का उजैर उसकी लड़की को भगाकर ले गया था जिसके संबंध में उसने 17 अप्रैल को मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने उसकी पुत्री को सकुशल बरामद कर लिया लेकिन 28 अप्रैल को उजैर फिर उसकी पुत्री को भगा कर ले गया इसकी शिकायत लेकर बह उनके घर गया तो उजैर और राशिद ने उसके साथ मारपीट की वह घर आ गया तो दोनों उसके घर पहुंच गए और उसकी पत्नी अलीशा के साथ भी मारपीट कर चोट पहुंचाई लोगों के आने पर वह उन्हें धमकी देकर भाग गए पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने उजैर और राशिद के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### विल्सोनिया स्कॉलर्स होम में प्रतिभा सम्मान समारोह, मेधावियों का हुआ भव्य सम्मान

**मुरादाबाद।** शहर के विल्सोनिया स्कॉलर्सश होम में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, सर्टिफिकेट और स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम का



शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवांश सक्सेना और डॉ. आशीष संतराम ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए लगन और समर्पण जरूरी है।इस अवसर पर सीबीएसई टॉपर हानी अली तुर्क को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 8 की टॉपर्स रुमायजा वसीम और इकरा नईम को भी मेडल और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा, जिससे छात्रों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

### घरेलू सामान रखने को लेकर मारपीट महिला सहित तीन पर एफआईआर

कांठ (शाह टाइम्स) घरेलू सामान रखने को लेकर मारपीट हो गई जिसमें महिला सहित तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है थाना छजलैट के गांव फतेहपुर बिश्नोई निवासी माया पत्नी अशोक का आरोप था कि 23 अप्रैल की रात 7:00 बजे वह अपने घर पर अपने हिस्से की जगह में कुठिया व अन्य सामान रख रही थी तभी उसका जेठ मुनेश जेठानी ममता और अभिषेक आए और गाली गलौज करने लगे ममता ने लात घुसो से मारपीट करनी शुरू कर दी और कहा कि तू हमारी जगह में सामान क्यों रख रही है गालियों का विरोध किया तो उसने सिर पर लाठी से बार कर दिया जिससे महिला का सिर फट गया वह बेहोश हो गई आधे घंटे बाद होश आने पर फतेहपुर पुलिस चौकी पहुंची जहां उसके पति भी पहुंच गए उसने पुलिस को चोटे दिखाई और कार्रवाई की मांग की महिला ने पुलिस पर भी उसकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया। उसके बाद पीड़िता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची और उनसे कार्रवाई की गुहार लगाई एसएसपी के आदेश से पुलिस ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# विद्यामंदिर क्लासेस ने लॉन्च किया देश का पहला AI वीडियो डाउट सॉल्विंग प्लेट फॉर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कॉम्पिटीटिव एग्जाम्स की तैयारी में बड़ा बदलाव लाते हुए विद्यामंदिर क्लासेस (VMC) ने AI-पावर्ड वीडियो ट्यूटोरियल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। JEE] NEET और अन्य एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी के लिए यह प्लेटफॉर्म पेश करने वाला VMC देश का पहला नेशनल लेवल इंस्टीट्यूट बन गया है। यह सुविधा VMC के साथ-साथ अन्य छात्रों के लिए भी उपलब्ध है। यह प्लेटफॉर्म डाउट सॉल्विंग में लगने वाले समय को खत्म करने के लिए बनाया गया है। छात्र किसी भी सवाल को टाइप कर या फोटो अपलोड कर कुछ ही सेकंड में स्टेप-बाय-स्टेप वीडियो एक्सप्लनेशन पा सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म में अकाउंट बनाकर छात्र वीडियो सॉल्यूशंस सेव कर दोबारा देख सकते हैं, जिससे रिवीजन आसान होगा। VMC के को-फाउंडर और IIT दिल्ली के पूर्व छात्र मनमोहन गुप्ता ने कहा कि यह AI-पावर्ड प्लेटफॉर्म स्टूडेंट्स के सीखने के तरीके में बड़ा बदलाव लाता है। यह हर सवाल के लिए रियल-टाइम में पूरा वीडियो एक्सप्लनेशन तैयार करता है। कॉम्प्लेक्स कॉन्सेप्ट्स को आसान स्टेप्स में समझाता है, जिससे छात्र सिर्फ जवाब ही नहीं बल्कि सिद्धांत भी समझ पाते हैं। JEE और NEET जैसे एग्जाम्स में कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी और स्पीड जरूरी है, वहां यह प्लेटफॉर्म उपयोगी साबित होगा। फिजिक्स, केमिस्ट्री या मैथ्स का कोई भी कठिन कॉन्सेप्ट अब वीडियो फॉर्मेट में आसानी से समझा जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह इनोवेशन क्वालिटी एजुकेशन को सुलभ बनाएगा।

दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्र भी किसी भी समय हाई-क्वालिटी एक्सप्लनेशन प्राप्त कर सकेंगे। तय समय पर निर्भरता कम होने से छात्र अपनी गति से पढ़ाई कर सकेंगे।

# विश्नोई रत्न स्व. चौधरी भजन लाल विश्नोई के प्रति अमर्यादित टिप्पणी पर विश्नोई समाज मे उबाल, कहा माफी मांगे रेखा शर्मा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** विश्नोई समाज के अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक तहसील में की गई, जिसमें राज्यसभा सांसद (रेखा शर्मा) द्वारा विश्नोई रत्न, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक स्व. चौधरी भजन लाल बिश्नोई जी के प्रति की गई अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की घोर निंदा एवं कड़ा विरोध किया गया। बैठक में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से कहा कि बिश्नोई रतन से सम्मानित, चौधरी भजनलाल बिश्नोई का सार्वजनिक जीवन उत्कृष्ट आदर्शों, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा की मिसाल रहा है। ऐसे महान एवं सम्मानित व्यक्तित्व के विरुद्ध इस प्रकार की आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि यह संपूर्ण विश्नोई समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है। स्पष्ट रूप से कहा गया कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, किन्तु किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा मर्यादा की



सीमाओं को लांघना अत्यंत निंदनीय एवं अस्वीकार्य है। इस प्रकार की बयानबाजी से राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण में अनावश्यक कटुता उत्पन्न होती है। अतः विश्नोई समाज के अधिवक्ताओं द्वारा राज्यसभा सांसद (रेखा शर्मा) से यह मांग की जाती है कि वे तत्काल अपने वक्तव्य पर खेद व्यक्त करते हुए सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें। चेताया कि यदि शीघ्र ही संतोषजनक स्पष्टीकरण एवं क्षमायाचना प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो अधिवक्ता समाज द्वारा विधिक एवं लोकतांत्रिक स्तर पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को व्यापक स्तर पर उठाते हुए संबंधित प्राधिकारियों को अवगत कराया जाएगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अमर्यादित घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मीटिंग में बिश्नोई समाज के अधिवक्ताओं में चंद्रपाल सिंह एडवोकेट डॉक्टर विनीत नैन एडवोकेट दीपक बिश्नोई एडवोकेट संजीव कुमार एडवोकेट राजीव बिश्नोई एडवोकेट भूपेंद्र सिंह एडवोकेट दीप सिंह एडवोकेट वैभव बिश्नोई एडवोकेट सुधीर बिश्नोई एडवोकेट प्रदीप कुमार एडवोकेट कपिल बिश्नोई एडवोकेट शुभम बिश्नोई एडवोकेट सचिन बिश्नोई एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# थ्योरी और प्रैक्टिकल गैप को करें कमः प्रो. सीमा अवस्थी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज की ओर से एमएलटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने कहा, स्टुडेंट्स के लिए अपने सब्जेक्ट की बेसिक नॉलेज एंड इन्फॉर्मेशन होना जरूरी है। स्टुडेंट्स को थ्योरी और प्रैक्टिकल के गैप को कम करना होगा ताकि मॉडर्न हेल्थ केयर सिस्टम एवम् डायग्नोस्टिक में एक्सपर्ट बन सकें। हमें एक्सपर्ट से प्रेरित होते हुए सीखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, वर्कशॉप में हम प्रैक्टिकली समझते हैं, जबकि सीएमई में ऐसा नहीं होता है। प्रो. अवस्थी कॉलेज ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज की ओर से एमएलटी वीक के तहत हिस्टोस्पेक्ट्रम 2026: इन्नोवेशन इन ऐवरी टेस्ट, केयर इन ऐवरी रिजल्ट पर आयोजित वर्कशॉप में बतौर एक्सपर्ट बोल रहीं थीं। इससे पूर्व प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर एक्सपर्ट, कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड



साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, एमएलटी की एचओडी प्रो. रूचि कांत, डॉ. आशुतोष, डॉ. दीप्ति अरोरा, हिस्टोपैथोलॉजी लैब के इंचार्ज श्री यशपाल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर प्रो. सीमा अवस्थी ने हिस्टोपैथोलॉजी लैब में स्टुडेंट्स को टिश्यू का सही से फिक्शेसन करना, टिश्यू की ग्रो. सिंग, प्रोसेसिंग आदि के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा, कैंसर सरीखे रोगों की पहचान के लिए हिस्टोपैथोलॉजी अति कारगर है। वर्कशॉप के तकनीकी सत्रों में स्टुडेंट्स को अलग-अलग समूहों में बांटकर श्री यशपाल के निर्देशन में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी कराई गई। प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार ने उम्मीद जताई, यह वर्कशॉप स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वर्कशॉप में आरआईटी के एचओडी श्री अमित बिष्ट, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. शिवसरन सिंह, डॉ. पिनाकी अदक, डॉ. शिखा पालीवाल, डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. रेनू चौधरी, सुश्री विवेचना, सुश्री साक्षी बिष्ट, श्री शिवम अग्रवाल, सुश्री अदिति त्यागी आदि मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स- कैफ कुरैशी और शहजीन ने किया।

# सड़क पर अचानक पेड़ गिरने से महिला की मौत, बेटा घायल

**बिलारी।** किसी दानिश्वर ने कहा है आगाह अपनी मौत से कोई बशर नहीं, सामान सौ बरस का है पल की खबर नहीं। ऐसा ही हादसा हुआ बिलारी में मुरादाबाद आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को साढ़े ग्यारह बजे जब भूड़मरैसी निवासी सोमवती (65 वर्ष) पत्नी जसराम सिंह अपने बेटे राजीव के साथ दवा लेने के चंदौसी जा रही थीं। उन्हें क्या पता था अब वह जिंदा घर वापस घर नहीं लौट पाएगी। हुआ यह कि बुधवार की दोपहर 11:30 बजे हाईवे किनारे खड़ा एक पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया जिसके चपेट में आकर मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने बताया हाईवे पर गाँव आरीखेड़ा के पेट्रोल पंप के निकट अचानक एक पेड़ गिर गया जिसकी चपेट में आने से सोमवती गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि उनके बेटे राजीव को भी



चोटें लगीं। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल मां बेटे को सरकारी अस्पताल बिलारी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सोमवती को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके बेटे का राजीव का उपचार किया गया जिसकी हालत में सुधार है। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में को. हराम मच गया। परिजनों के साथ बहुत से ग्रामीण भी सरकारी अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्राचीन बालाजी मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र जिला अस्पताल परिसर स्थित पुरानी पानी की टंकी के पास बने प्राचीन बालाजी मंदिर में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक



आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।मंदिर के पुजारी महेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भंडारे में जिला अस्पताल के कर्मचारी, अधिकारी, चिकित्सक तथा आसपास के क्षेत्रों के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जारी रही। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उन्होंने आगे बताया कि प्राचीन बालाजी मंदिर में समय-समय पर विभिन्न धार्मिक अवसरों पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। उनका मानना है कि इस मंदिर में सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। इसी आस्था और श्रद्धा के चलते यहां नियमित रूप से ऐसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया और सभी ने अनुशासन के साथ व्यवस्था बनाए रखी। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया।

# नगर निगम की विशेष बोर्ड बैठक में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर निंदा प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** नगर निगम में आयोजित विशेष बोर्ड बैठक में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण बिल) के संशोधन विधेयक को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के दौरान इस विषय पर पार्षदों के बीच विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें विभिन्न पक्षों ने अपनी-अपनी राय रखी। विशेष बोर्ड बैठक की अध्यक्षता मेयर विनोद अग्रवाल ने की। बैठक में शहर के विकास से जुड़े अन्य मुद्दों के साथ-साथ महिला आरक्षण बिल को लेकर भी गंभीर मंथन किया गया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने संसद में महिला आरक्षण बिल के समर्थन को लेकर विपक्षी दलों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की नीतियों और रुख के कारण महिलाओं को अपेक्षित लाभ मिलने में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं।बैठक में मौजूद पार्षदों ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं,







लेकिन संशोधन विधेयक के कुछ प्रावधानों पर असहमति जताते हुए निंदा प्रस्ताव लाया गया। चर्चा के दौरान कई पार्षदों ने महिलाओं को राजनीति में अधिक अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया और पारदर्शी एवं प्रभावी व्यवस्था की मांग की।मेयर विनोद अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम सदैव जनहित के मुद्दों पर सजग रहता है और इसी क्रम में यह प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।बैठक के अंत में सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इस संबंध में उच्च स्तर पर अपनी बात पहुंचाई जाएगी, ताकि जनप्रतिनिधियों की चिंताओं पर विचार किया जा सके।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# अब 4 मई पर नजर

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान संपन्न हो गया। बुधवार को 142 सीटों पर मतदान हुआ। छह बजे तक आंकड़ों के अनुसार 91 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था और यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह और अधिक बढ़ सकता है। पहले चरण का मतदान जो 152 सीटों पर 23 अप्रैल को हुआ था, उसमें भी रिकॉर्ड 93 फीसदी मतदान हुआ था। मत प्रतिशत बढ़ने को लेकर राजनीतिक पंडित भी एक राय नहीं बना पा रहे हैं। कुछ का मानना है कि यह रूझान टीएमसी के पक्ष में जा सकता है, तो ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो कहते हैं कि यह भाजपा के पक्ष में जाएगा। जैसाकि होता है चुनाव संपन्न होने के बाद एग्जिट पोल का दौर शुरू हो जाता है। बताते चलें कि पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों केरलम, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, असम में चुनाव हुए हैं। लेकिन चर्चाओं में पश्चिम बंगाल का चुनाव ही अधिक रहा है। अगर हम यह कहें कि इसे भाजपा ने अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है तो गलत नहीं होगा। यह प्रतिष्ठा का ही सवाल है कि वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम कैबिनेट व भाजपा और उसके सहयोगी संगठन आरएसएस ने वहां महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन तमाम लव लश्कर को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि भाजपा पश्चिम बंगाल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ने जा रही है और भाजपा दावा भी कर रही है कि वह पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने जा रही है। छह एग्जिट पोल के नतीजे भी उसकी सोच को सही साबित भी करते हैं। छह में से केवल एक में ही टीएमसी जीतती दिखाई दे रही है। असम में भाजपा सरकार बनाने जा रही है। केरलम में जरूर बाजी कांग्रेस के हाथ जाती दिखाई दे रही हो, तमिलनाडु में पांच में से चार एग्जिट पोल में डीएमके की वापसी होती दिखाई दे रही है। जाहिर है चुनाव के बाद एग्जिट पोल में तमाम तरह की राय जाहिर की जाती है और अनुभव बताता है कि कई बार ये पोल गलत साबित होते रहे हैं। इसलिए असल पता तभी चलेगा जब 4 मई को चुनाव परिणाम सामने आएंगे, लेकिन असल बात इस समय यह है कि दूसरे चरण में जिस तरह का माहौल पश्चिम बंगाल में देखने को मिला, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है। भले ही चुनाव प्रतिशत बढ़ा हो, लेकिन जिस तरह वहां से कई स्थानों पर हिंसा की खबरें आई हैं, जिसमें एक बुजुर्ग तक की जान चली गई है। वह बताता है कि अभी लोगों में इतना धैर्य नहीं आया है कि वह शांतिपूर्वक तरीके से मतदान कर सके और यह तब हुआ जब प. बंगाल में सुरक्षाबलों की अभूतपूर्व उपस्थिति बताई गई है। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीएसएफ व सीआरपीएफ जैसे केंद्रीय बलों ने जमकर भय का माहौल बनाया और लोगों को पीटा व गिरफ्तार किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अपने जीवन में उन्होंने ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा। एसआईआर को लेकर पहले से ही चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदेह के घेरे में रही है।

## रोजगार, आस्था व संस्कृति का होगा संरक्षण




देश का सबसे बड़ा 594 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा, मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है, एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे, बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे, डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है, डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि जिस परियोजना का शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित किया जाएगा। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# स्कूल की चौखट पर खड़ा बाजार, भीतर सिमटती शिक्षा



**प्रो. आर.के. जैन**




निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों के अनुपालन का सवाल अब महज पाठ्ड सामग्री का विवाद नहीं रहा, बल्कि यह देश की शिक्षा व्यवस्था के चरित्र की परीक्षा बन चुका है। जब एक ओर कानून स्पष्ट दिशा देता हो और दूसरी ओर संस्थान स्वार्थवश उससे भटकें, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक विचलन का संकेत होता है। अप्रैल 2026 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा केंद्र, सीबीएसई और सभी राज्यों को जारी नोटिस ने इस विडंबना को उजागर किया है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा का अधिकार कानून केवल औपचारिक घोषणा बनकर रह गया है, या उसे लागू करने की प्रतिबद्धता ही क्षीण हो गई है। यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि शिक्षा में समानता का मूल सिद्धांत निरंतर दबाव और उपेक्षा के बीच संघर्ष कर रहा है।

शिक्षा का अधिकार कानून 2009 की धारा 29 ने स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया था कि प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8) में पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण एनसीईआरटी या संबंधित एससीईआरटी द्वारा किया जाएगा। इसी सोच के तहत एनसीईआरटी और एससीईआरटी को पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के निर्धारण का अधिकार सौंपा गया। इन संस्थाओं द्वारा तैयार पुस्तकें न केवल शैक्षणिक रूप से संतुलित और विश्वसनीय होती हैं, बल्कि आम परिवारों के लिए किफायती भी रहती हैं। इसके विपरीत, निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें इस मूल उद्देश्य को कमजोर करती हैं। जब एक ही कक्षा की पुस्तकों पर हजारों रुपये खर्च होने लगें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या शिक्षा अब अधिकार से ज्यादा एक लाभकारी व्यापार में बदलती जा रही है।

निजी विद्यालयों में महंगी पुस्तकों को अनिवार्य बनाना कोई आकस्मिक भूल नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित आर्थिक तंत्र की ओर संकेत करता है। कई स्थानों पर स्कूल और प्रकाशक मिलकर ऐसा गठजोड़ रचते हैं, जिसमें शिक्षा का उद्देश्य पीछे छूट जाता है और मुनाफा केंद्र में आ जाता है। अभिभावकों को ह्उच्च गुणवत्ताह्व और ह्अधिक उपयोगी सामग्रीह्व का हवाला देकर इन पुस्तकों को खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, जबकि इन दावों की ठोस पुष्टि प्राय: नहीं होती। इस पूरी प्रक्रिया में अभिभावकों की विवशता का व्यवस्थित दोहन होता है और वे विरोध करने में असहाय महसूस करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति शिक्षा के नैतिक आधार को कमजोर करती है और संस्थागत विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। सबसे चिंताजनक परिणाम एक तेजी से गहराते शिक्षा-विभाजन के रूप में सामने आता है। जहां सरकारी विद्यालयों के बच्चे सस्ती, मानकीकृत और समान पुस्तकों से पढ़ते हैं, वहीं निजी स्कूलों के छात्र महंगी और अलग सामग्री पर निर्भर होते हैं, जिससे उनके ज्ञान का आधार ही भिन्न बन जाता है। यही अंतर आगे चलकर अवसरों की खाई को और चौड़ा कर देता है। मध्यम और निम्न वर्गीय परिवार पहले से ही शिक्षा पर बढ़ते खर्चों का दबाव झेल रहे हैं, ऐसे में किताबों का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उनके लिए बेहद असहनीय हो जाता है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता को नहीं बढ़ाती, बल्कि समाज में गहराते असंतुलन और विभाजन को भी और मजबूत करती है। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पहल एक महत्वपूर्ण और समयोचित हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है, जिसने शिक्षा के अधिकार को मानवाधिकार के व्यापक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता को और स्पष्ट किया है। अनावश्यक तथा भारी-भरकम पुस्तकों का बढ़ता बोझ बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो राष्ट्रीय स्कूल बैग पॉलिसी 2020 की मूल भावना के विपरीत है। यदि राज्य सरकारें और संबंधित संस्थाएं अब भी इस मुद्दे पर उदासीन बनी रहती हैं, तो यह केवल प्रशासनिक अक्षमता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्वों की स्पष्ट उपेक्षा मानी जाएगी। इसलिए इस विषय को अब सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

अकादमिक स्वायत्तता का तर्क अक्सर इस व्यवस्था को सही ठहराने के लिए दिया जाता है, पर इसकी वैधता तभी तक है जब तक वह कानून की सीमाओं में रहे। जब विधि स्पष्ट रूप से तय करती है कि पाठ्डपुस्तकों का चयन किन संस्थाओं के अधिकार में होगा, तब उस सीमा का उल्लंघन स्वतंत्रता नहीं, बल्कि अनुशासनहीनता का संकेत है। एनसीईआरटी की पुस्तकें विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार होती हैं, जिससे उनकी विश्वसनीयता सिद्ध होती है। इसके विपरीत, निजी प्रकाशनों में आकर्षण अधिक, पर सामग्री की प्रमाणिकता पर सवाल बने रहते हैं। ऐसे में अकादमिक स्वतंत्रता के नाम पर व्यावसायिक हितों को बढ़ावा देना शिक्षा की मूल भावना के विरुद्ध है। अब समय महज चर्चा का नहीं, ठोस और निर्णायक हस्तक्षेप का है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर एक पारदर्शी, कड़ा और जवाबदेह निगरानी तंत्र विकसित करना होगा, जो कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर प्रभावी दिखे। निजी विद्यालयों की पुस्तक सूचियों का नियमित, निष्पक्ष और व्यापक ऑडिट सुनिश्चित किया जाए, तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई हो। जुर्माने से लेकर मान्यता रद्द करने तक के प्रावधानों को पूरी दृढ़ता के साथ लागू करना अनिवार्य है। साथ ही अभिभावकों को जागरूक और सशक्त बनाना होगा, ताकि वे अपने अधिक. ारों के प्रति सजग रहें और किसी भी अनावश्यक आर्थिक बोझ के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठा सकें।

आखिरकार यह प्रश्न केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य और उसकी सामाजिक दिशा से गहराई से जुड़ा है। शिक्षा वही मजबूत आधार है जिस पर एक संतुलित और न्यायपूर्ण समाज की इमारत खड़ी होती है, और यदि इसी आधार में असमानता की दरार पड़ जाए, तो समावेशी विकास का सपना अधूरा रह जाता है। समान पाठ्ड सामग्री सिर्फ शैक्षणिक जरूरत नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का एक अहम स्तंभ है। अब सरकार और समाजकृदों के सामने यह स्पष्ट विकल्प है कि शिक्षा को बराबरी का सेतु बनाया जाए या उसे विभाजन की खाई में बदलने दिया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग से क्या होगा

**वाहनों की बात करें तो उनके लिए इसका असर मिश्रित है। अप्रैल 2023 से बने वाहन E20 कंप्लायंट हैं, वे 20 प्रति. इथेनॉल मिश्रित ईंधन से अपने वाहन आसानी से चला सकते हैं। अप्रैल 2025 से बने वाहन पूर्ण म्20 अनुकूलित हैं, लेकिन 2023 से पहले के वाहनों में रबर पार्ट्स, गैस्केट्स और प्लास्टिक पर इथेनॉल का बुरा असर हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञ कहते हैं कि यह मामूली है और सर्विसिंग में ठीक हो जाता है। E20 से ऑक्टेन नंबर बढ़ता है (91 से 95 तक), इसलिए एक्सेलरेशन बेहतर हो सकता है।**



**रजनीश कपूर**

पिछले कुछ दिनों से केंद्र सरकार ने पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग को 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने और फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को बढ़ावा देने का संकेत दिए है। पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच यह कदम तेल आयात पर निर्भरता कम करने, विदेशी मुद्रा बचाने और स्वच्छ ईंधन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय की एक संयुक्त सचिव ने संकेत दिए कि सरकार जल्द ही E85 (85% इथेनॉल) से E100 (100% इथेनॉल) तक के वाहनों के टेस्टिंग नॉर्म्स अधिसूचित करने वाली है। ऑटोमेकर्स पहले से ही इसके प्रोटोटाइप तैयार कर चुके हैं। देखना यह होगा कि सरकार का यह फैसला आम आदमी की जेब, पर्यावरण और वाहनों पर क्या असर डालेगा? भारत ने 2025 में म्20 कार्यक्रम को पूरा कर लिया है। अप्रैल 2026 तक देशभर में म्20 पेट्रोल उपलब्ध है। अब सरकार E85 या इससे ऊंचे ब्लेंड की ओर आगे बढ़ रही है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन किसी भी अनुपात E20 से E100 तक में इथेनॉल चला सकते हैं। ब्राजील इसका सफल उदाहरण है। भारत में यह कदम ऊर्जा सुरक्षा के लिए जरूरी है। सरकार का दावा है कि EBP कार्यक्रम से अब तक 4.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल बचाया गया और 1.65 लाख करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा की बचत हुई। 2014 से अब तक 69.8 मिलियन टन $CO_2$ उत्सर्जन कम हुआ। लेकिन क्या यह आम आदमी के लिए फायदेमंद है? दावा है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग का सबसे बड़ा फायदा पर्यावरण को है। इथेनॉल नवीकरणीय स्रोत (गन्ना, मक्का, चावल) से बनता है। नीति आयोग के अनुसार, गन्ने से बने इथेनॉल से GHG उत्सर्जन 65% और मक्के से 50% कम होता है। टेलपाइप पर CO HC और पार्टिकुलेट मैटर PM कम निकलते हैं। E20 से $CO_2$ में 6-8 प्रतिशत कमी आती है, जबकि E85 या E100 पर यह और ज्यादा। अध्ययनों से पता चलता है कि इथेनॉल ब्लेंड से वाहन प्रदूषण 20-30: तक घट सकता है। वहीं इसके नुकसान भी हैं। गन्ना आधारित इथेनॉल पानी-गहन है। एक लीटर इथेनॉल बनाने में करीब 2860 लीटर पानी लगता है। भारत में गन्ना पहले से ही 70 प्रतिशत सिंचाई पानी का उपभोग करता है। ज्यादा इथेनॉल के लिए अगर गन्ना या खाद्यान्न (मक्का, चावल) का इस्तेमाल बढ़ा तो 'फूड बनाम फ्यूल' विवाद खड़ा हो सकता है। इसके साथ ही भूमि उपयोग भी बढ़ेगा, मिट्टी की उर्वरता घट सकती है और कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ेगा। दूसरी पीढ़ी (2G) इथेनॉल (कृषि अपशेष से) पर जोर देने की जरूरत है, जो पर्यावरण के लिए बेहतर है। कुल मिलाकर, अगर नीति सतर्क रही तो पर्यावरणीय फायदा साफ है, कम आयात, कम प्रदूषण, लेकिन पानी और भूमि प्रबंधन बिना तो नुकसान भी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि इथेनॉल पेट्रोल से सस्ता है, इसलिए ब्लेंडेड पेट्रोल का प्रति लीटर दाम कम रहता है। सरकार ने E20 के लिए कीमत कम रखने की सिफारिश की थी। लेकिन इथेनॉल की ऊर्जा घनत्व पेट्रोल से 30 प्रति. कम है, इसलिए इससे वाहन का माइलेज घटता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, पुराने म10 वाहनों में E20 से 6-7 प्रतिशत (4-व्हीलर) या 3-4% (2-व्हीलर) माइलेज गिरावट हो सकती है। मतलब, अगर आपकी कार 15 किलोमीटर प्रति लीटर की खपत करती है तो E20 पर 14.1-14.5 किलोमीटर हो जाएगी। गौरतलब है कि आप E85 या E100 चुन सकते हैं, अगर वह सस्ता हो। भारत में अभी इंफ्रास्ट्रक्चर (अलग पंप) और कीमत निर्धारण स्पष्ट नहीं है। लंबे समय में इंसेंटिव से बचत हो सकती है। पुराने वाहन वाले उपभोक्ता (2012-2023 तक बने) को माइलेज नुकसान और संभवत: मेंटेनेंस खर्च बढ़ सकता है। कुल मिलाकर, जेब पर तुरंत असर नकारात्मक हो सकता है, लेकिन अगर सरकार टैक्स छूट और सब्सिडी दे तो लंबे समय में यह फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं किसान समुदाय को इसका फायदा जरूर होगा, गन्ना और मक्का की खरीद बढ़ेगी, तो आय निश्चित ही बढ़ेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस साल तपती धरती का कारण और इसका समाधान



**निर्मल रानी**

उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा व प. बंगाल जैसे राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन राज्यों में कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री से लेकर 44 डिग्री तक पहुंच गया है। पिछले दिनों भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा हीटवेव अलर्ट भी जारी किया जा चुका है। मौसम विभाग ने अपनी चेतावनी में लू चलने और तापमान में 4 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना को लेकर लोगों को सचेत किया है। पिछले कुछ वर्षों से लगभग हर साल गर्मी के तापमान में इजाफा होता ही जा रहा है। जीवन के लिए एकमात्र ग्रह पृथ्वी गत दो दशकों से ग्लोबल वार्मिंग का निरन्तर प्रभाव झेल रही है। इसके अलावा भी वैज्ञानिकों द्वारा भारत में तेज गर्मी के और भी कई कई कारण बताए जा रहे हैं। इन कारणों में खासकर जलवायु परिवर्तन के अलावा हीट डोम और अल नीनो प्रभाव को रेखांकित किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उच्च दबाव प्रणाली गर्म हवा को जमीन के पास फंसाकर श्ढक्कनश की तरह काम करती है, जिससे तापमान तेजी से बढ़ता है। परिणाम स्वरूप compression heating से गर्मी और तीव्र हो जाती है। उधर पहले से हो रहा जलवायु परिवर्तन, सूखी मिट्टी और कम वनस्पति (वृक्ष कटान) इसे बढ़ावा देते हैं। इसी को हीट डोम प्रभाव कहा जाता है।

इसके अतिरिक्त ग्रीनहाउस गैसों से वैश्विक तापमान बढ़ रहा है। इसने हीटवेव की तीव्रता और इसकी अवधि दोनों को ही बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि 2026 में दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 92 शहर केवल भारत में हैं। इन गर्म क्षेत्रों में केवल दिन ही नहीं बल्कि यहां की रातें भी गर्म रहती हैं। इसे सीवियर वार्म नाइट कहते हैं। यह स्थिति जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। साथ ही इस हीट वेव पर अल नीनो का प्रभाव भी बताया जा रहा है।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि 2026 में सुपर अल नीनो की आशंका से रिकॉर्ड गर्मी पड़ना भी संभव है। अल नीनो का प्रभाव ही प्रशांत महासागर में गर्म पानी का दौर हवाओं को कमजोर कर भारत में गर्मी और कम मानसून लाता है। इसी के साथ गर्मी को बढ़ने में अनियंत्रित शहरीकरण की भी बड़ी भूमिका है। देश में चारों ओर खेत व जंगल वृक्ष निरन्तर कम होते जा रहे हैं। और शहरीकरण के नाम पर कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। लिहाजा श्अर्बन हीट आइलैंडश का प्रभाव और कंक्रीट-आधारित विकास इसके लिए खासकर जिम्मेदार हैं। यह कंक्रीट के जंगल दिन में गर्मी को सोखते हैं और रात में इसे छोड़ते हैं। उधर शहरों में होती जा रही पेड़-पौधों की कमी से वातावरण में नमी घटती जा रही है। यही वजह है कि दिल्ली व अहमदाबाद जैसे महानगरों में रातें पूर्व की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक गर्म होने लगी हैं। शहरों में कंक्रीट, डामर और सीमेंट की पक्की इमारतें सूर्य की गर्मी सोख लेती हैं तथा रात में धीरे-धीरे छोड़ती हैं, जिससे तापमान ग्रामीण क्षेत्रों से 5-10 डिग्री अधिक रहता है। पेड़-पौधों और हरियाली की कमी से वाष्पीकरण घटता है, जो प्राकृतिक शीतलन प्रदान करता। साथ ही वाहनों, एसी और उद्योगों से निकलने वाली गर्मी इसे और भी तीव्र बनाती है।



गोया भारतीय शहरों में बढ़ता शहरीकरण बढ़ते तापमान के लिए 60 प्रतिशत तक जिम्मेदार है। और यही तापमान वृद्धि प्रति दशक 0.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि करता है। शहरीकरण ने गर्मी में 90 प्रतिशत इजाफा किया है तथा रात्रिकालीन सतह तापमान लगभग 70-80 प्रतिशत तक बढ़ा है। मिसाल के तौर पर जमशेदपुर में शहरीकरण ने तापमान वृद्धि में 100 प्रतिशत योगदान दिया।

ऐसे में सबसे ज्वलंत प्रश्न यही है कि आखिर तापमान वृद्धि की जिम्मेदार हमारी वर्तमान पीढ़ी क्या अपनी आने वाली नस्लों को भी ऐसी ही या इससे भी अधिक तपती पृथ्वी देकर जाएगी या इससे बचने के कुछ उपाय करना चाहेगी? इसके लिए सबसे पहले भारतीय शहरों में हरित आवरण को विस्तार देने की सख्त जरूरत है। हालांकि इसके लिए अनेक सरकारी योजनाएं व स्थानीय उपाय प्रभावी हैं जोकि शहरी गर्मी कम करने में हमारी सहायता करते हैं। इसके लिए बाकायदा कार्य योजना बनाकर तथा वर्षाऋतु के आरंभ से ही सरकारी और नगर निकाय भूमि पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा सकते हैं।

कई राज्य इस दिशा में सक्रियता से काम भी कर रहे हैं। वृक्षारोपण को एक आंदोलन का रूप देने के लिए हर व्यक्ति अपने परिवार के शादी ब्याह,मैरिज एनिवर्सरी,बर्थडे, जन्म मृत्यु बरसी जैसे अवसरों पर वृक्षारोपण कर इन अवसरों को यादगार बनाने के साथ साथ जलवायु को बेहतर बनाने की दिशा में भी अपना कीमती योगदान दे सकता है। इसके अलावा हर व्यक्ति जहां जमीन कम हो वहां अपने घरों की छतों पर रूफ गार्डनिंग कर सकता है और वर्टिकल गार्डन भी लगा सकते हैं। अपने घरों के खुले क्षेत्र में अधिक से अधिक गमले लगाकर भी तापमान को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है तथा ताजी ऑक्सीजन प्राप्त की जा सकती है। गौरतलब है कि कोरोना काल में जब देशभर में अचानक कोरोना प्रभावित लोगों के लिए ऑक्सीजन की कमी पैदा हुई थी उस समय लोगों को हरियाली और वृक्षारोपण की खूब याद आई थी। कई बीमार लोग तो खेतों में पेड़ों के नीचे बैठकर स्वास्थ्य लाभ लेते देखे गए। इस आपदा ने ऑक्सीजन को लेकर लोगों में इतनी जागरूकता बढ़ाई कि उसी समय से गमलों व पौधों की नर्सरी का व्यवसाय कई गुना बढ़ गया।

बहरहाल भविष्य में तापमान वृद्धि से बचने व इसके दीर्घकालिक उपाय करने के साथ साथ तात्कालिक रूप से शरीर पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभाव से बचाव करना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले अपने शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाना और शरीर को हाइड्रेटेड रखना सबसे जरूरी है। इसके लिए बहुत सारा पानी पीना चाहिए और बार बार पीना चाहिए। इसके अलावा नारियल पानी, नींबू पानी, सत्तू व ओआरएस जैसे शीतल पेय भी शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मददगार होते हैं और डिहाइड्रेशन रो. कते हैं।

जीरा, धनिया या खस मिला ठंडा पानी भी इसके लिए बहुत फायदेमंद है। इसके साथ ही अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से भी बचना चाहिए। इसके साथ ही घरों में पर्दे,सनशेड आदि लगाकर धुप को रोका जा सकता है। रात के समय खिड़कियां खुली रखने, पंखा चलने व आवश्यकता हो तो गीले कपड़े पहनने या ठन्डे पानी से नहाने व पैरों को ठन्डे पानी में भिगोकर रखने से भी प्रचंड गर्मी से राहत पाई जा सकती है। इस मौसम में आहार में भी सावधानियां बरतने की जरुरत है। हल्का व पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। जंक फूड को तो पूरी तरह नजरअंदाज करना चाहिए। इसप्रकार से धरती के इस बढ़ते तापमान का हम किसी हद तक मुकाबला कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के दौरान नादिया स्थित एक मतदान केंद्र पर बुजुर्ग महिला के साथ एक व्यक्ति।

## भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग और बढ़ाने का इच्छुक रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने का इच्छुक है और मिल कर काम करने तथा और लाइसेंस प्राप्त हथियार निर्माण के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने भारतीय सूचना पोर्टल 'फर्स्टपोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में कहा रूस, भारत के साथ सैन्य-तकनीकी सहयोग बढ़ाना जारी रखने का इरादा रखता है। भारतीय सशस्त्र बलों की सभी शाखाओं के लिए विस्तृत श्रृंखला में सैन्य उत्पादों की आपूर्ति परस्पर सहमत समय सीमा पर की जा रही है। इसके अलावा वह संयुक्त रूप से लाइसेंस प्राप्त हथियारों के निर्माण के लिए भी तैयार है। राजनयिक ने कहा कि रूस न केवल तैयार सैन्य उत्पादों का निर्यात करने के लिए तैयार है, बल्कि संयुक्त विकास, आधुनिक हथियारों के लाइसेंस युक्त निर्माण और विभिन्न प्रकार के उपकरणों के आधुनिकीकरण एवं अन्य परियोजनाओं को लागू करने के लिए भी तैयार है।

# अमेरिका ने समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाया: ईरान

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समुद्री डकैती को अंजाम देने जैसे गंभीर आरोप लगाए



■ ईरान की अनुमति के बाद जापानी सुपरटैंकर ने पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र

■ अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है

**न्यूयॉर्क/तेहरान।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका की कड़ी आलोचना करते हुए अमेरिका पर समुद्री डकैती को अंजाम देने और खास समुद्री क्षेत्र को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के अपने कदमों का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिकी नीतियां अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रही हैं।

जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में इरावनी ने अमेरिकी नौसैनिक नीति के खिलाफ ईरान के कड़े रुख को स्पष्ट किया। उन्होंने हालिया अमेरिकी कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता पर सीधा हमला बताते हुए घोषणा की कि अमेरिका समुद्री डकैतों और आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। ईरानी राजदूत ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ एक गैरकानूनी समुद्री नाकाबंदी लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरानी वाणिज्यिक जहाजों को जब्त किया और चालक दल के सदस्यों को हिरासत में लिया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'समुद्री डकैती' है। इरावनी ने तर्क दिया कि अमेरिकी कार्रवाइयां न केवल संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करती हैं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 3314 के तहत 'आक्रामकता' की श्रेणी में आती हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्यों को भी उनके 'पाखंड' के लिए आड़े हाथों लिया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नौवहन के लिए चिंता जताने वालों में से किसी में भी इस बैठक में अमेरिकी कृत्य की निंदा करने का साहस नहीं है। राजदूत ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल शिपिंग मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के अपने आचरण का बचाव किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान के उपाय प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत उसके अधिकारों और दायित्वों पर आधारित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान समुद्री कानून पर 1982 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, इसलिए वह इसके संधि प्रावधानों से पूरी तरह बाध्य नहीं है। इरावनी ने कहा कि ईरान ने फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में हमेशा समुद्री सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि ईरान द्वारा उठाए गए कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और सुरक्षित मार्ग की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं। ईरानी राजदूत ने पश्चिमी देशों की भी तीखी आलोचना की और उन पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समुद्री स्वतंत्रता के प्रति उनकी चिंता वास्तविक नहीं है। राजदूत ने स्पष्ट किया कि समुद्री परिवहन में किसी भी व्यवधान की पूरी जिम्मेदारी हमलावर देश अमेरिका और उसके समर्थकों की है। वहीं ईरानी अधिकारियों से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद जापानी स्वामित्व वाले एक सुपरटैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार किया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद इस रणनीतिक समुद्री मार्ग से जापान से जुड़ा यह पहला प्रमुख तेल पारगमन माना जा रहा है।

# ईरान में हार से बचने को रास्ता तलाश रहा अमेरिका

## वॉशिंगटन स्थित 'यूरेशिया सेंटर' के पूर्व उपाध्यक्ष अमेरिकी विशेषज्ञ अर्ल रासमुसेन ने किया दावा



■ रासमुसेन ने तनाव और बढ़ने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ने की भी चेतावनी भी दी

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन स्थित 'यूरेशिया सेंटर' के पूर्व उपाध्यक्ष अर्ल रासमुसेन ने दावा किया है कि अमेरिका ईरान में हार से बचने का रास्ता खोजने की कोशिश कर रहा है। रासमुसेन ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को बताया कि अमेरिका हार से बचने के लिए किसी भी तरह का रास्ता तलाश रहा है, लेकिन संभवत: उसे इसे स्वीकार करना ही होगा, अन्यथा भविष्य अज्ञात है। विशेषज्ञ ने उन अपेक्षाओं को 'अवास्तविक' बताया कि तेहरान इस संघर्ष में आत्मसमर्पण कर देगा। रासमुसेन ने यह चेतावनी भी दी कि तनाव और बढ़ने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। रासमुसेन ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जानते हैं कि तनाव में और वृद्धि संभवत: दुनिया को वैश्विक मंदी या महामंदी की ओर धकेल देगी। उनके अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान के लिए कांग्रेस से समय विस्तार की मांग कर सकते हैं, क्योंकि वह अनधिकृत युद्धों के लिए निर्धारित 60 दिनों की कानूनी सीमा के करीब पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प एक ऐसी स्थिति में हैं जहां जीतना कठिन है, फिर भी वे निकलने का रास्ता खोजने का प्रयास कर रहे हैं। वे संभवत: अतिरिक्त समय विस्तार की मांग करेंगे। एक मई को ट्रम्प द्वारा कांग्रेस को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान की सूचना दिए जाने के 60 दिन पूरे हो जाएंगे। 'युद्ध शक्तियों के संकल्प' के तहत, राष्ट्रपति को 60 दिनों के बाद अभियान जारी रखने या सेना वापस बुलाने के लिए कांग्रेस की मंजूरी प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, जिसके लिए वे अतिरिक्त 30 दिनों के लिए लिखित रूप में प्रमाणित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प सेना वापस बुलाते हैं, तो यह राजनीतिक रूप से अच्छा नहीं लगेगा। वे अपनी धमकियों पर अडिग रहकर आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन इसकी सबसे संभावित परिणति और भी खराब होगी। विशेषज्ञ ने ट्रम्प से यह स्वीकार करने का आह्वान किया कि ईरान पर हमला करना एक अत्यंत गलत निर्णय था और उन्हें इस संघर्ष को रोक देना चाहिए। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि इजरायल और अमेरिका के राजनीतिक अभिजात वर्ग का कुछ हिस्सा और अधिक तनाव बढ़ाने के लिए दबाव डाल सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी क्षति हुई और हजारों नागरिक हताहत हुए। सात अप्रैल को वाशिंगटन और तेहरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में उसके बाद हुई वार्ता बेनतीजा रही। अमेरिका 13 अप्रैल से 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले समुद्री यातायात की घेराबंदी भी कर रहा है।

### अमेरिकी शेयर बाजार लुढ़ककर अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंचा

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण तेल की कीमतों में आए एक और उछाल ने मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट को हालिया रिकॉर्ड स्तर से नीचे धकेल दिया।

ऊर्जा बाजारों में बढ़ते दबाव का सामना कर रहे निवेशकों के कारण बाजार में यह गिरावट देखी गई है। शेयर बाज़ार सूचकांक 'एस एंड पी 500' अपने नवीनतम सर्वकालिक उच्च स्तर से 0.5 प्रतिशत गिर गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज सूचकांक 25 अंक यानी 0.1 प्रतिशत लुढ़का, जबकि नैस्डैक कंपोजिट सूचकांक अपने रिकॉर्ड स्तर से 0.9 प्रतिशत नीचे आ गया। बाजार में यह हलचल तेल की कीमतों में जारी निरंतर वृद्धि के कारण हुई है। जून अनुबंध के लिए ब्रेंट क्रूड तेल 2.8 प्रतिशत बढ़कर 111.26 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि अधिक सक्रिय रूप से कारोबार वाले जुलाई अनुबंध में 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 104.40 डॉलर पर पहुंच गया। फरवरी के अंत से कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है, जब ब्रेंट 70 डॉलर के करीब कारोबार कर रहा था। अब यह 119 डॉलर के उस स्तर की ओर बढ़ रहा है जो संघर्ष की शुरुआत में देखा गया था। इसका असर वाशिंगटन के सभी पेट्रोल पंपों पर महसूस किया जा रहा है।

### ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने के पक्षधर नहीं हैं सम्राट चार्ल्स-3: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स-3 भी इस बात से सहमत हैं कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प ने पश्चिम एशिया नीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा और इस मुद्दे पर सम्राट चार्ल्स भी उनकी सोच से सहमत हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ब्रिटेन की संवैधानिक परंपराओं के संदर्भ में असहज मानी जा रही है, क्योंकि ब्रिटिश सम्राट परंपरागत रूप से राजनीतिक रूप से तटस्थ रहते हैं और सरकारी नीति या अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों पर सार्वजनिक रूप से पक्ष नहीं लेते। ब्रिटेन में संवैधानिक व्यवस्था के तहत सम्राट किसी भी दलगत या प्रत्यक्ष राजनीतिक रुख से दूरी बनाए रखते हैं। ऐसे में ट्रम्प का यह दावा राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि ईरान से जुड़ा युद्ध ब्रिटेन का युद्ध नहीं है और वह इस संघर्ष में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने यह भी दोहराया है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए, जो लंबे समय से ब्रिटिश सरकारों की नीति रही है।

## भारत-केन्या ने की अपनी मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा



■ अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहा केन्या

**नई दिल्ली।** अफ्रीका क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार के रूप में उभर रहे केन्या के साथ नैरोबी में हुई एक बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग की समीक्षा की है। दोनों देशों ने इसे और विस्तृत एवं मजबूत बनाने के अलावा अपनी मुद्राओं में व्यापार करने की संभावनाओं पर भी पर चर्चा की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत-केन्या संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की 27-28 अप्रैल को नैरोबी में हुई दसवीं बैठक में दोनों पक्षों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार निपटान को बढ़ावा देने की संभावना को स्वीकार किया है। यह उल्लेख किया गया कि केन्याई बैंकों ने भारतीय बैंकों के साथ विशेष रुपये पर आधारित वोस्त्रो खाते (एसआरवीए) खोले हैं, और इस व्यवस्था का अधिक उपयोग द्विपक्षीय लेनदेन को सुगम बना सकता है। बैठक में स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) तंत्र अपनाने की संभावना पर भी चर्चा की गई। केन्या के लिए भारत एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है और दोनों के बीच व्यापार बढ़कर 4.31 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। बैठक में दोनों देशों ने व्यापार और निवेश संबंध मजबूत करने पर बातचीत की। इस सत्र की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल और केन्या गणराज्य के व्यापार विभाग की प्रधान सचिव रेजिना अकोटा ओम्बम ने की। विज्ञप्ति के अनुसार दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में लगातार वृद्धि का उल्लेख किया, जिसमें भारत केन्या के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभरा है। भारत और केन्या के बीच कुल व्यापार 2025-26 में 4.31 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें 2024-25 के 3.45 अरब अमेरिकी डॉलर से 24.91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## ट्रम्प ने फ्रेडरिक मर्ज की तीखी आलोचना की

**वाशिंगटन।** ईरान के मुद्दे पर अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच गहराते मतभेद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मर्ज़ को लगता है कि ईरान का परमाणु हथियार संपन्न होना ठीक है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि जर्मनी आर्थिक और अन्य मोर्चों पर इतना खराब प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि जर्मन चांसलर को नहीं पता कि वह क्या कह रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होता, तो पूरी दुनिया को बंधक बना लिया जाता। उन्होंने कहा कि वह अभी ईरान के संबंध में वह कदम उठा रहे हैं, जो अन्य देशों या राष्ट्रपतियों को बहुत पहले कर लेने चाहिए थे।

# ट्रम्प की तस्वीर वाले पासपोर्ट जारी करेगा अमेरिका

## आजादी की 250वीं वर्षगांठ पर लिमिटेड एडिशन मिलेगा, ट्रम्प का गोल्डन सिग्नेचर भी दिखेगा



■ ऑनलाइन आवेदन करने वालों और अन्य केंद्रों पर मौजूदा डिजाइन जारी रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका अपनी आजादी की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले खास पासपोर्ट जारी करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को बताया कि यह लिमिटेड एडिशन नए डिजाइन वाले अमेरिकी पासपोर्ट इस गर्मियों से जारी किए जाएंगे। साथ ही इसमें राष्ट्रपति ट्रम्प का गोल्डन सिग्नेचर भी होगा।

अधिकारी के मुताबिक, वाशिंगटन पासपोर्ट एजेंसी से इन पासपोर्ट्स की शुरुआत होगी। वहां व्यक्तिगत रूप से पासपोर्ट रिन्यू कराने वालों को यही डिफाल्ट पासपोर्ट मिलेगा। हालांकि, ऑनलाइन आवेदन करने वालों और अन्य केंद्रों पर मौजूदा डिजाइन जारी रहेगा। स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि, अमेरिका ये पासपोर्ट कस्टमाइज्ड आर्टवर्क और बेहतर इमेजरी के साथ आएंगे, लेकिन इनकी सुरक्षा वही रहेगी, जो अमेरिकी पासपोर्ट को दुनिया के सबसे सुरक्षित दस्तावेजों में से एक बनाती है। यह पासपोर्ट सीमित संख्या में जारी किए जाएंगे, लेकिन कितने जारी होंगे, यह अभी साफ नहीं है। पासपोर्ट के पीछे के कवर पर जान ट्रंबुल की पेंटिंग 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' की तस्वीर होगी। यह मशहूर पेंटिंग 1776 के उस पल को देखाती है जब अमेरिकी नेताओं ने पहली बार स्वतंत्रता का दस्तावेज कांग्रेस (अमेरीकी संसद) में पेश किया था। यह पेंटिंग अमेरिकी इतिहास का प्रतीक मानी जाती है और वाशिंगटन डीसी के कैपिटल बिल्डिंग में भी लगी है। अभी जो अमेरिकी पासपोर्ट जारी होते हैं, उनके अंदर के फ्रंट कवर पर पर्सी मोरन की पेंटिंग होती है, जिसमें फ्रांसिस स्काट की फोर्ट मैकहेनरी पर हमले के बाद की सुबह दिखाई गई है। इसी घटना से अमेरिकी राष्ट्रगान लिखे जाने की प्रेरणा मिली थी और उसकी कुछ पंक्तियां भी अंदर छपी होती हैं। 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' पेंटिग। इसमें थामस जेफरसन समेत पांच लोगों की कमेटी को दिखाया गया है, जो स्वतंत्रता घोषणा का ड्राफ्ट लेकर आए थे। 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस' पेंटिग। इसमें थामस जेफरसन समेत पांच लोगों की कमेटी को दिखाया गया है, जो स्वतंत्रता घोषणा का ड्राफ्ट लेकर आए थे ट्रम्प की तस्वीर का इस्तेमाल अन्य स्मारक चीजों में भी किया जा रहा है।

## जापान में 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी धुरंधर

■ जापान में रिलीज से पहले, फिल्म ने दुनिया भर के कई बड़े मार्केट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है

मुंबई। अपने शानदार और रिकॉर्ड तोड़ ग्लोबल बॉक्स ऑफिस सफर के बाद, जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज की फिल्म 'धुरंधर (पार्ट वन)', 10 जुलाई 2026 को जापान में थिएटर रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म के इंटरनेशनल सफर का एक और बड़ा पड़ाव माना जा रहा है।

जापान में रिलीज से पहले, फिल्म ने दुनिया भर के कई बड़े मार्केट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और भारतीय सिनेमा के लिए नए रास्ते खोले हैं। 05 दिसम्बर 2005 को ग्लोबली रिलीज हुई इस स्पाई एक्शन एंटरटेनर ने दुनियाभर में 1328 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया था। धुरंधर (पार्ट 1) ने इंटरनेशनल मार्केट में भी बड़ा मुकाम हासिल किया। यह नॉर्थ अमेरिका में अब तक की नंबर 1 हिंदी फिल्म बनी, वहीं कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म रही, और यूके में भी टॉप परफॉर्म करने वाली भारतीय फिल्मों में शामिल हुई। अपने बड़े पैमाने, दमदार कहानी और अलग जॉनर अपील के साथ, 'धुरंधर' जापान के दर्शकों से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन, इमोशन और गहराई से बुनी कहानी देखने को मिलती है, जो इसे एक इमर्सिव और सभी के लिए एंगेजिंग सिनेमाई अनुभव बनाती है। हाल के समय की सबसे चर्चित हिंदी फिल्मों में से एक 'धुरंधर' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है और इसने कई बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। फिल्म में रणवीर सिह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर-माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे कलाकार नजर आते हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखी, निर्देशित और प्रोड्यूस की गई है।






# पाक में गुब्बारों में एलपीजी भरकर खाना बना रहे लोग

## किल्लत की वजह से लोग ऐसा करने पर मजबूर, जानकर बोले: ये प्रयोग चलते-फिरते बम जैसा



■ ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपये में मिल रहे हैं

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर में गैस की भारी कमी के कारण लोग अब प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरकर खाना बनाने को मजबूर हो गए हैं। लंबे समय से एलपीजी किल्लत की वजह से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

यह खतरनाक तरीका खास तौर पर कराची के ओरंगी टाउन इलाके में देखा गया है, जिसमें मोमिनाबाद भी शामिल है। वहां के लोगों का कहना है कि अनियमित गैस सप्लाई के कारण उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक लोग खास तरह के प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरते हैं। जब थोड़ी देर के लिए गैस सप्लाई आती है, तब इन गुब्बारों को भर लिया जाता है और बाद में दिनभर इन्हीं का इस्तेमाल करके खाना बनाया जाता है। ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपए में मिल रहे हैं। एक्सपर्ट्स ने इस तरीके को बेहद खतरनाक बताया है। सेफ्टी एनालिस्ट्स का कहना है कि प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरना 'मोबाइल बम' जैसा है, क्योंकि हल्की सा घर्षण, गर्मी या चिंगारी भी बड़ा विस्फोट करा सकती है। घरों के अंदर ऐसे गैस से भरे गुब्बारे रखना आग लगने के खतरे को बढ़ाता है।

खासकर घनी आबादी वाले इलाकों में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सप्लाई पर दबाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के कारण ऊर्जा सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट जैसे अहम रास्तों पर भी असर पड़ा है। कराची में कई सालों से गैस की कमी, कम दबाव और लंबी कटौती की समस्या चलती रही है। सर्दियों में तो हालत और खराब हो जाती है, क्योंकि उस समय मांग बढ़ जाती है और सप्लाई उतनी नहीं होती। इसी वजह से पहले भी लोग अलग-अलग जुगाड़ करते रहे हैं।